


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 हरियाणा में गुटबाजी से परेशान कांग्रेस, वरिष्ठ नेता बोले- ऐसे तो ...

टोक्यो में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री से मिले एस... 12



वर्ष : 12 | अंक : 109 | पटना, मंगलवार, 30 जुलाई, 2024 | विक्रम संवत 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## पीठ ने कहा, हम इस स्तर पर रोक लगाने के लिए इच्छुक नहीं हैं

# बिहार आरक्षण मामला : सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से किया इनकार

## 65 फीसदी आरक्षण निरस्त करने का हाई कोर्ट का आदेश बरकरार

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने बिहार के शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक नौकरियों में पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण की सीमा 50 से बढ़ाकर 65 फीसदी करने के राज्य के एक कानून को रद्द करने वाले पटना उच्च न्यायालय के 20 जून के फैसले पर सोमवार को रोक लगाने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि वह राज्य सरकार की विशेष अनुमति याचिका पर विचार करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान की इस दलील पर कि नए कानून के अनुसार बहुत सारे साक्षात्कार चल रहे हैं, पीठ ने कहा, हम इस स्तर पर रोक लगाने के लिए इच्छुक नहीं हैं। हम मामले को सितंबर में अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेंगे। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय ने फैसले पर रोक लगाने के आवेदन पर नोटिस जारी करने से भी इनकार कर दिया।





अपनी याचिका में बिहार सरकार ने उच्च न्यायालय के इस मत की वैधता पर सवाल उठाया है, जिसमें उसने आरक्षण वृद्धि ने रोजगार और शिक्षा के मामलों में नागरिकों के लिए समान अवसर के अधिकार का उल्लंघन माना है। सरकार ने कहा कि उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार द्वारा किए गए जाति सर्वेक्षण के बाद पारित बिहार में नौकरियों और सेवाओं में रिक्तियों का आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए) संशोधन अधिनियम 2023 को गलत तरीके से रद्द कर दिया। विशेष अनुमति याचिका में कहा गया है, बिहार एकमात्र राज्य है, जिसने राज्य की पूरी आबादी की सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक स्थितियों पर अपनी जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रकाशित की। राज्य ने इस न्यायालय के बाध्यकारी निर्णयों का अनुपालन किया और फिर आरक्षण अधिनियमों में संशोधन किया है।

पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की पीठ ने 2023 के आरक्षण संबंधी राज्य के कानून को संविधान के अधिकार क्षेत्र से बाहर और संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 के तहत समानता खंड का उल्लंघन करने वाला घोषित किया था। उच्च न्यायालय ने कहा था, राज्य को 50 प्रतिशत की सीमा के भीतर आरक्षण प्रतिशत पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए तथा क्रीमी लेयर को लाभ से बाहर रखना चाहिए।

# पुल ढहने मामला : उच्चतम न्यायालय ने बिहार सरकार और एनएचएआई से मांगा जवाब

## पीठ ने जनहित याचिका पर बिहार सरकार तथा अन्य को जारी किया नोटिस

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने उस जनहित याचिका पर बिहार सरकार और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण समेत अन्य से सोमवार को जवाब मांगा, जिसमें बिहार में पिछले कुछ हफ्तों में कई पुल ढह जाने के मद्देनजर राज्य में पुल की सुरक्षा और स्थिरता को लेकर चिंताएं व्यक्त की गई हैं। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जनहित याचिका पर बिहार सरकार तथा अन्य को नोटिस जारी किए। याचिका में उन पुल की पहचान करने के लिए एक संरचनात्मक ऑडिट और एक विशेषज्ञ समिति गठित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है, जिन्हें इसके निष्कर्षों के आधार पर या तो मजबूत बनाया जा सकता है या ध्वस्त किया जा सकता है। बिहार और एनएचएआई के अलावा शीर्ष न्यायालय ने सड़क निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष और ग्रामीण कार्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भी नोटिस जारी किए।





पिछले चार हफ्तों में बिहार के सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में पुल गिरने की 10 घटनाएं सामने आई हैं। कई लोगों ने दावा किया कि इन पुल के गिरने के पीछे भारी बारिश वजह हो सकती है। वकील ब्रजेश सिंह द्वारा दायर जनहित याचिका में राज्य में पुल की सुरक्षा और स्थिरता को लेकर चिंताएं व्यक्त की गई हैं। बिहार में मानसून के दौरान भारी बारिश होने से अक्सर बाढ़ की समस्या सामने आती है। याचिका में एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति गठित करने के अलावा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मानदंडों के अनुसार पुल की निगरानी करने का भी अनुरोध किया गया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है कि बिहार भारत में बाढ़ के लिहाज से सबसे अधिक संवेदनशील राज्य है। राज्य में बाढ़ से प्रभावित होने वाला कुल क्षेत्र 68,800 वर्ग किलोमीटर है, जो उसके पूर्ण भौगोलिक क्षेत्र का 73.06 फीसदी है। याचिकाकर्ता ने कहा, अतः, बिहार में पुल गिरने की इस तरह की आए दिन होने वाली घटना अधिक विनाशकारी है, क्योंकि इससे बड़े पैमाने पर लोगों का जीवन खतरे में है। इसलिए लोगों की जान बचाने के लिए इस अदालत के तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है, क्योंकि निमाणाधीन पुल बनने से पहले ही ढह जाते हैं। पुल ढहने की घटनाओं के मद्देनजर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सड़क निर्माण और ग्रामीण कार्य विभाग को राज्य के सभी पुराने पुल का सर्वेक्षण करने और तत्काल मरम्मत की आवश्यकता वाले पुल की पहचान करने का निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### गरीब, किसान और मध्यवर्ग के लिए बजट में कुछ नहीं : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि केन्द्र सरकार देश की जनता को अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह में घेर रही है। केन्द्र सरकार के बजट में गरीबों, किसानों और मध्यवर्ग के लिए कुछ नहीं है। लोकसभा में बजट चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कुरुक्षेत्र में कौरवों द्वारा चक्रव्यूह में घेरकर मारे गए अभिमन्यु का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले अभिमन्यु को चक्रव्यूह में 6 लोगों ने मारा था। चक्रव्यूह का दूसरा नाम है- पद्मव्यूह, जो कमल के फूल के शेप में होता है। 21वीं सदी में एक और चक्रव्यूह तैयार किया गया है। वही हिन्दुस्तान के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने इस बजट में अब तक का शिक्षा में सबसे कम बजट आवंटित किया है। बजट में अग्निवीरों के लिए कुछ नहीं है। बजट में मध्यम वर्ग को कुछ नहीं दिया है बल्कि उन पर दोहरा वार किया गया है। इस बजट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडेक्सेशन और कैपिटल गेन टैक्स बढ़ाकर मध्यम वर्ग के लोगों पर ही प्रहार किया है।

### तेजस्वी ने कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोमवार को एक बार फिर कानून व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष पर निशाना साधा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले से चीख और गोलियों की आवाज आ रही है। तेजस्वी यादव पिछले कुछ दिनों से राज्य की क्राइम बुलेटिन जारी करते रहे हैं। इस दौरान उन्होंने सोमवार को एक बार फिर 53 आपराधिक घटनाओं की सूची जारी की। विपक्ष के नेता यादव ने अपने एक्स पर लिखा कि हर जिले से आ रही है चीख और गोलियों की आवाज, ये है बिहार में डबल इंजन एनडीए का महा चौपट राज। उन्होंने कानून व्यवस्था की स्थिति का उल्लेख करते हुए आगे लिखा कि बिहार में चहुंओर ओर से आ रही चीखें, गोलियों की आवाजें, लहू से लथपथ सड़कें और गलियां एवं खून से सने अखबार दर्शा रहे हैं कि प्रदेश में महाजंगलराज है। एनडीए के लिए मंगलराज की यही वास्तविक परिभाषा है। इसके बाद उन्होंने विगत कुछ दिनों की आपराधिक घटनाओं की छोटी सी सूची में मधुबनी में युवक की गोली मार हत्या, बेगूसराय में महिला की हत्या, पटना में छात्र की हत्या, सीवान में एक शख्स की धारदार हथियार से हत्या, बेगूसराय में युवती की पीट-पीटकर हत्या, सासाराम में युवक की हत्या सहित 53 आपराधिक घटनाओं का जिक्र किया है। उल्लेखनीय है कि तेजस्वी यादव इससे पहले भी आपराधिक घटनाओं का जिक्र करते हुए सरकार को घेरते रहे हैं।

### हेमंत की जमानत रद्द करने की ईडी की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

रांची/नई दिल्ली। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से मिली जमानत को निरस्त करने की मांग वाली ईडी की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। शीर्ष कोर्ट ने सोमवार को इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सोरेन को हाईकोर्ट से मिली जमानत के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है और इसमें हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही कोर्ट ने ईडी की याचिका को निष्पादित कर दिया है। बता दें कि हाई कोर्ट के सिंगल बेंच ने 28 जून को हेमंत सोरेन को कुछ शर्तों के साथ रेगुलर बेल दी थी। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि यह पूरा मामला संभावनाओं पर आधारित है।

# दिलीप जायसवाल ने बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का संभाला पदभार

● महिला मोर्चा ने शंख ध्वनि से किया स्वागत

## कहा- कार्यकर्ता पार्टी की जड़, जड़ को नहीं भूलूंगा

प्रात : किरण

पटना। बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की जड़ है और जब जड़ है तभी पूरा पेड़ हरा भरा है। उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि मैं जड़ नहीं भूलूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन को मजबूत करते हुए अगले साल होने वाले चुनाव में जीत एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि कार्यकताओं के सहयोग और मार्गदर्शक मंडल के मार्गदर्शन से दो तिहाई से ज्यादा से अगला चुनाव जीतेंगे। जायसवाल सोमवार को दिल्ली से पटना पहुंचे। प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। महिला मोर्चा के सदस्यों ने शंख ध्वनि से उनका स्वागत किया। इस मौके पर आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि आज मैं पदभार ग्रहण कर रहा हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को इतना बड़ा दायित्व देने के लिए धन्यवाद देते हुए आभार जताया। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि यह पद नहीं मुझे जिम्मेदारी मिली है और मैं भरोसा देता हूँ मैं रात दिन मेहनत कर इस जिम्मेदारी को निभाने की कोशिश करूंगा। उन्होंने आशा जताते हुए कहा कि बिहार के वरिष्ठ नेताओं की टीम का सहयोग मिलता रहेगा और राष्ट्रीय नेतृत्व का भी मार्गदर्शन मिलता रहेगा। उन्होंने साफ लहजे में कार्यकताओं को भरोसा देते हुए कहा कि कोई भी कार्यकर्ता उपेक्षित नहीं रहेगा, सभी कार्यकताओं को सम्मान देने का काम किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आपके सुझाव को सुनने के लिए मैं हमेशा तैयार रहूंगा। श्री जायसवाल ने आगे कहा कि आगे चुनौतियां भी हैं लेकिन इन्हीं चुनैतियों को अवसर में बदलने का काम भाजपा का है। इससे पहले निवर्तमान अध्यक्ष सम्राट चौधरी सहित कई अन्य प्रदेश अध्यक्षों ने नव नियुक्त अध्यक्ष श्री जायसवाल को अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया।



# समस्तीपुर में टला बड़ा रेल हादसा, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन दो हिस्सों में बंटी

प्रात : किरण

समस्तीपुर। बिहार के समस्तीपुर में सोमवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया है। दरअसल, दरभंगा से नई दिल्ली जा रही बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह घटना समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड के खुदीराम बोस पूसा रेलवे स्टेशन के पास हुई। रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचकर इंजन से डिब्बों को जोड़ने के कार्य में जुट गए। इस घटना के कारण ट्रेन यातायात प्रभावित हुआ। हालांकि, रेलवे के अधिकारियों ने जल्द ही स्थिति को सामान्य कर दिया। इस हादसे के बाद ट्रेन में सवार यात्रियों के बीच अफरा तफरी का माहौल हो गया। लोको पायलट ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रेन को रोक दिया और नजदीकी स्टेशन मास्टर को जानकारी दी। इसके बाद टेक्निकल टीम मौके पर पहुंची और ट्रेन के टूटे हुए कपलिंग को ठीक कर आगे के लिए रवाना किया। ट्रेन के अलग होने की खबर मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान मौके पर ग्रामीणों की भी भीड़ लग गई। समस्तीपुर रेल मंडल के रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में हादसा कंपलिंग टूटने की वजह से हुआ। इसके कारण ट्रेन के परिचालन में एक घंटे से अधिक विलंब हुई। इसको लेकर सीनियर डीएसटीई को पूरे मामले की जांच का आदेश दिया गया है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, ट्रेन को ठीक करके दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया है।



**इंजन 19 बोगियों को छोड़कर आगे निकला :** ट्रेन संख्या 12565 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस कपूरीग्राम स्टेशन से रन थ्रू पास करते हुए पूसा स्टेशन से कुछ पहले पहुंची थी। इस बीच ट्रेन का इंजन एक जनरल कोच को लेकर आगे बढ़ गया जबकि 19 बोगियां पीछे छूट गई। बिना इंजन आगे बढ़ रही बोगी रुकी तो ट्रेन में सवार बड़ी संख्या में यात्री नीचे उतर गए। हालांकि, बाद में ट्रेन के लोको पायलट ने इंजन और एक बोगी को पीछे किया। अलग हो चुकी उन बोगियों को जोड़कर पूसा स्टेशन पर आकर ट्रेन को लगा दी। रेलवे कर्मियों ने पूरे ट्रेन के कपलिंग की जांच की।

# सीबीआई ने दिल्ली शराब घोटाले में चार्जशीट की दाखिल, केजरीवाल को बनाया आरोपी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य आरोपियों के खिलाफ एक विशेष अदालत में सोमवार को आरोप पत्र दाखिल कर दिया। यह जांच एजेंसी की ओर से एक महत्वपूर्ण कदम है। दिल्ली हाई कोर्ट सोमवार को ही सीएम केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई करने वाला है। प्रवर्तन निदेशालय ने पहले ही मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है, जिसमें आम आदमी पार्टी और इसके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को आरोपी बनाया गया है। चार्जशीट में केजरीवाल को शराब घोटाले में मुख्य साजिशकर्ता में से एक बताया गया है। आरोप है कि आम आदमी पार्टी को 100 करोड़ की रिश्वत मिली थी। इससे पहले 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को ईडी मामले में अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। हालांकि, सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से वह जेल से बाहर नहीं आ पाए। हाल ही में, दिल्ली की एक अदालत ने कथित शराब घोटाले में सीएम केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ा दी थी।

## राजेंद्र नगर कोचिंग में छात्रों की मौत का मामला संसद में गूंजा


नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली के राजेन्द्र नगर में कोचिंग में हुए हादसे का मामला सदस्यों ने सोमवार को लोकसभा में उठाते हुए इस मामले की विस्तृत जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। भाजपा की बांसुरी स्वराज ने शून्यकाल शुरू होते ही कोचिंग में हादसे में दो छात्राओं और एक छात्र की मौत का मुद्दा उठाते हुए कहा कि दिल्ली के राजेन्द्र नगर में एक हृदय विदारक घटना हुई जिसमें तीन बच्चों की जान चली गयी। ये बच्चे अपना भविष्य उज्ज्वल करने आये थे लेकिन दिल्ली सरकार की लापरवाही के कारण इनकी जान चली गई। उन्होंने कहा कि एक दशक से आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली में है लेकिन सरकार दिल्लीवासियों के लिए कोई काम नहीं कर रही है।

# एलोपैथ को कोरोना से मौत का जिम्मेदार बताने वाले बाबा रामदेव के बयान को तीन दिनों में हटाने का आदेश

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने बाबा रामदेव को अपना वह बयान हटाने का निर्देश दिया है, जिसमें बाबा रामदेव ने दावा किया था कि एलोपैथ कोरोना में लाखों लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार थी और पतंजलि का कोरोनिल उसका इलाज है। एम्स ऋषिकेश के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने दायर याचिका में कहा था कि बाबा रामदेव ने सार्वजनिक रूप से डॉक्टरों के अलावा विज्ञान को चुनौती दी है। उनके बयान से लोगों का नुकसान हो रहा है।

वे मेडिकल साइंस को चुनौती दे रहे हैं। याचिका में कहा गया था कि कि बाबा रामदेव काफी प्रभावशाली व्यक्ति हैं और उनकी काफी लोगों तक पहुंच है। उनके बयान अपने प्रशंसकों को प्रभावित करते हैं। जस्टिस अनूप जयराम भांभानी की बेंच ने बाबा रामदेव को निर्देश दिया कि वो सोशल मीडिया पर अपने बयान तीन दिनों के अंदर हटाएं। कोर्ट ने कहा कि अगर बाबा रामदेव तीन दिनों के अंदर अपना बयान नहीं हटाते हैं तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उन बयानों को हटा दें। इस मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि बाबा रामदेव के बयान से आयुर्वेद जैसी प्रतिष्ठित चिकित्सा पद्धति की छवि भी खराब होगी।



आयुर्वेद काफी पुरानी और प्रतिष्ठित चिकित्सा पद्धति है। दरअसल, याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील अखिल सिब्बल ने कहा था कि 4 अगस्त, 2022 को बाबा रामदेव ने हरिद्वार में बयान दिया था कि कोरोना से सुरक्षा की वैक्सीन लेने के बावजूद अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन तीसरी बार कोरोना संक्रमित हो गए। रामदेव ने कहा था कि बाइडन का कोरोना संक्रमित होना ये बताता है कि ये मेडिकल साइंस की असफलता है, जो दुनिया में तबाही मचा रही है। कोर्ट ने बाबा रामदेव की कोरोनिल दवाई को लेकर दिए गए स्पष्टीकरण पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि इस स्पष्टीकरण में ऐसा लगता है जैसे बाबा रामदेव अपनी पीठ थपथपा रहे हों। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि बाबा रामदेव के स्पष्टीकरण में दो चीजें स्पष्ट हैं। पहला कि एलोपैथिक डॉक्टरों के पास इलाज नहीं है और कोरोनिल उसका इलाज है। कोर्ट ने कहा था कि आप ऐसा नहीं कह सकते हैं कि कोरोनिल एक पूरक इलाज है।

# वैशाली : ट्रक ऑटो की टक्कर में चार लोगों की मौत

प्रात : किरण

पटना। वैशाली में एक ट्रक ने यात्रियों को लेकर जा रहे ऑटो में टक्कर मार दी। जिससे पांच लोगों की मौत हो गई। यह सभी बुढ़िया मईया मंदिर से पूजा कर लौट रहे थे। हाजीपुर-अरेराज स्टेट हाइवे 74 पर सोमवार दोपहर बाद करीब ढाई बजे यह हादसा हुआ। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। वैशाली थानेदार प्रवीण कुमार ने कहा कि तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। ट्रक चालक की तलाश में छापेमारी चल रही है। मृतकों की पहचान टेम्पो ड्राइवर जितेंद्र कुमार, ज्योति देवी, बनारसी देवी,कौशल्या देवी के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि एक ही परिवार के लोग बुढ़ी मैया के पूजा करने के लिए गये थे। पुलिस का कहना था कि मृतक मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर निवासी थे। टेंपो में कुल 12 लोग सवार थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि घायलों को हाजीपुर सदर अस्पताल में इलाज के बाद पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है।



**सीएम नीतीश ने जताया शोक:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैशाली जिले के चकवास कोल्ड स्टोरेज के पास ट्रक ऑटो की टक्कर में चार लोगों की हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुःखद है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज करने का निर्देश दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

**वर्षगांठ**

## भारतीय जहाज तबर पर सवार हुए रूसी राष्ट्रपति पुतिन, दिया धन्यवाद

# रूसी नौसेना की 328वीं वर्षगांठ पर मुख्य परेड में भारत के नौसैनिकों ने बजाया बैंड

## सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचने पर रूसी नौसेना ने भारतीय जहाज का गर्मजोशी से किया स्वागत

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने आईएनएस तबर पर सवार होकर रूस के नौसेना दिवस परेड में भाग लेने वाले भारतीय नौसेना कर्मियों का अभिवादन किया। सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचने पर रूसी नौसेना ने भारतीय जहाज का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह जहाज 30 जुलाई तक रूस की यात्रा पर रहेगा। रूसी संघ की नौसेना की 328वीं वर्षगांठ के अवसर पर मुख्य नौसेना परेड में भाग लेने के लिए भारतीय जहाज आईएनएस तबर 25 जुलाई को सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचा। यहां रूसी नौसेना के नाविकों ने भारतीय जहाज का गर्मजोशी से स्वागत किया। आईएनएस तबर ने 28 जुलाई को परेड में हिस्सा लेकर भारत का प्रतिनिधित्व किया। मुख्य नौसेना परेड में भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व वाइस एडमिरल तरुण सोबती और भारतीय नौसेना बैंड के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भी किया। इस आयोजन ने भारतीय और रूसी नौसेना के बीच संबंधों को और मजबूत करने में योगदान दिया। रूसी नौसेना दिवस समारोह में दोनों नौसेनाओं के बीच भागीदारी, पेशेवर बातचीत और अभ्यास पासेक्स का आयोजन शामिल है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन सेंट पीटर्सबर्ग की नौसेना परेड में भाग लेने के लिए भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस तबर पर सवार हुए। भारतीय नौसेना के नाविकों को बधाई देते हुए पुतिन ने भारतीय नाविकों को रूसी परेड में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया। भारतीय जहाज की यह रूस यात्रा दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को और मजबूत करती है, जो नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालन पर आधारित है। यह यात्रा भारत सरकार की ह्यवसुधैव कुटुम्बकमह्व की नीति के अनुरूप है।



# उच्चतम न्यायालय की सात पीठ इस सप्ताह लगाएगी लोक अदालत : सीजेआई

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय की पहली सात पीठ आज से शुक्रवार तक दोपहर दो बजे एक विशेष लोक अदालत में सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए सूचीबद्ध मामलों पर सुनवाई करेंगी। शीर्ष अदालत लंबित मुकदमों में कमी लाने के प्रयास के तौर पर तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत लगा रही है। सीजेआई ने सोमवार को मुकदमों की सुनवाई शुरू होने पर कहा, आज से शुक्रवार तक, हम उच्चतम न्यायालय की लोक अदालत लगाएंगे और पहली सात पीठ मुकदमों पर सुनवाई करेंगी। अगर वकीलों के पास ऐसे मामले हैं जो लोक अदालत में जा सकते हैं तो कृपया उन्हें लाइए। सीजेआई ने पहले नागरिकों से आग्रह किया था कि अगर उनके मामले शीर्ष अदालत में लंबित हैं तो वे अपने विवादों का सौहार्दपूर्ण और तेजी से निपटारा करने के लिए विशेष लोक अदालत में भाग लें। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड एक वीडियो संदेश में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, उच्चतम न्यायालय 29 जुलाई से तीन अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रमुख की अनुपस्थिति में उपप्रमुख ने संभाला प्रमुख का कार्यभार

फतुहा। सोमवार को प्रखंड प्रमुख रजनीश कुमार के अनुपस्थिति में उपप्रमुख संतोष कुमार ने प्रभारी प्रखंड प्रमुख का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान प्रभारी प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार ने बताया कि जेठुली कांड की एक घटना में प्रखंड प्रमुख के आरोपित होने तथा जेल जाने के बाद से प्रखंड का विकास कार्य प्रभावित हो रहा था। इसे देखते हुए उप विकास आयुक्त पटना के द्वारा पत्र जारी कर मुझे नियुक्त किया गया है। जो अगले आदेश तक जारी रहेगा। मौके पर पूर्व प्रखंड प्रमुख के प्रतिनिधि मधुकर आनंद, पप्पू कुमार, लाला प्रसाद, जोगेश्वर यादव समेत कई पंचायत समिति सदस्य मौजूद रहे।

### मोकामा व जमानिया में हॉट एक्सेल बॉक्स डिटेक्टर सिस्टम स्थापित किया



दानापुर खगौल रेल मंडल में नॉन कांटेक्ट बेस्ड इन्फ्रारेड टेंपरेचर सेंसर का उपयोग करके कोचिंग और मालगाड़ियों दोनों में हॉट एक्सेल का पता लगाने के लिए मोकामा अप लाइन व जमानिया अप लाइन पर एक हॉट एक्सेल बॉक्स डिटेक्टर सिस्टम स्थापित किया गया है जो की ट्रेन में किसी भी हॉट एक्सेल का पता चलने पर यह सिस्टम एक अलर्ट जारी करता है जिसे दानापुर कंट्रोल एवं स्टेशन पर एक एसएमएस के रूप में भेजा जाता है और मॉनिटर स्क्रीन पर भी प्रदर्शित किया जाता है, इस प्रकार ट्रेन के गुजरने वाले स्टेशन को उचित एहतियात कदम उठाने के लिए सचेत किया जाता है। इससे परिचालन में मदद मिलेगी तथा किसी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सकेगा।


### बाइक व मोबाइल लूट मामले में पुलिस को मिली उपलब्धि

पटना सिटी, खाजेकलां थाना क्षेत्र के दुली घाट के पास गंगा किनारे बने मरीन ड्राइव पर 17 जुलाई को कंकड़बाग के रहने वाले बाइक सवार के साथ लूटपाट की घटना हुई थी। इस संबंध में एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया। साथ ही उसने इस कांड में अपनी संलिप्तता बताते हुए तीन अन्य साथियों के बारे में भी बताया। उक्त विधि विरुद्ध किशोर की निशानदेही पर लूटा गया मोबाइल एवं घटना में उपयोग में लाया गया काला रंग के स्कूटी को जब्त कर लिया गया है। लूटा गया अपाचे मोटरसाइकिल को पूर्व में ही बरामद किया जा चुका है। थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना ने बताया कि कांड में संलिप्त अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दरअसल पत्रकार नगर थाना क्षेत्र के कंकड़बाग के के-146 सत्यवर्ती निकट हनुमान नगर के रहने वाले संजीव कुमार पाण्डेय पिता महेश पाण्डेय 17 जुलाई को गंगा नदी के किनारे के रास्ते से जा रहे थे। इस दौरान स्कूटी सवार तीन अपराधियों ने उनका बाइक और मोबाइल लूट लिया था। छापामारी के दौरान दो अपराधियों दीपक कुमार उर्फ तेलम और राजकुमार उर्फ कालू को हिरासत में लिया गया है। दोनों को आलमगंज थाना में 28 जुलाई को कांड संख्या 507/24 में धारा 323, 307 भादवि एवं 27 शस्त्र अधिनियम में आगे की कार्रवाई के लिए सुपुर्द किया गया है।

# एनीमिया : सुरक्षित प्रसव एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य में सबसे बड़ी रुकावट

- आयरन सप्लिमेंट्स युक्त आहार लें, रक्त की कमी पूरी करें

प्रात :किरण संवाददाता




पटना- आज की जीवन शैली में एनीमिया एक आम स्वास्थ्य समस्या है , जिससे काफी लोग ग्रसित हैं। लेकिन इसे लेकर सामान्य सी भी लापरवाही इसे गंभीरतम रोगों की श्रेणी में ला सकती है। विषेशरूप से गर्भवस्था के दौरान की अनिमिया न सिर्फ माँ बल्कि उसके गर्भस्थ भ्रूण के सम्पूर्ण विकास के लिए भी संकट है। इस दौरान शिशु के विकास के लिए शरीर को सामान्य से अधिक मात्रा में रक्त की आवश्यकता होती है। अगर इस दौरान गर्भवती पर्याप्त आयरन या अन्य पोषक तत्व नहीं ले रही हैं तो शरीर में अधिक खून बनाने के लिए जरूरी लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण रुक सकता है और गर्भवती में रक्त की कमी हो सकती है।

लौह-तत्वयुक्त आहार (आयरन सप्लिमेंट्स) से करें रक्त की कमी पूरीः

एनएफएचएस 5 -2019-20 के आंकड़ों के अनुसार राज्य में प्रजनन उम्र (15- 49 वर्ष )की 63.1 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को एनीमिया है। है।जबकि इसी आयुवर्ग की कुल 63.6 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया ग्रसित है। स्वास्थ्य विशेषग्य मानते हैं कि गर्भवतियों को आहार के साथ आयरन, विटामिन-बी12 और फोलिक एसिड के सप्लिमेंट्स जरूर लेने चाहिए। हीमोग्लोबिन या लाल रक्त कोशिकाओं की कमी पूरा करने के लिए सबसे जरूरी घटक आयरन है। जिले के प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवतियों के लिए आयरन फॉलिक सपलीमेंट्स निशुल्क उपलब्ध हैं। इसके अलावा भोजन में गन्ने का रस चना गुड के साथ हरी पत्तेदार सब्जियां, ब्रोकली, गांठ गोभी, सेम, टमाटर, चुकंदर केला,अनार, किशमिश, खजूर, अंजीर आदि शामिल करें। ये आयरन की कमी दूर कर शरीर में हीमोग्लोबीन का स्तर बनाये रखने में सहायक हैं।

लक्षणों को पहचान एनीमिया को करें दूरः

आम तौर पर एक स्वस्थ महिला के रक्त में प्रति डेसीलीटर 12 ग्राम हीमोग्लोबीन का स्तर होना चाहिए । इससे कम की स्थिति में गर्भवती में सांस फूलना,कमजोरी, थकावट आना, चक्कर आना, घबराहट, एकाग्रता में कमी, आंखों के सामने अंधेरा छाना और आंखों, हथेलियों व नाखून का रंग पीला होना जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। यदि गर्भवती में ये लक्षण दिखते हैं तो सतर्क हो जाएँ। यह एनीमिया हो सकता है। बिना चिकित्सकीय परामर्श के किसी भी तरह की दवा ना खाएं। यह आपके और बच्चे के लिए नुकसानदेह हो सकता है। अपने डॉक्टर्स से बात करने के बाद उनके सलाह से दवा या खुराक बदलें । प्रसव पूर्व जांच से समय समय पर माता और गर्भस्थ शिशु के विकास का पता सही सही लगता रहता है । जिससे समय रहते स्वास्थ्य समस्या को दूर करना संभव है। इसलिए कोशिश करें की आपका एक भी प्रसव पूर्व जांच न छूटने पाये।

अन्य पोषक तत्व भी जरूरी : शिशु के सेहत के लिए गर्भवती को न सिर्फ आयरन बल्कि कैल्सियम की आवश्यकता प्रचुर मात्रा में है। क्योंकि इससे शिशु में हड्डियों के विकास के लिए जरूरी है।साथ ही इसकी कमी से गर्भवती महिलाओं में थकान, हाथ तथा पैर की अंगुलियों में ऐंठन एवं मांसपेसियों में दर्द जैसा महसूस होता है। इसलिए भोजन में अखरोट-मूंगफली, अंकुरित बीज, दलिया, डेयरी प्रोडक्ट्स(दूध, पनीर), पॉल्ट्री प्रोडक्ट्स( अंडा, मांस, मछली ) शामिल करें । ये कैल्सियम और दूसरे आवश्यक पोषक तत्वों की कमी पूरी करते हैं।

# छह लोगों के साथ गंगा नहाने पहुंचा युवक धीरज डूबा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चचेरा भाई और दोस्तों के साथ कंगन घाट नहाने पहुंचा युवा धीरज कुमार गंगा की लहरों को झेल नहीं पाया और पानी में डूब गया। मामला चौक थाना क्षेत्र के कंगन घाट का है। इस संबंध में धीरज के चचेरा भाई सुधीर ने बताया कि वह सब मोहल्ले के दोस्तों कृष, गौतम, विक्की और नकटा के साथ रविवार की रात घर से निकल कर सोनपुर गए थे। वहां गंडक नदी में पानी अधिक होने के कारण स्नान नहीं कर पाए और न ही बाबा हरिहरनाथ का दर्शन और पूजन ही कर पाए। वह सब वहां से सुबह चल दिए। गाड़ी से कंगन घाट पहुंचे। यहां हम सबों ने नहाने और पूजा करने की सोचा। वह कपड़ा और मोबाइल लोगों का देख रहा था। बाकी सभी स्नान कर रहे थे। अचानक मालसलामी थाना क्षेत्र के जमुनापुर चाईं टोला का रहने वाला धीरज कुमार पिता राजू साव पानी की लहर में संतुलन खो दिया और डूबने लगा। लोगों ने शोर मचाया। जब तक उसे बचाया जाता, वह पानी में गायब हो चुका था। धीरज तीन भाइयों नीरज और निखित में बड़ा है। धीरज के पिता राजू साव आइसक्रीम बेचते हैं। घाट किनारे परिजनों का रोकर हाल बेहाल था। हालांकि सोमवार की शाम तक एसडीआरएफ को शव खोजने में सफलता नहीं मिली थी। चौक थाना की पुलिस का कहना रहा कि शव को खोजने का काम मंगलवार को भी किया जाएगा।

# हत्या के मामले में बजरंगी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना की पुलिस ने हत्या के मामले में नामजद को गिरफ्तार किया है। वहीं बाइपास थाना की पुलिस ने राजवीर कुमार की हत्या में शामिल एक अन्य विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया है। चौक थाना की पुलिस ने 13 दिसंबर 20 को मोर्चा रोड के रहने वाले बॉबी कुमार पिता दिनेश कुमार यादव की हत्या में आठ अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया था। इसमें पांच को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है एवं दो अभियुक्त ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। शेष अभियुक्त बजरंगी कुमार के विरुद्ध गिरफ्तारी हेतु कांड लंबित था। बजरंगी को रविवार की रात पटना साहिब स्टेशन के सामने से गिरफ्तार कर लिया गया। वह इसी थाना क्षेत्र के चौकशिकारपुर नालापर का रहने वाला अभियुक्त बजरंगी कुमार पिता राजेंद्र रवानी उर्फ राजेंद्र प्रसाद है। इस संबंध में चौक थाना में 17 दिसंबर, 20 को कांड 421 दर्ज किया गया था। छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक का थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा, पुअनि मनोज कुमार, शशि भूषण सिंह, श्रवण कुमार, सिपाही राहुल कुमार और धर्मेंद्र कुमार शामिल थे। वहीं बाइपास थाना क्षेत्र में 27 जुलाई को कांड संख्या 335/24 दर्ज किया गया था। राजवीर कुमार की हत्या में विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया था। उसने अपने स्वीकारोक्ति बयान में प्राथमिकी प्रतिवेदन में उल्लेखित प्राथमिक अभियुक्त तथा विधि विरुद्ध बालक के अतिरिक्त एक अन्य विधि विरुद्ध बालक के साथ मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिए जाने की बात कही थी। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि अनुसंधानकर्ता पुअनि संजय कुमार के द्वारा 28 जुलाई को उक्त विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध कर किशोर न्याय परिषद पटना सिटी के प्रधान न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। यहां से उक्त विधि विरुद्ध बालक को बाल सुधार गृह, गायघाट भेजा गया है।

# गुलजारबाग केसरवानी पंचायत का नए सत्र का हुआ चुनाव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पटना महानगर केसरवानी वैश्य सभा के द्वारा गुलजारबाग पंचायत का चुनाव कराया गया। चुनाव में अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया गया। इसके लिए तीन पदों के लिए दो-दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। मुख्य चुनाव पदाधिकारी डॉ अमित केसरी एवं सहायक चुनाव पदाधिकारी संजीव केसरी ने बताया कि चुनाव सत्र 2024-26 के लिए हुआ है। करीब 550 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। करीब 80 प्रतिशत वोट डाले गए। हालांकि चुनाव की तारीख में भी एक-दो बार बदलाव हुआ था। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान में भाग लिया। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए प्रकाश केसरी, महासचिव रोहित केसरी और कोषाध्यक्ष पद के लिए दीपक केसरी को विजयी घोषित करते हुए तीनों को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। तीनों पद के लिए प्रत्याशियों में राजेश केसरी, प्रकाश केसरी, रोहित केसरी, मदन केसरी, दीपक केसरी और नीरज केसरी थे। पटना महानगर केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष सत्यनारायण केसरी, उपाध्यक्ष मनोज केसरी, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, दीनानाथ केसरी, संरक्षक विनय केसरी व सुधीर केसरी ने चुनाव पदाधिकारी और मतदान करने वालों का हृदय से आभार जताया है कि उन्होंने पंचायत के चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लिया। साथ ही विजयी तीनों पदाधिकारी से भी आशा जताई गई कि वह समाज हित में अपने कार्यकाल में बेहतर कार्य करेंगे।

# पशु क्रूरता व चोरी के 42 मवेशी को महादेव स्थान से पुलिस ने किया बरामद

## दो वाहन को किया जब्त, चार गिरफ्तार, मामला दर्ज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बाइपास थाना की पुलिस ने जिला एनिमल वेलफेयर ऑफिसर जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की सूचना पर दो वाहन पर लदे 42 मवेशियों को बरामद किया है। साथ ही दो डीसीएम वाहन को भी जब्त करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने बताया कि बाइपास थाना क्षेत्र के महादेव स्थान स्थित इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन पेट्रोल पंप के सामने से दो डीसीएम गाड़ी पर मवेशी लदा था। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजकुमार झा को सूचना मिली कि दोनों वाहन पर मवेशियों को बुरी स्थिति में लाद कर ले जाया जा रहा है। इस संबंध में विनय कुमार, कार्यकारिणी सदस्य सह ऑन डिस्ट्रिक्ट एनिमल वेलफेयर ऑफिसर जिला पशु क्रूरता निवारण समिति, पटना के द्वारा 27 एवं 28 की रात को अन्य विभागीय कर्मचारी एवं पुलिस बल के सहयोग से महादेव स्थान के सामने पहुंचा गया। वहां दो डीसीएम गाड़ी पर क्रूरता एवं निर्दयतापूर्वक लदे गाय व भैंस के कुल 42 मवेशियों को बरामद किया गया। दोनों वाहन पर रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन सबों ने न तो मवेशियों से संबंधित कोई कागजात पेश किया और न ही कहां से लाकर कहां ले जा रहे हैं, नहीं बता पाया। दोनों वाहन पर कुल 18 गाय, 12 भैंस, 12 भैंस का बच्चा को रखा गया था। विनय कुमार सिंह के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर कांड संख्या 341/24 दर्ज किया गया है। इसमें भारतीय न्याय संहिता, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, ट्रांसपोर्टेशन ऑफ कैटल एनिमल रूल, बिहार कैटल प्रिजर्वेशन एंड इंप्रूवमेंट एक्ट आदि लगाया गया है। जब्त किए गए दोनों डीसीएम वाहन पर रजिस्ट्रेशन नंबर डब्ल्यूबी 37ई 2063 और डब्ल्यूबी 37डी 7612 लिखा था। गिरफ्तार लोगों में भोजपुर जिला के शाहपुर थाना क्षेत्र के महुआर के रहने वाले मंटू कुमार यादव पिता शिवनाथ यादव, ओझा यादव पिता स्वर्गीय महावीर यादव, मुन्ना यादव पिता सत्यनारायण यादव और झारखंड के मेहीजाम जिला के आम बागान के मेहिजाल का रहने वाला संजय राउत पिता बबलू राउत है। चारों गिरफ्तार से पूछताछ के बाद पुलिस ने इन सबों को जेल भेज दिया है। बरामद गाय, भैंस एवं उसके बच्चों को श्री कृष्ण गोशाला, दीदारगंज में भेजा गया है।

# ग्रामीण चिकित्सकों का संस्था कराएगा पांच लाख का बीमा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जनजीवक कल्याण संघम परिवार आरएमपी ऑल इंडिया के तत्वाधान में बैठक बुलाई गई। इसमें 29 जिला के अध्यक्ष एवं अन्य प्रदेशों से आए पदाधिकारी का स्वागत महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिता शुक्ला ने किया। सभी को मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुबोध सिंह ने सभी ग्रामीण चिकित्सकों को बताया कि बिहार में यह पहली संस्था है, जो ग्रामीण चिकित्सकों का इंश्योरेंस कराने जा रही है। बीमा पांच लाख का होगा। साथ ही ग्रामीण चिकित्सकों के बिटिया या बहन की शादी में जो अत्यंत गरीब हैं आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले चिकित्सकों को शादी में 50 हजार का फर्नीचर दिया जाएगा।ग्रामीण चिकित्सकों में यह उल्लास है कि यह पहली संस्था है, जो ग्रामीण चिकित्सकों के बारे में इतन ा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट के द्वारा फैसला लिया गया। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी डॉ विनोद कुमार अवस्थी ने कहा कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से बिहार प्रदेश की सरकार से लंबे समय से सभी संस्था में मित्र बनाया जा रहा है, तो स्वास्थ्य मित्र का दर्जा क्यों नहीं दिया जा रहा है ग्रामीण चिकित्सकों को। डॉ अवस्थी ने कहा कि देश में बड़े-बड़े स्कूल, बड़े ओवर ब्रिज, मेट्रो, फैक्ट्रियां, बड़े मॉल एवं बड़े-बड़े लंबी दूरी की ट्रेन वंदे भारत, तेजस, एक्सप्रेस, मेल ट्रेनों में भी जीआरपी, गार्ड, ड्राइवर के अलावा एक जगह ग्रामीण चिकित्सकों को प्राथमिक चिकित्सा दी जानी चाहिए। यह बात सभी जगह पत्र के द्वारा जा चुका है। कार्यक्रम में पटना ग्रामीण जिला अध्यक्ष पटना महानगर जिला अध्यक्ष डॉ रवि शंकर, पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय सिं,ह सीनियर एडवोकेट भावेश चौधरी, राष्ट्रीय सचिव डॉ विजय पांडे एवं अनेक महिला ग्रामीण चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, बिहार प्रदेश राज्य कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, बिहार राज्य कार्यकारिणी की बैठक श्री कृष्ण चेतना परिषद, दारोगा प्रसाद राय पथ, पटना, के सभागार में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सच्चिदानंद सिंह यादव, की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में विचार रखा जातिगत जनगणना अखिल भारतीय न्यायिक सेवा आयोग , बिहार में यादव जीते हुए संसद को सम्मान समारोह करने पर सभी ने अपने-अपने विचार दिए। विचार रखने वालों में सर्वश्री डॉ प्रोफेसर विनोद कुमार यादवेंदु पूर्व विधायक, कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, बिहार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ गोरेलाल यादव ,आईएस १३f. श्री जवाहर यादव निराला, प्रदेश मीडिया प्रभारी सह महासचिव ने कहा की बिहार में महासभा के मुख्य मांग को लेकर के आंदोलन तेज किया जाएगा। मुख्य मांग में देश भर में जातिगत जनगणना करना ,कॉलेजियम सिस्टम हटाकर, न्यायिक सेवा आयोग का गठन करना, अहीर रेजिमेंट एवं भारतीय पुरोहित पुजारी सेवा का गठन । अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार अमर एवं डॉ कुमार उदय प्रताप, श्रीमती प्रोफेसर रूबी यादव, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ,सूर्यवंश सिंह यादव, राय रमेश प्रसाद ,अधिवक्ता श्री सुरेश कुमार, कोषाध्यक्ष उमेश कुमार अधिवक्ता महंत मनभांग दास, रतन कुमार यादव, प्रोफेसर प्रकाश चंद गोयल, प्रवीण चंद सैनिक उपाध्यक्ष युवा बिहार गायक जगनारायण यादव, दद्दन सिंह यादव, जिला अध्यक्ष कैमूर, रामाश्रय यादव, जिला अध्यक्ष गया रोशन यादव ,श्रीमती गायत्री यादव, बृजभूषण यादव ,मीरा यादव कुमार विनोद सिंह, अर्पण सुमन, डॉ अमन कुमार यादव ,विशाल यादव, जिला अध्यक्ष पटना, जयप्रकाश यादव ,विद्या नारायण , राजेंद्र यादव, प्रो. महेंद्र यादव ,रामदुलार यादव, प्रमोद भारती यादव ,डिंपल यादव, विकास यादव ,पुर्व जिला पार्षद, अविनाश कुमार सिंहा, पूर्व प्राचार्य, इंजीनियर पप्पू यादव अरकेश चन्द, श्री रामचंद्र सिंह यादव,एडवोकेट जगनारायण सिंह यादव , पूर्व सदस्य, पिछड़ा वर्ग आयोग, जागेश्वर यादव, इत्यादि ने अपने अपने विचार व्यक्त किया।

# हेपेटाइटिस एक वायरल संक्रमण, यकृत की सूजन की बीमारी : डॉ कृष्णा




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर आईसीएमआर आरएमआरआई ने इस रोग की रोकथाम और नियंत्रण के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इस गंभीर बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करना था। आरएमआरआईएमएस को हेपेटाइटिस के वायरल लोड आधारित जांच के लिए बिहार में एकमात्र राज्य नोडल प्रयोगशाला के रूप में मान्यता प्राप्त है। यह व्यापक जांच और उन्नत उपचार विकल्प प्रदान करता है। अब तक संस्थान ने बीमारी के लिए 2186 परीक्षण किए हैं, जिनमें से 828 कैदी हैं। संस्थान के निदेशक डॉ कृष्णा पांडेय ने हेपेटाइटिस रोग की रोकथाम और नियंत्रण के बारे में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस एक वायरल संक्रमण है, जो यकृत की सूजन की बीमारी है। हेपेटाइटिस वायरस के पांच मुख्य प्रकार हैं, ए, बी, सी, डी, और ई। यह बीमारी संक्रमित सूइयों (इंजेक्शन) के उपयोग, रक्त आधान, असुरक्षित यौन संबंध, दूषित भोजन और पानी के माध्यम से फैलती है। डॉ कृष्णा पांडेय ने बीमारी के रोकथाम और नियंत्रण के लिए मुख्य बिंदु भी सुझाए। बीमारी के बारे में जागरुकता, टीकाकरण का महत्व, और शीघ्र जांच हेपेटाइटिस के प्रसार को कम कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में डॉ एनके गुप्ता, डॉ आरके टोपनो, डॉ जीसी साहू, डॉ आशीष कुमार, डॉ राजीव, और डॉ मधुकर सहित अन्य शामिल थे। आइए, एक स्वस्थ कल के लिए आज ही कदम उठाएं।

# भारत-नेपाल सीमा के नजदीक अवैध रूप से तस्करी कर लाए जा रहे चाइनीज लहसून को ट्रक सहित सीमा शुल्क मुख्यालय पटना के अधिकारियों ने किया जब्त

प्रात :किरण संवाददाता



पटनाः सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत निवारण शाखा मुख्यालय पटना के अधिकारियों द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर एक ट्रक (संख्या ऊछ-01-ऋ्र-2582) की तलाशी के दौरान अरेर थाना, जिला मधुबनी, भारत-नेपाल सीमा के नजदीक अवैध रूप से तस्करी कर लाए जा रहे चाइनीज लहसून को ट्रक सहित रविवार को स्थानीय पुलिस के सहयोग से जब्त किया। सीमा शुल्क निवारण मुख्यालय पटना को गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से बिहार के सीमावर्ती इलाकों के रास्ते चाइनीज लहसून की एक बड़ी खेप मधुबनी के रास्ते बिहार से दिल्ली ले जाने की योजना तस्करों द्वारा बनाई गई है। इस गुप्त सूचना के आधार पर सीमा शुल्क निवारण मुख्यालय पटना के अधिकारियों ने ट्रक संख्या का पीछा करते हुए अरेर थाना, जिला मधुबनी के समीप पकड़ लिया और ट्रक में अवैध रूप से ले जाए जा रहे चाइनीज लहसून को स्थानीय पुलिस अधिकारियों के सहयोग से जब्त कर लिया। जब्त किये गए चाइनीज लहसून का वजन लगभग 9744 किलोग्राम है ।जब्त किए गए चाइनीज लहसून एवं ट्रक का कुल अनुमानित मूल्य 40 लाख बारह हजार है। पिछले कुछ समय से सीमा शुल्क (निवारण) आयुक्ततालय पटना के द्वारा तस्करी के खिलाफ सघन एवं व्यापक अभियान छेड़ा गया है और इसके फलस्वरूप तस्करी के अनेकों सामान जब्त किये गए हैं। इस बात की छानबीन की जा रही है कि उपरोक्त तस्करी के मामले में कौन-कौन लोग शामिल हैं। ये सारी कार्रवाई डॉ यशोवर्धन पाठक, आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारण) पटना के निर्देश पर सीमा शुल्क (निवारण) मुख्यालय पटना के सहायक आयुक्त, प्रकाश सहाय के नेतृत्व में की गई जिसमें दिलीप कुमार, सुबोध कुमार मिश्रा दोनों अधीक्षक एवं मनीष कुमार, निरीक्षक ने मुख्य भूमिका निभाई। आयुक्त ने आगे बताया कि तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा और भी अधिक प्रबलता से इसका कार्यान्वयन किया जाएगा एवं इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक काम में भविष्य में भी बेहतर समन्वय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सकेका इस सम्बन्ध में आयुक्त ने यह भी बताया कि तस्करी विरोधी अभियान में सहयोग करने वाले विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं के अधिकारीयों एवं सूचना देने वाले व्यक्तियों को सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान है।

# राजगीर से पटना एवं पटना से किउल के मध्य 01-01 जोड़ी फास्ट पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का परिचालन

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु राजगीर से पटना एवं पटना से किउल के मध्य एक फास्ट पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है । ये दोनों स्पेशल 30.07.2024 से 30.09.2024 तक प्रतिदिन चलायी जायेगी । ठहराव एवं समय-सारणी निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 03201/03202 राजगीर-पटना-राजगीर फास्ट पैसेंजर स्पेशल - गाड़ी सं. 03201 राजगीर-पटना फास्ट पैसेंजर स्पेशल 30 जुलाई से 30 सितंबर तक राजगीर से 06.30 बजे खुलकर 06.37 बजे सिलाव, 06.45 बजे नालन्दा, 06.54 बजे पावापुरी रोड 07.08 बजे बिहारशरीफ, 07.24 बजे वेना, 07.33 बजे हरनौत, 07.42 बजे करनौती, 08.10 बजे बख्तियारपुर, 08.24 बजे करौटा, 08.33 बजे खुसरुपुर, 08.45 बजे फतुहा, 09.02 बजे पटना सिटी एवं 09.18 बजे राजेन्द्रनगर रुकते हुए 10.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 03202 पटना-राजगीर फास्ट पैसेंजर पटना से 20.55 बजे खुलकर 21.02 बजे राजेन्द्रनगर, 21.14 बजे पटना सिटी, 21.32 बजे फतुहा, 21.42 बजे खुसरुपुर, 21.51 बजे करौटा, 22.05 बजे बख्तियारपुर, 22.12 बजे करनौती, 22.20 बजे हरनौत, 22.30 बजे वेना, 22.45 बजे बिहारशरीफ, 22.53 बजे पावापुरी रोड, 23.05 बजे नालन्दा एवं 23.15 बजे सिलाव रुकते हुए 23.55 बजे राजगीर पहुंचेगी । गाड़ी सं. 03206/03205 पटना-किउल-पटना फास्ट पैसेंजर स्पेशल - गाड़ी सं. 03206 पटना-किउल फास्ट पैसेंजर 30 जुलाई से 30 सितंबर तक प्रतिदिन पटना से 11.00 बजे खुलकर 11.07 बजे राजेन्द्रनगर, 11.15 बजे गुलजारबाग, 11.25 बजे पटना सिटी, 11.44 बजे फतुहा, 11.55 बजे खुसरुपुर, 12.03 बजे करौटा, 12.15 बजे बख्तियारपुर, 12.26 बजे अथमलगोला, 12.38 बजे बाढ, 12.50 बजे पुनारख, 13.00 बजे मोर, 13.18 बजे मोकामा, 13.26 बजे टाल, 13.33 बजे हाथीदह, 13.48 बजे बड़हिया, 14.02 बजे मनकट्ठा एवं 14.13 बजे लखीसराय रुकते हुए 14.45 बजे किउल पहुंचेगी । वापसी में, किउल-पटना फास्ट पैसेंजर स्पेशल किउल से 15.00 बजे खुलकर 15.07 बजे लखीसराय, 15.16 बजे मनकट्ठा, 15.28 बजे बड़हिया, 15.50 बजे हाथीदह, 15.58 बजे टाल, 16.10 बजे मोकामा, 16.20 बजे मोर, 16.32 बजे पुनारख, 16.45 बजे बाढ़, 16.57 बजे अथमलगोला, 17.18 बजे बख्तियारपुर, 17.30 बजे करौटा, 17.40 बजे खुसरुपुर, 17.53 बजे फतुहा, 18.13 बजे पटना सिटी, 18.23 गुलजारबाग एवं 18.33 बजे राजेन्द्रनगर रुकते हुए 20.20 बजे पटना जं. पहुंचेगी ।

सम्पादकीय

## अभी सपना है विकसित

वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश के रूप में देखना फिलहाल एक सुखद सपना है। किसी वर्ग के लिए यह संकल्प और महत्वाकांक्षा भी है। कोई स्वतंत्र देश 100 साल में ही विकसित श्रेणी में आ जाए, यह बेहद दुर्लभ लक्ष्य है। लक्ष्य दुर्लभ ही हुआ करते हैं। यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी ने ही शुरू किया था और उसे निरंतर भी बनाए रखा। अब तो नीति आयोग के स्तर पर दृष्टिकोण पत्र भी बना लिया गया है। उसमें दो लक्ष्य फिलहाल असाध्य लगते हैं। एक, देश की प्रति व्यक्ति आय 15 लाख रुपए सालाना तक पहुंचाना। दूसरा, गरीबी मुक्त गांव बनाना। यानी जिस गांव में कोई गरीब न हो और गरीबी के हालात भी न हों। फिलहाल देश की प्रति व्यक्ति आय औसतन 2 लाख रुपए सालाना है। कुछ 1.75 लाख रुपए के करीब मानते हैं। यानी 7-8 गुना आमदनी बढ़ानी होगी।

आकलन है कि 2047 तक देश की जीडीपी 30 ट्रिलियन डॉलर होनी चाहिए। फिलहाल भारत की जीडीपी करीब 3.75 ट्रिलियन डॉलर है। यानी 8-9 गुना जीडीपी बढ़ानी होगी। यह उस देश के संदर्भ में असंभव-सा लगता है, जिसके 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अन्न बांटा जा रहा है। जहां अब भी 20-22 करोड़ लोग गरीबी-रेखा के तले जीने को अभिशप्त हैं। यह संभव हो सकता है कि अंबानी, अडानी सरीखे उद्योगपतियों की आय के आधार पर जीडीपी का आकलन किया जाए। अधिकांश भारतीय गरीब हैं अथवा निम्न मध्यवर्गीय हैं। उनकी आमदनी कुबेरपतियों की आय के किसी विशेष मद के मद्देनजर मान ली जाए। भारत की आर्थिक असमानता बेनकाब न हो और 5 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य भी हासिल कर लिया जाए। दरअसल भारत का गांव आज भी जर्जर और बेहाल है। कुछ गांवों को चमका दिया जाता है, लेकिन उस चमकदार परत के नीचे का यथार्थ क्या है, शायद नीति आयोग भी नहीं जानता। दृष्टिकोण पत्र में उल्लेख किया गया है कि गरीबी मिटाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिल कर 24 घंटे 7 दिन शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली की उपलब्धता पर काम करें। युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और उद्यमी बनाने के लिए उन्हें कौशल विकास के प्रशिक्षण देने सहित अन्य कदम उठाए जाएं। हमारी सलाह है कि प्रधानमंत्री, उनकी सरकार, सत्तारूढ़ी मुख्यमंत्री और नीति आयोग की अलग-अलग गंभीर समितियां बनाई जाएं। वे आम आदमी की तरह राजधानी दिल्ली के ही ग्रामीण और गरीब इलाकों के सर्वेक्षण कर लें। देश का यथार्थ सामने आ जाएगा कि विकसित वाला दर्जा हासिल करना कितनी दूर है? बेशक पंजाब के 97 फीसदी से ज्यादा घरों तक पेयजल उपलब्ध है और इस संदर्भ में वह प्रथम स्थान पर है, लेकिन 33.5 फीसदी पेयजल की स्थिति के साथ बिहार सबसे नीचे है। 2022 में भारत में 61.5 फीसदी ग्रामीण आबादी को पाइप जल आपूर्ति के जरिए अपेक्षाकृत सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल मिल रहा था। आज कुछ स्थिति सुधरी होगी! नीति आयोग ने भी इसी गर्मियों में, राजधानी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में, पानी के लिए तरसती, लड़ती और आक्रोशित आबादी को देखा होगा! देश के पिछड़े, अनधिकृत और गरीब इलाकों में सामान्य पानी की उपलब्धता की कल्पना की जा सकती है। देश के जीडीपी का कितना फीसदी हिस्सा भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च किया जा रहा है, नीति आयोग केवल बजट के आवंटनों को ही देख ले। ह्यदृष्टिकोण पत्रह्न में विकसित भारत के सामाजिक संकेतकों का भी आकलन किया गया है। मसलन-2047 में भारतीयों की औसत आयु 84 साल होगी। अभी यह उम्र 71 साल है। कुल प्रजनन दर तब गिर कर 1.8 रहनी चाहिए, जो अभी 2.03 है। इसके मायने ये नहीं हैं कि देश की आबादी कम होगी। हमारी आबादी तब 165 करोड़ के करीब होगी।

## हादसों के लिए भोले बाबा जिम्मेदार

राकेश अचल

देश की राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर हादसे के बाद दिल्ली महानगर पालिका निगम सक्रिय हो गयी हैं। एमसीडी ने आधा दर्जन से अधिक भूमिगत निमार्णों पर ताला जड़ दिया है और तमाम निर्माणकताओं को कारण बताओ नोटिस दे दिए हैं। राजनीतिक दल मिलकर इन हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की तलाश कर रहे हैं और एक-दुसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने में अपना पुरुषार्थ दिखा रहे हैं। लेकिन न हमेशा की तरह कोई दोषी मिल रहा है और न मिलेगा।

हकीकत ये है कि हम एक हादसा-प्रूफ देश में रहते हैं। यहां आये दिन छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं लेकिन उनके लिए जिम्मेदार लोगों का, सिस्टम का कभी , कोई पता नहीं चलता। दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर की कोचिंग संस्था में हुया हादसा इसलिए अभी सुर्खियों में है क्योंकि इस संस्थान में देश की भावी नौकरशाही में शामिल होने के लिए प्रतियोगी युवक मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं। ये हादसा प्रकृति जनित है या मनुष्य जनित ये तय करना आसान नहीं है। दिल्ली के उप राज्यपाल ने दिल्ली के कमिश्नर से हादसे के बारे में रिपोर्ट मांगी है। उप राज्यपाल दिल्ली में हादसा स्थल से थोड़ी सी ही दूरी पर रहते हैं। वे चाहते तो वहां खुद जाकर सब कुछ देख सकते थे, किन्तु ऐसा सम्भव नहीं हुआ, क्योंकि हमारे यहां हर चीज का एक सिस्टम है। ये सिस्टम तय करता है कि हमारे भाग्यविधाता कहाँ जाएँ और कहाँ न जाएँ?

अपने आलेखों में मै अक्सर लोकोक्तियों और मुहावरों का इस्तेमाल करता हूँ और लोगों को बताता रहता हूँ रिवायतों के बारे में। हमारे यहां हादसे दर हादसे होते हैं लेकिन हर जगह, हर कोई नहीं जाता। मिसाल के तौर पर देश की संसद ने कहा, देश के सबसे बड़े सांस्कृतिक संघ ने कहा लेकिन हमारे प्रधानमंत्री आजतक मणिपुर नहीं गए। वे रूस जा सकते हैं, ऑस्ट्रिया जा सकते हैं लेकिन मणिपुर नहीं जा सकते। मणिपुर छोड़िये वे हाथरस नहीं जा सकते। ऐसे में वे दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर क्यों जाएँ? प्रधानमंत्री जी ही क्या उनके मंत्रिमंडल का कोई सदस्य क्यों जाए? उनके जाने या न जाने से सिस्टम कौन सा पलक झपकते सुधरने वाला है? प्रधानमंत्री या उप राज्य पाल को फायर ब्रिग्रेड या रेपिड एक्शन फोर्स तो हैं नहीं !

दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर का हादसा भी कोई नया तो है नहीं। ये वो ही दिल्ली है जहां उपहार सिनेमा हादसा हुआ था। हादसे की वजह चाहे आग हो चाहे पानी, लेकिन जिम्मेदार कम से कोई सिस्टम, कोई नेता नहीं होता। मेरे ख्याल से हर हादसे के लिए भगवान जिम्मेदार होता है और भगवान को दण्डित नहीं किया जा सकता। भगवान का काम सृजन और ध्वंश दोनों हैं। वे जो न करें सो कम हैं, इसलिए किसी भी हादसे के लिए न किसी आम आदमी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और न किसी खास आदमी पार्टी [सत्तारूढ़ पार्टी ] को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। जिम्मेदारी ठहरने के लिए कोई शंख बजे या बांसुरी, इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है।

हमारा देश कितने करोड़ की आबादी वाला देश है, ये हमें क्या, हमारी सरकार को भी पता नहीं है। हमारे यहां पिछले 13 साल से जनगणना नहीं हुई, जबकि उसे हर दस साल में करना ही होता है। भाजपा की बैशाखी सरकार जनगणना को फालतू का काम समझती है, इसीलिए उसने न 2021 में जनगणना कराई है और न उसका ऐसा कोई इरादा है। हमारे यहां जन और गण की हैसियत कीड़े-मकोड़ों से ज्यादा नहीं है। इसलिए उन्हें गिनने से क्या फायदा। हमारी सरकार किसी भी हादसे में अकाल मृत्यु के लिए पीडितों के परिजनों को मुआवजा देने का पुण्य कार्य करती है। हमारे देश में 10 हजार से लेकर दस लाख तक का मुआवजा दिया जाता है। जिसकी जैसी हैसियत, उसे वैसा मुआवजा। सबका जीवन अलग-अलग है। उसकी कीमत अलग- अलग है।

ओल्ड राजेंद्र नगर हादसे में मारे गए युवक चूंकि भावी नौकरशाह थे, इसलिए मृतकों के साथी मुआवजे कोई राशि पांच करोड़ मांग रहे हैं। उन्हें पता है कि नौकरशाही का अंग बनने के बाद करोड़ों रुपए कमाना बाएं हाथ का खेल है। हमारे यहां नौकरशाह और नेता किसी के मोहताज नहीं होते। वे एक -दुसरे के सहायक हैं। लूटमार करने में, असंवेदनशील होने में, संविधान की ऐसी-तैसी करने में। कोई किसी से कम नहीं। इस मामले में सभी दलों का चरित्र एक जैसा है। कोई दूध का धुला नहीं है। चाहे दक्षिण पंथी हो या वाम पंथी। कांग्रसी हो या धुर समाजवादी।

आप मानते हों या न मानते हों किन्तु मै मानता हूँ कि हिन्दुस्तान उस देश का नाम नहीं है जिस देश में गंगा बहती है। हिन्दुस्तान उस देश का नाम है जहां 85 करोड़ भिखमंगे रहते है। हिंदुस्तान उस देश का नाम है जिसमें साम्प्रदायिकता की खेती होती है और गेंहूं -चावल, दाल -तिलहन पैदा करने वाले किसान अपनी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य मांगे जाने पर या तो मारे जाते हैं या उनके लिए दिल्ली को कील दिया जाता है। हिंदुस्तान वो देश है जहां सरकार चलने में सहयोग करने वाले दलों को न्यूतम समर्थन मूल्य दिया जाता है और ऐलानिया बजट प्रावधान करके दिया जाता है। बैशाखियाँ लगाना इस देश का सबसे बड़ा और पवित्र कार्य है। इसके लिए कितनी भी कीमत दी जाये कम है।

# महाराष्ट्र में देवेन्द्र फडणवीस से क्यों डरा रहता है विपक्ष?

**इसलिए सारे देश की निगाहें महाराष्ट्र पर लगी रहती हैं। वहां राज्य विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति भी गरमा चुकी है। आरोप-प्रत्यारोप के नियमित दौर चल रहे हैं। महाराष्ट्र का विपक्ष महाविकास आघाडी राज्य के उस नेता पर आरोप लगा रहे हैं, जिसने राज्य का मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश का चौतरफा विकास करवाया। हम बात कर रहे हैं महाराष्ट्र के शिखर भाजपा नेता और वर्तमान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की....देवेंद्र फडणवीस राज्य के एक बड़े नेता होने के साथ ही काफी दूरदर्शी और अनुभवी रणनीतिकार के रूप में भी जाने जाते हैं। वह कई बार मुश्किलों में फँसी पार्टी को बाहर निकालकर अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं। जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे, तब उनके कार्यकाल में राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में कई काम हुए। मुंबई मेट्रो विस्तार और मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग जैसी प्रमुख परियोजनाओं की शुरूआत की गई। तब महाराष्ट्र की प्रतिष्ठा एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में और बढ़ी। देवेंद्र फडणवीस ने ही कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिसिंग को मजबूत किया और अपराध की रोकथाम के लिए टेक्नोलॉजी आपरेटेड सिस्टम की शुरूआत की। समाज कल्याण को लेकर भी उन्होंने काफी पहल की। हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम लागू किए गये। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बीत दिनों देवेन्द्र देवेंद्र फडणवीस पर आरोप लगाया कि वे जब राज्य के गृहमंत्री थे तब उन्होंने (देवेंद्र फडणवीस ने )उन पर दबाव बनाया था कि वे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और महाविकास आघाडी के तीन अन्य नेताओं के खिलाफ केस दर्ज करवा दें। हालांकि देवेंद्र फडणवीस ने देशमुख के इस आरोप को सिरे से खारिज किया है।**





**आर.के. सिन्हा**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

लोकसभा चुनावों के नतीजे आने और केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद अब महाराष्ट्र विधानसभा के आगामी अक्तूबर के महीने होने वाले चुनाव हैं। भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था की जान है महाराष्ट्र। इसलिए सारे देश की निगाहें महाराष्ट्र पर लगी रहती हैं। वहां राज्य विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति भी गरमा चुकी है। आरोप-प्रत्यारोप के नियमित दौर चल रहे हैं। महाराष्ट्र का विपक्ष महाविकास आघाडी राज्य के उस नेता पर आरोप लगा रहे हैं, जिसने राज्य का मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश का चौतरफा विकास करवाया। हम बात कर रहे हैं महाराष्ट्र के शिखर भाजपा नेता और वर्तमान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की....

देवेंद्र फडणवीस राज्य के एक बड़े नेता होने के साथ ही काफी दूरदर्शी और अनुभवी रणनीतिकार के रूप में भी जाने जाते हैं। वह कई बार मुश्किलों में फँसी पार्टी को बाहर निकालकर अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं। जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे, तब उनके कार्यकाल में राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में कई काम हुए। मुंबई मेट्रो विस्तार और मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग जैसी प्रमुख परियोजनाओं की शुरूआत की गई। तब महाराष्ट्र की प्रतिष्ठा एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में और बढ़ी। देवेंद्र फडणवीस ने ही कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिसिंग को मजबूत किया और अपराध की रोकथाम के लिए टेक्नोलॉजी आपरेटेड सिस्टम की शुरूआत की। समाज कल्याण को लेकर भी उन्होंने काफी पहल की। हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम लागू किए गये।

महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बीत दिनों देवेन्द्र देवेंद्र फडणवीस पर आरोप लगाया कि वे जब राज्य के गृहमंत्री थे तब उन्होंने (देवेंद्र फडणवीस ने )उन पर दबाव बनाया था कि वे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और महाविकास आघाडी के तीन अन्य नेताओं के खिलाफ केस दर्ज करवा दें। हालांकि देवेंद्र फडणवीस ने देशमुख के इस आरोप को सिरे से खारिज किया है। कुल मिलाकर लग यह रहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जनता के बुनियादी मसलों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप लगते रहेंगे। विपक्ष सत्ता हासिल करने के लिए तबीयत से कीचड़ उछालेगा।

जाहिर है फडणवीस ने भी देशमुख को उनकी ही भाषा में जवाब भी दिया। सबको याद है कि अप्रैल 2021 में गृह मंत्री रहे देशमुख पर तत्कालीन मुंबई पुलिस कमिनर परमबीर सिंह ने यह आरोप लगाया था कि उन्होंने महाराष्ट्र की पुलिस को शहर के होटल और बार मालिकों से पैसे वसूलने पर लगा दिया था। अब देशमुख कह रहे हैं कि फडणवीस के निर्देश पर परमबीर सिंह ने उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए। अब तीन साल बाद वही एनसीपी नेता देशमुख यह दावा कर रहे हैं कि फडणवीस ने उन पर उद्धव और आदित्य ठाकरे, तत्कालीन डिप्टी सीएम अजीत पवार और मंत्री अनिल परब सहित एमवीए के प्रमुख लोगों के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए दबाव डाला था। साफ है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में टकराव बढ़ने वाले हैं और महाविकास आघाडी के निशाने पर देवेंद्र फडणवीस ज्यादा रहने वाले हैं। देवेंद्र फडणवीस पर विपक्ष गठबंधन महाविकास आघाडी के नेता रणनीति के तहत हल्ला बोल रहे हैं। उन्हें लगता है कि देवेंद्र फडणवीस को घेरकर वे विधानसभा चुनाव में बढ़त बना सकते हैं।

बेशक, यह अफसोसजनक स्थिति है कि जिस फडणवीस के मुख्यमंत्रित्व काल में राज्य का अभूतपूर्व विकास हुआ, उन पर मिथ्या आरोप लग रहे हैं। उनके ही नेतृत्व में मुंबई मेट्रो का विस्तारीकरण हुआ। मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग, आर्थिक गलियारों और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एक्सप्रेसवे परियोजना की शुरूआत हुई। बढ़ती शहरी आबादी को समायोजित करने के लिए किफायती आवास योजनाओं को उन्होंने ही लागू किया। सड़क और रेल परियोजनाओं सहित सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क में सुधार किया। आतंकवाद-रोधी उपायों के तहत संभावित खतरों को रोकने और उनका जवाब देने के लिए सुरक्षा ढांचे को बढ़ावा दिया। देवेंद्र फडणवीस ने सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर दिया। मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक के तहत मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ने के लिए इस समुद्री पुल की शुरूआत की।

गोपीनाथ मुंडे के निधन के बाद देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र की राजनीति में एक प्रमुख नेता के रूप में सामने आए। उन्होंने राज्य भाजपा को एकजुट किया। यह फडणवीस ही थे जिन्होंने भाजपा की ताकत बढ़ाने के लिए शिवसेना के बिना चुनाव लड़ने का हिम्मती फैसला किया। उन्होंने राज्य के लिए भाजपा की स्वतंत्र ताकत और दृष्टि पर जोर दिया और उनके नेतृत्व में ही भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। राज्य में शिव सेना के बिना भाजपा की सरकार बनाने के लिए फडणवीस ने ही मंच तैयार किया।

अब भी वह सत्तासीन गठबंधन में स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनका रणनीतिक कौशल जबर्दस्त रहा है। वह शासन में निरंतरता और प्रगति सुनिश्चित करते हुए लचीलेपन के साथ हर मुद्दे का राजनीतिक समाधान तलाशने में महारत रखते हैं। वही विभिन्न वर्गों के साथ प्रभावी ढंग से बातचीत करने में आगे रहे हैं। उनकी नेतृत्व शैली और उपलब्धियों ने उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति में एक केंद्रीय व्यक्ति के रूप में स्थापित किया है। वह पैराशूट वाले नेता नहीं हैं। महाराष्ट्र में वह भाजपा में रैंक के माध्यम से आगे बढ़ने वाले नेता हैं। फडणवीस 1989 में युवा विंग के अध्यक्ष रहे हैं और केवल 27 साल की उम्र में नागपुर के मेयर नियुक्त हुए और 44 साल की उम्र में मुख्यमंत्री बन गए। वह एक ऐसे नेता हैं जो भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और आरएसएस दोनों में स्वीकार्यता रखते हैं। वह संघ के मूल मूल्यों को समझते हैं और पार्टी के भीतर उसको अपनाने की कोशिश भी करते हैं। महाराष्ट्र में हाल ही में हुए राजनीतिक उथल-पुथल जैसे चुनौतीपूर्ण समय के दौरान स्थिति को स्थिर करने और पार्टी के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में उनकी बड़ी भूमिका रही है। हाल के लोक सभा चुनावों में पार्टी की हार को अपनी जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करते हुए इस्तीफा देने की उनकी पेशकश, नैतिक बल को ही दर्शाती है।

फडणवीस पर 2024 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को जीत दिलाने की बड़ी जिम्मेदारी है। राज्य के राजनीतिक हलकों में कई लोगों को लगता है कि पिछले दस वर्षों से महाराष्ट्र में भाजपा के निर्विवाद नेता के रूप में फडणवीस ही राज्य में भाजपा की पुनः वापसी कर सकते हैं। वे विपक्ष को पटकनी देने में सक्षम हैं। विपक्ष भी हमेशा फडणवीस से ही डरा हुआ दिखाई देता है। किसी न किसी तरह से उन पर निशाना साधने में महाविकास अघाडी के नेता कोई कसर नहीं छोड़ते। यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देवेन्द्र फडणवीस पर भरोसा रखते हैं।

# जीवन की यही है रीत, यहाँ हार के बाद होती है जीत

**मै आज आप के समक्ष चुनावी समर क्षेत्र में पराजित प्रत्याशी की पीड़ा पर मार्मिक कहानी बताऊँ इसके पहले एक प्रचलित भजन सहारा लेना चाहूँगा- वैशण्व जन तेनें कहियें पीर पराई जाने रे। अर्थात-सच्चे हितेषी, मित्र तो सच्चे संत के समान होते है। जो हमेशा ही आपका अपना हितेषी, मित्र, शुभ चिन्तक व समर्थक हमेशा ही आपके साथ खड़े होते है। आपको मदद करने के तत्पर रहते है। लेकिन कुछ ऐसे भी होते है जो केवल आपके सु :ख व अच्छे वक्त में खड़े रहते है लेकिन मौका मिलते व आपके विपरीत समय में बीच मझधार में छोड़ कर खिसक जाते है। खैर आज मै आप के समक्ष चुनाव की एक चर्चित घटना की चर्चा कर रहें है। कहानी का प्राराम्भ एक पराजित प्रत्याशी की प्रणाम से प्रारम्भ है। यह बात 13 जुलाई 24 की है। देश की राजधानी दिल्ली के लुटियन जोन के रायसीना मार्ग स्थित प्रजातंत्र के प्राण व सच्चे प्रहरी का ऐतिहासिक प्रेस कल्ब ऑफ इण्डिया परिसर में जहाँ पर आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की इतिहास के पन्ने में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। मौका है एक मात्र मान्यता प्राप्त पत्रकारों की सन 1966 में स्थापित संगठन जो प्रेस ऐसोशिएशन के द्विवार्षिक चुनाव 24। मै यहाँ स्पष्ट कर दूँ कि प्रेस ऐसोशिएशन का वही पत्रकार सदस्य बन सकते है जिन्हे सुचना प्रसारण मंत्रालय भारत के अधीनस्थ पी आई वी से जिन पत्रकारों को मान्यता मिली हो। वही इस चुनाव में हिस्सा व मतदान कर सकते है। शनिवार की सुबह, समय करीब 10 :30 बजे।**





**विनोद कुमार सिंह**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

संसार तो एक समर क्षेत्र है। इस समर क्षेत्र में दोनो प्रतिद्वन्दी अपने अपने सर्मथकों, शुभ चिन्तकों के सहारे अपनी किस्मत अजमानें उतरता है, किसी के पक्ष में विजयश्री का ताजपोशी होती है वही दूसरी ओर उसके प्रतिद्वन्धी को पराजय की पीड़ा से गुजरना पड़ता है। मै आज आप के समक्ष चुनावी समर क्षेत्र में पराजित प्रत्याशी की पीड़ा पर मार्मिक कहानी बताऊँ इसके पहले एक प्रचलित भजन सहारा लेना चाहूँगा- वैशण्व जन तेनें कहियें पीर पराई जाने रे। अर्थात-सच्चे हितेषी, मित्र तो सच्चे संत के समान होते है। जो हमेशा ही आपका अपना हितेषी, मित्र, शुभ चिन्तक व समर्थक हमेशा ही आपके साथ खड़े होते है। आपको मदद करने के तत्पर रहते है। लेकिन कुछ ऐसे भी होते है जो केवल आपके सुःख व अच्छे वक्त में खड़े रहते है लेकिन मौका मिलते व आपके विपरीत समय में बीच मझधार में छोड़ कर खिसक जाते है। खैर आज मै आप के समक्ष चुनाव की एक चर्चित घटना की चर्चा कर रहें है। कहानी का प्राराम्भ एक पराजित प्रत्याशी की प्रणाम से प्रारम्भ है। यह बात 13 जुलाई 24 की है। देश की राजधानी दिल्ली के लुटियन जोन के रायसीना मार्ग स्थित प्रजातंत्र के प्राण व सच्चे प्रहरी का ऐतिहासिक प्रेस कल्ब ऑफ इण्डिया परिसर में जहाँ पर आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की इतिहास के पन्ने में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। मौका है एक मात्र मान्यता प्राप्त पत्रकारों की सन 1966 में स्थापित संगठन जो प्रेस ऐसोशिएशन के द्विवार्षिक चुनाव 24। मै यहाँ स्पष्ट कर दूँ कि प्रेस ऐसोशिएशन का वही पत्रकार सदस्य बन सकते है जिन्हे सुचना प्रसारण मंत्रालय भारत के अधीनस्थ पी आई वी से जिन पत्रकारों को मान्यता मिली हो। वही इस चुनाव में हिस्सा व मतदान कर सकते है। शनिवार की सुबह, समय करीब 10:30 बजे। आज हमें दोहरी भूमिका निभा करनी है। एक तरफ जहाँ हमें एक सजग मतदाता के रूप में अपनी मतदान कर अंहम भुमिका अदा करनी है वही दुसरी तरफ चुनावी मैदान में एक कोषाध्यक्ष पद पर एक उम्मीदार के अपने मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान व समर्थन देने मार्मिक अपनी कर अपने आप को विजय श्री बनना है। यहाँ पर स्पष्ट कर दुं कि यह चुनाव मेरे जीवन कितना अंहम है इसे मै अपने शब्दों में व्यक्त नही कर सकते है। कोई व्यक्ति जब किसी क्षेत्र में पहली वार अपना कदम उठाता है तो वह जज्बाती है-मेरे शाथ कुछ ऐसा ही हुआ। यह चुनाव मेरे जीवन का पहला चुनाव है। चुनावी मैदान सभी प्रत्याशी ने अपनी विजय के लिए रणनीति तैयार कर लिया था खासकर नायक जी के पैनल की उत्साह व उमंग दिखते ही बनता था, हो भी क्यों नही-स्वयं नायक जी र्निविरोध अध्यक्ष पर चुने गए थें, खैर-मेरे व मेरे संग र्निदलीय प्रत्याशी जो पहले भी चुनावी मैदान उत्तरे थें कुछ को विजय श्री का सौभाग्य मिला था, कुछ को पराजय स्वीकार करने का अनुभव था। कुल मिला कर चुनावी मैदान में अनुभवी खिलाड़ी के बीच में बिलकुल ही अनाड़ी था। 24 जुन 24 को मैने अपने शुभ चिन्तकों के विचार विर्मश के बाद एन एम सी में रखें पेटी में अपना दो पदों के नामाकंन पत्र डाल दिया। पहला कार्यकारणी सदस्य व दुसरा कोषाध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी। नामांकन पत्र की अधिकृत अधिकारियों के द्वारा मेरे दो नामांकन पत्र सही पायें है। प्रेस एसोशिएसन के संविधान के अनुसार एक सदस्य एक पद पर चुनाव लड़ सकता है। मैने अपने शुभ चिन्तकों, समर्थकों व मीडिया मित्रों के परामर्श व गहन-चिन्तन मनन के उपरान्त कोषाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने व कार्यकारणी सदस्यों में अपना नाम वापस ले लिया। अब बारी थी चुनावी मैदान के लिए रणनीति बना नें के लिए, यहाँ मै चुनावी महाभारत के मैदान में अभिमन्यू की अकेला पड़ गया था, सो मैनें अकेले चुनावी चक्रबहु को तोड़ने जी तोड़ प्रयास कर रहा था, अपने मतदाताओ व समर्थको के सम्पर्क, संवाद व सहयोग के लिए लगातार प्रयास कर रहे थें। अन्त में मेरी अग्नि परीक्षा के छड़ी आई गई। 13 जुलाई 24 प्रेस कल्ब ऑफ इण्डिया का परिसर, चुनाव में तैनात अधिकारीगण के साथ र्निविरोध र्निवाचित अध्यक्ष सी के नायक चुनाव सपन्न कराने में व्यस्त थें। आज मेरे जीवन का अद्भुत पल था, वही अपनी मतदाताओ को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए रिझानें समझानें के लिए चुनौती थी। एक याचक की तरह मै खड़ा था शायद मै भी चुनावी समर क्षेत्र में एक योद्धा की तरह खड़े थे ऐसा बाद में उस समय के प्रत्यक्षदर्शी व मीडिया मित्रों नें कहा कि-तकियावाला जी आपने आज आपने हम सभी बता दिया कि चुनाव किस तरह लड़ा जाता है। इस बार पी ए चुनाव को काफी ही उत्साह वर्द्धक बना दिया है। इस दौरान कुछ रोचकक्षण, कुछ नोंक झोक, हल्की फुल्की हँसी मजाक की फुलझड़ी भी दिखाई थी। संध्या के 5:30 बजे मतदान समाप्त की घोषणा हुई। संग ही संग आपसी सहमति हुई कि आज ही मतगणा करा ली जाए, ताकि कल रविवार व छट्टी का दिन है। इस मतदान में 239 मतदाताओ ने अपने मतदान किया। अब बारी थी मतो की गनती की। चुनाव अधिकारी व अधिकृत प्रतिनिधियों के देख रेख मतपेटी खोली गई। दो घंटो की मशक्त के बाद-चुनाव अधिकारियों द्वारा चुनाव में प्रत्यासियों की उपस्थित में मतदाताओ के फैसला को रोचक अंदाज सुनाया, हालकि मुझे मतगना केद्र पर कुछ हितैषी द्वारा सम्मानित मतदाताओं के फैसले के

# बेहतर पोषण से कारगर होती टीबी खात्मे की मुहिम

अमरपाल सिंह वर्मा

टीबी की बीमारी को खत्म करने के लिए दुनिया भर में व्यापक प्रयास हो रहे हैं। भारत में टीबी एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है जिसके खात्मे के लिए 2025 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एक सामाजिक बीमारी के रूप में टीबी के फैलने के लिए गंदी बस्तियों, अस्वच्छ घुटन भरे अंधेरे मकानों में निवास, भीड़भाड़ में रहने, असुरक्षित कार्यस्थलों में काम करने, इलाज में लापरवाही, अंधविश्वास आदि को जिम्मेदार माना जाता है, लेकिन इसके साथ-साथ गरीबी एवं कुपोषण भी ऐसे कारक हैं, जो टीबी के प्रसार में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। हमारे देश में कुपोषण की जड़ों पर प्रहार कर टीबी को मात देने के सराहनीय प्रयास हो रहे हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। यह कोई छुपी हुई बात नहीं है कि टीबी फैलने के कारणों में एक बड़ा कारण गरीबी है और टीबी से मौत की वजह रोगी का कुपोषित होना है। यानी लोग पर्याप्त पोषण के अभाव में रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण टीबी की चपेट में आ रहे हैं। कई लोग टीबी ग्रस्त होने के बाद पोषण न मिलने से मर जाते हैं। गरीब लोग सुचारू रूप से इलाज भी नहीं करवा पाते, वे अच्छा पोषण कहां से ले सकते हैं। अभी भी कुपोषण टीबी की बड़ी वजह बना हुआ है, लेकिन पिछले छह सालों में, जब से टीबी रोगियों में कुपोषण की समस्या से निपटने के प्रयास शुरू हुए हैं, टीबी के खात्मे की मुहिम और भी कारगर हो चली है। इसका श्रेय निश्चय ही सरकार और सरकार की पहल कर टीबी रोगियों के लिए अच्छे पोषण की व्यवस्था करने के लिए आगे आ रहे देशवासियों को है। सरकार ने कुपोषण की समस्या के समाधान के लिए अप्रैल 2018 में निक्षय पोषण योजना का आगाज किया, जो प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में एक उत्कृष्ट पहल साबित हुई है। इसके तहत प्रत्येक टीबी रोगी को उपचार की पूरी अवधि के लिए 500 रुपए प्रति माह पोषण के लिए दिए जा रहे हैं। यह राशि बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन बीमारी को झेल रहे एक गरीब व्यक्ति के लिए यकीनन संबल बन रही है। इसी तरह का एक और सकारात्मक कदम सरकार की पहल पर 19 सितंबर 2022 को शुरू की गई निक्षय मित्र योजना है। निक्षय मित्र योजना एक तरह से टीबी रोग से पीड़ित लोगों को गोद लेने की योजना है। इसके तहत कोई भी नागरिक, जन प्रतिनिधि, राजनीतिक दल, गैर सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट संस्थान टीबी के मरीज को गोद ले सकता है। इस अभियान के तहत व्यवस्था की गई है कि निक्षय मित्र बनने वाला व्यक्ति अथवा संस्था कम से कम एक साल और अधिक से अधिक तीन साल के लिए किसी गांव, वार्ड, पंचायत, ब्लॉक या जिले के किसी टीबी रोगी या रोगियों को गोद लेकर उन्हें भोजन, पोषण, आजीविका के स्तर पर जरूरी मदद उपलब्ध करा सकते हैं। आम तौर पर सरकार की पहल पर शुरू की जाने वाली योजनाओं को अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाती है, लेकिन खुशी का विषय है कि समूचे देश के लोग सामाजिक दायित्व के तहत निक्षय मित्र योजना से जुडकर देश को टीबी मुक्त करने में योगदान दे रहे हैं। निक्षय मित्र योजना को शुरू हुए पौने दो साल हो चुके हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार देश में 13 लाख 55 हजार 600 रोगियों का उपचार चल रहा है, इनमें से दस लाख 10 हजार 66 रोगियों ने समुदाय से सहायता पाने की सहमति दी है और उन्हें पोषण उपलब्ध कराने के लिए दस लाख 4 हजार 679 लोग संकल्प ले चुके हैं। संकल्प ले चुके लोगों में से एक लाख साठ हजार 997 लोग निक्षय पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराकर रोगियों को बेहतर पोषण उपलब्ध करवा रहे हैं। राजस्थान में लोग निक्षय मित्र के रूप में मदद के लिए तेजी से आगे आ रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन की चपेट आने से एक युवक की मौत

बेतिया(कुमार अभिजीतम) ।मझौलिया- सुगौली रेल खंड के बीच सोमवार के दिन ट्रेन के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई ।सूचना मिलते हीं पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बेतिया जीएमसी भेज दिया । उपरोक्त बातों की जानकारी प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अमर कांत ने दी। उन्होंने बताया की यह घटना सुबह की है । मृतक की पहचान पूर्वी चंपारण जिले के पहाड़ पुर थाना अंतर्गत इब्राहिम पुर बाजार वार्ड नंबर 02 निवासी वीरेंद्र साह के पुत्र 31 वर्षीय दिलीप कुमार साह के रूप में हुई है ।घटना राजघाट रेल गुमटी करीब 200 मीटर पश्चिम भाग में पिलर 196/30 व 196/32 के बीच किसी ट्रेन के चपेट में आने से इनकी मौत हो गई थी ।मृतक के पिता ने बताया कि मेरा पुत्र मानसिक रूप से विक्षिप्त था। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बेतिया जी एम सी एच भेज दिया गया।

### दूसरी सोमवारी को बाबा मोहब्बतनाथ शिवालय में शिव भक्तों के लिए भंडारा

रसूलपुर ।सावन की दूसरी सोमवारी को क्षेत्र के शिवालयों सहित बाबा महेन्द्रनाथ मेंहदार रोड पुरे दिन शिवमय रहा ।डीजे पर थिरकते शिव भक्तों ने बाबा महेन्द्रनाथ,,बाबा दूधनाथ नवादा ,बाबा मोहब्बतनाथ ,बाबा दुर्गेश्वरनाथ ,प्राचीन गणेश शिव मंदिर रसूलपुर सहित तमाम शिवालयों में पूजा अर्चना की ।रसूलपुर चौक सहित महेन्द्रनाथ हाल्ट स्टेशन पर भक्तों की सुरक्षा के लिए रसूलपुर पुलिस तैनात रही ।मौके पर बाबा मोहब्बतनाथ शिवालय परिसर में भंडारे का आयोजन समाजसेवी प्रिंस राय व साथियों द्वारा किया गया ।जहां पुजारी बाबा रमाकांत दास ब्रह्मचारी ,पुजेरिन वनदेवी ,समाजसेवी नन्हू सिंह आदि मौजूद रहे।

### समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण में एक अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय सभी विभागों के पर्यावेक्षकीय स्तर के पदाधिकारियों/कर्मियों को एक्टिवेट करते हुए कार्ड निर्माण हेतु शत प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण करने, स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत प्रखंड मुख्यालयों में बने भवनों को अविलंब जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका को हैंड ओवर करने, 11 पंचायत सरकार भवनों में अविलंब विद्युत आपूर्ति बहाल करने, अधिष्ठापित सोलर लाइट के संबंध में शत प्रतिशत राशि का भुगतान करने, सभी पंचायतों में खेल मैदान बनाने हेतु भूमि का चयन कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने तथा जिले के प्रत्येक वार्ड में 4 पौधा बरगद, नीम, पीपल एवं महुआ का पेड़ लगाने हेतु सभी सम्बन्धित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया।

### नेशनल लोक अदालत की तैयारी तेज



बेतिया(घनश्याम) ।आगामी 14 सितंबर 2024 को होने वाले तृतीय नेशनल लोक अदालत को ले जिला जज सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष प्रजेश कुमार ने बेतिया व्यवहार न्यायालय के पदाधिकारी गण के साथ बैठक की। जिला जज ने सभी न्यायिक पदाधिकारीगण को निर्देशित किया कि आप सभी अपने-अपने न्यायालय से अधिक से अधिक सुलहनीय वादों को चिन्हित करें और उसमें नोटिस निर्गत करें साथ ही साथ पक्षकारों के साथ प्री सिटिंग कर पक्षकारों को सुलह के आधार पर अपने अपने वादों के निष्पादन हेतु उन्हें तैयार करें। जिला जज द्वारा यह भी कहा गया कि एन आई एक्ट संबंधित वादों, वन वाद, माप तौल से संबंधित वाद, खनन से संबंधित वाद, लेबर एक्ट से भी संबंधित वादों को चिन्हित कर इसमें पक्षकारों को नोटिस निर्गत किया जाए। ताकि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन इस नेशनल लोक अदालत में किया जा सके। मौके पर प्राधिकार के सचिव अमरेंद्र कुमार राज सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# 6 शातिर ज्वेलरी चोर सामान के साथ गिरफ्तार पिता -पुत्र दुकानदार भी शामिल: डीएसपी

## सारण पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, छः कांडों का भी हुआ सफल उद्भेदन

प्रात :किरण संवाददाता



छपरा । पुलिस कप्तान के निर्देश पर जिला के विभिन्न थानों में लगातार गृह भेदन एवं चोरी की घटना को सफल उदभेदन को लेकर चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत एक टीम का गठन किया गया था । तकनीकी अनुसंधान के क्रम में गरखा थाना अंतर्गत पकवा इनार के पास तथा अवतार नगर थाना के राम गढ़वा ग्राम में गृहभेदन कर लौट रहे शातिर चोरों को सामान के साथ रंगे हाथ पकड़ने में सारण पुलिस को कामयाबी मिली है । उक्त बातें डीएसपी राज किशोर सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं । डीएसपी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के व्यान व निशानदेही पर पूर्व के कांड में चोरी किया गया ज्वेलरी एवं रुपए की बदामदगी भी भिन्न-भिन्न जगह से की गई है । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चोरी कर बेचे गए आभूषणों को भी ज्वेलरी के दुकान से बरामद किया गया है ' इस प्रकार टीम के द्वारा गृह भेदन/ चोरी के 6 कांडों का सफल उदभेदन हो गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजा कुमार 29 वर्ष, पिता बसंती बैठा, ग्राम टरवा मगर पाल, थाना दरियापुर, कुंदन कुमार उम्र 24 वर्ष पिता विनोद महतो, ग्राम टरवा मगर पाल, थाना दरियापुर, सारण, रंजीत कुमार ऊर्फ भीम महतो, उम्र 25 वर्ष, पिता रामजी महतो, ग्राम बरबट्टा, थाना सोनपुर, मां भवानी ज्वेलर्स के मालिक भोला साह 45 वर्ष,पिता कृष्णा साह,ग्राम मगरपाल नूरन,थाना दरियापुर जिला सारण एवं 21 वर्षीय सोनू कुमार पिता भोला साह, ग्राम मगरपाल नूरन,थाना दरियापुर,जिला सारण के रूप में पहचान की गई है ' अनुमंडल पुलिस अधीक्षक राज किशोर सिंह ने यह भी बताया कि गिरफ्तार किए गए अपराधियों में चोरी के ज्वेलरी खरीदने वाले दुकानदार पिता -पुत्र भी शामिल है । गिरफ्तार अपराधियों के पास से मंगलसूत्र एक पीस, चांदी का सिक्का 6 पीस,कंगन चार पीस, अंगूठी सोने जैसा चार पीस, लाल मोतियों में पिरोया हुआ मंगलसूत्र सोने जैसा एक पीस, झुमका चार पीस, नथिया एक पीस,मगटीका एक पीस, सोने जैसा जितिया एक पीस, ढोलना एक पीस, चांदी जैसा पायल 22 जोड़ा,

बाला एक पीस, पंजा चांदी जैसे एक जोड़ा, कमर धनी चांदी जैसा एक जोड़ा, बिछिया एक जोड़ा, कमर धनी एक पीस, सीकरी चांदी जैसा दो पीस, नकद 30,400 रुपए, गुल्लक में 672 रुपए का सिक्का तथा तीन सेट मोबाईल बरामद हुआ है । अनुमंडल पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक रिकार्ड रहा है, जिसमें गरखा थाना कांड संख्या 420/24, 326/ 24, अवतार नगर थाना कांड संख्या 179/24,180/24 एवं 181/ 24 तथा मुफस्सिल कांड संख्या 439/ 24 शामिल है ' इन अपराधियों की गिरफ्तारी टीम में पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष गरखा शशि रंजन कुमार, प्रवर पुलिस अवर निरीक्षक राहुल त्रिपाठी, प्रवर पुलिस अवर निरीक्षक सह जिला सह जिला आसूचना इकाई 2 सुजीत कुमार एवं साकेत बिहारी, विकास कुमार तकनीकी शाखा तथा गरखा थाना कर्मी शामिल थे ।

# बीएच सीरीज के नम्बर के लिए चुकाना होगा 14 वर्षों का कर : जिला परिवहन पदाधिकारी

## पूर्व के आवंटनधारियों को बकाया 12 वर्षों का कर चुकाने के लिए मिलेगा 60 दिन

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया। जिला परिवहन पदाधिकारी ललन प्रसाद ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा अधिसूचना संख्या 9185, दिनांक- 20.07.24 जारी करते हुए वाहनों के बीएच सीरीज रजिस्ट्रीकरण चिन्ह के आवंटन के मामले में केन्द्रीय मोटरवाहन नियमावली, 1989 के नियम-51ख के अनुरुप दो वर्षों हेतु प्रावधानित मोटरवाहन कर के अनुसार दो वर्षों के गुणज में (२७७) 14 वर्षों के लिए मोटरवाहन कर एक साथ वाहन के निबंधन के समय उद्गहीत करने का प्रावधान किया गया है। अर्थात अब बीएच सीरीज का निबंधन नम्बर लेने के लिए आम लोगों को दो वर्ष के बदले 14 वर्षों का कर एक साथ जमा करना होगा। पहले दो वर्षों के लिए ही कर जमा करना होता था और उसके बाद रिन्युअल कराने का प्रावधान था, किन्तु अब एक साथ चौदह वर्षों का कर एक साथ जमा कराना होगा। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि पूर्व से बीएच सीरीज के अन्तर्गत निबंधित वाहन, जिन्होंने मात्र दो वर्ष का कर जमा किया है, उन्हें सरकार के द्वारा 60 दिनों का समय दिया गया है ताकि वे बकाया 12 वर्ष का कर एक साथ जमा करा सकें। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि पूर्व से आवंटन धारियों को नोटिस देने की कवायद शुरू कर दिया गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि बीएच सीरीज नंबर प्लेट ऐसे लोगों के लिए है जो सरकारी या प्रतिष्ठित निजी कंपनियों में जॉब करते हैं, जिनका तबादला देश के किसी हिस्से में किया जाता है। केंद्र व राज्य सरकार के कमीर्चारी, पीएसयू विभाग, रक्षा विभाग, कार्मिक विभाग व निजी क्षेत्रों की ऐसी कंपनियां जिनका कार्यालय कम से कम चार राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में है। बीएच सीरीज का नम्बर प्लेट लगाने पर किसी राज्य में प्लेट नहीं बदलनी पड़ती है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि जिनके द्वारा बकाया 12 वर्षों का कर नहीं जमाया कराया जाएगा उनके विरुद्ध नियमानुसार अर्थदण्ड अधिरोपित करने का भी प्रावधान किया गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने वैसे सभी वाहन मालिक जिन्होंने बीएच सीरीज का नम्बर ले रखा है से अपील किया कि वे स्वयं जगरूक होकर अगले 60 दिनों में बकाया 12 वर्षों का कर जमा करा दें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला परिवहन कार्यालय में संपर्क करने का भी सुझाव दिया गया।

# पक्की फुलवारी मुहल्ला वासियों को जलजमाव की त्रासदी से जल्द ही मिलेगी निजात: गरिमा



प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया। नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि नगर निगम के वार्ड पांच स्थित पक्की फुलवारी मुहल्ला वासियों को जलजमाव जल जमाव की त्रासदीपूर्ण समस्या से जल्दी ही निजात मिल जाएगी। महापौर श्रीमती सिकारिया की सख्ती के बाद मुहल्ले के मेन रोड के दोनों तरफ दो दो फीट वाले आरसीसी नाले का निर्माण शुरू हुआ है। योजना के साइट के इंचार्ज अभियंता सुजय सुमन, नगर पार्षद के प्रतिनिधि संजय कुमार शर्मा अन्य के साथ महापौर ने उक्त नाला के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। महापौर ने नाला के निर्माण कार्य में मानक गुणवत्ता का पूरा अनुपालन करने का निर्देश दिया। श्रीमती सिकारिया ने कहा कि मोहल्ला वासी वर्षों से जल जमाव की समस्या झेलने को अभिशप्त रहे हैं। इसको लेकर अनेकों बार उन्हें पीड़ित और परेशान लोगों की मदद के लिए आना पड़ा है। उन्होंने बताया कि तकनीकी आधार पर लेबल निकाल कर शुरू नाला निर्माण के क्रम में एक चेंबर के माध्यम से इस मुहल्ले के दोनों नालों को राष्ट्रीय उच्च पथ 727 के मुख्य नाले से जोड़कर मोहल्ला में जल जमाव की समस्या स्थाई तौर पर निदान किया जायेगा। महापौर के साथ मौके पर स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# पुलिस की उपस्थिति में अधिवक्ता की जमीन पर भू माफियाओं ने किया कब्जा



प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कोर्ट। व्यवहार न्यायालय के भगवान बाजार थाना के भगवान बाजार थाना रोड निवासी अधिवक्ता दिलीप कुमार ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। अपने आवेदन पत्र में उन्होंने दर्शाया है कि 25 जुलाई को अपने घर से न्यायालय आ रहे थे तो भगवान बाजार स्टेशन रोड के पास (भी मार्ट मार्केट के पीछे) जहां उनके खरीदी जमीन थी। उस पर भू माफियाओं द्वारा कब्जा किया जा रहा था। जिसको लेकर उन्होंने पुलिस नंबर 112 पर भी फोन किया। परंतु कोई पुलिस कर्मी नहीं आया। तब उन्होंने भगवान बाजार थाना में फोन किया तो वहां से गस्ती दल आई और उनके खरीद जमीन का कागज दिखाने के बावजूद भी भू माफियो ने पुलिस के सामने ही जमीन की घेराबंदी कर दी।

तत्पश्चात अधिवक्ता भगवान बाजार थाना गए परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब उन्होंने पुलिस अधीक्षक को लिखित रूप में आवेदन दिया है। बताते चले की 21 अप्रैल 2023 को भी अधिवक्ता दिलीप कुमार के इसी जमीन पर स्थित कार्यालय को भी इन्ही भू माफियाओं द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। जिसको लेकर अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम के न्यायालय में विचारण विचाराधीन है।

# जरूरतमंद अभिभावकों ने बच्चे को लिया गोद, दंपत्ति जोड़ा को डीडीसी ने सौंपा बच्चा

प्रात :किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। जीवन की आपाधापी के बीच बच्चों की आकांक्षा पाले दंपति जोड़ों के लिए सोमवार का दिन खुशियां देने वाला रहा. सारण जिला प्रशासन के द्वारा एक बच्चा के दत्तक ग्रहण की कारवाई पूर्ण की गई। डीडीसी प्रियंका रानी ने अपने कार्यालय कक्ष में बच्चे को उनके परिजनों को अंतिम रूप से सौंप दिया. अडॉप्शन की प्रक्रिया पूरी होते ही बच्चे अपने नए माता पिता को सुपुर्द कर दिए गए, इस दौरान दंपति जोड़ों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने भावविह्वल होकर जिला प्रशासन को धन्यवाद प्रेषित किया। बच्चे को अमेरिका के दंपत्ति ने गोद लिया. इन्होंने 2015 में बच्चा गोद लेने के लिए उअफअ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया था. इनका नबर आने और सारी प्रक्रिया से गुजरने के बाद इन्हें सोमवार को फाइनल अडॉप्शन की प्रक्रिया पूर्ण की गई. ज्ञात हो कि समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, सारण के माध्यम से बच्चों के दत्तक ग्रहण की कारवाई की जाती है. संस्थान में अनाथ बच्चों को पूरी सुरक्षा और सुविधाओं के बीच रख कर उनका भरपूर पालन पोषण किया जाता है। इस अवसर पर प्रभारी सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई, पूजा कुमारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी (सीपीओ) पंकज प्रसाद, समन्वयक कहकशां रशीद, दीपांशु राज आदि उपस्थित रहे। जानिए बच्चों को गोद के लिए क्या नियम है कोई भी ऐसा दंपति जिसकी शारीरिक एवं मानसिक स्थिति सुदृढ़ हो बच्चा गोद लेने के लिए पात्र हो सकता है। यदि उन्होंने कम से कम दो वर्ष का स्थिर वैवाहिक जीवन व्यतीत किया हो तथा दत्तक ग्रहण के लिए दोनों की आपसी सहमति जरूरी है। अलग-अलग उम्र वाले दंपति को अलग-अलग उम्र के बच्चे की पात्रता होती है। बच्चा गोद लेने के लिए केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के वेबसाइट ूं१ल्लॅर२.६ूॅ.ङ्मि५.ल्ल पर रजिस्ट्रेशन करना होता है। जांच के बाद बच्चा गोद लेने के पात्र माता-पिता को बच्चा गोद दिया जाता है। एकल पुरुष अभिभावक को केवल लड़का गोद दिया जा सकता है। जबकि एकल महिला अभिभावक को लड़का एवं लड़की दोनों को गोद दिया जा सकता है। दो संतान वाले दंपति सामान्य बालक के दत्तक ग्रहण के लिए पात्र नहीं है। वह सिर्फ विशेष आवश्यकता वाले बालक को ही दत्तक ग्रहण कर सकते हैं। देश में किसी अन्य माध्यम से बच्चा गोद लेना और देना कानूनी अपराध है।

# माँझी के रामघाट पर एक युवक ने सरयु की तेज धारा में लगाई छलाँग



प्रात :किरण संवाददाता

माँझी। माँझी के रामघाट पर सोमवार की सुबह एक युवक ने सरयु की तेज धारा में छलाँग लगा दी तथा देखते ही देखते वह गहरे पानी में डूब गया। यह लोमहर्षक घटना तब हुई जब राम घाट पर स्नानार्थियों की भारी भीड़ जमा थी तथा सावन महीने की दूसरी सोमवारी होने की वजह से रामघाट पर बड़ी संख्या में पहुँचे श्रद्धालु सरयु में स्नान करके स्थानीय रामेश्वरम मन्दिर एवम मौनिया बाबा मंदिर में पूजा अर्चना करने जा रहे थे। इससे पहले नदी में डूब रहे युवक को बचाने के लिए कई युवकों ने नदी में छलाँग भी लगा दी हालाँकि उसे बचाया नही जा सका और वह डूब गया। घटना की सूचना पाकर घाट पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुँचे माँझी के थानाध्यक्ष अमित कुमार तथा स्थानीय नगर पँचायत की कार्यपालक पदाधिकारी रक्षा लोहिया ने स्थानीय गोताखोरों द्वारा नौका तथा जाल के सहारे शव की खोजबीन शुरू कराया। इस बीच पुलिस ने घाट पर पड़े मृतक की सफेद रंग की शर्ट,चप्पल व कागज का एक टुकड़ा भी बरामद किया है जिसपर मृतक का नाम व पता लिखा हुआ है। मौके पर पहुँचे मृतक के परिजनों के रुदन क्रन्दन से वहाँ का माहौल गमगीन हो गया तथा वहाँ पर उपस्थित लोग उन्हें ढांढ़स बंधाने में जुटे हुए थे। खबर भेजे जाने तक मृतक का शव बरामद नही किया जा सका था। मृतक छपरा शहर के पूर्वी रौजा निवासी व रिटायर्ड शिक्षक रामजी राय का द्वितीय पुत्र सुदीश राय उम्र 40 वर्ष बताया जाता है। मृतक के परिवार में उसके दो भाई तथा उसकी पत्नी के अलावा ग्यारह वर्षीय एक पुत्र व तेरह वर्षीय एक पुत्री है। परिजनों ने बताया कि मृतक का पूरा परिवार फिलहाल गुदरी बाजार के समीप रहता है।

# बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में हुआ 22 महिलाओं का बंध्याकरण

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया(कुमार अभिजितम) ।जनसंख्या स्थिरीकरण जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले के बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में 22 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ ए के तिवारी की देखरेख में किया गया। जिले के डीसीएम राजेश कुमार ने बताया कि सभी 18 प्रखंडों में सारथी रथ द्वारा महिलाओं को बंध्याकरण एवं पुरुषों को नसबन्दी कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है, वहीं अस्थायी संसाधनों के उपयोग हेतु हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर व अन्य सामुदायिक स्थानों पर स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से कैंप लगाकर कंडोम, माला-डी, अंतरा, गर्भ निरोधक गोलियां वितरित की जा रहीं है। उन्होंने बताया कि सभी पीएचसी में 75 महिला बंध्याकरण एवं 5 पुरुष नसबन्दी करने का लक्ष्य रखा गया है। इस तरह कुल 1350 महिला बंध्याकरण एवं 90 पुरुष नसबन्दी का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई से 26 जुलाई तक जिले के संस्थानों में 4 हजार 560 संस्थागत प्रसव कराया गया है। इंटरवल पीपीएस 495, आईयुसीडी 85, अंतरा 390 और एक पुरुष नसबन्दी कराई गई है। राजेश कुमार ने बताया कि परिवार कल्याण मेला, पखनहा, बैरिया में महिलाओं व आमजनों को बढ़ती जनसंख्या पर रोक के उपाय बताये गए। इस दौरान अंतरा, गर्भनिरोधक गोलियां, माला-एन, कंडोम के बारे में आशा, एएनएम द्वारा जागरूक करते हुए उपलब्ध कराया गया। - परिवार नियोजन कराने पर मिलेगी सहायता राशि जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी अमित कुमार ने बताया कि बच्चे दो ही अच्छे, ज्यादा बड़ा परिवार होने पर परिवार के भरण-पोषण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इसलिए खुशहाल परिवार के लिए बच्चों के बीच अंतर रखें, दो बच्चे होने के बाद स्थायी विधियों द्वारा परिवार नियोजन कराए।

# इस स्वतंत्रता दिवस पर आइए हम छपरा के गौरवशाली अतीत को याद करें : एडीएम

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सोमवार दोपहर एडीएम छपरा ने जिला स्तरीय अधिकारियों और मीडियाकर्मियों के साथ बैठक की जिले में आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह के संबंध में चर्चा की गई। मुख्य समारोह राजेन्द्र स्टेडियम, छपरा में आयोजित किया जायेगा। जिले के महादलित टोला में भी झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके अलावा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। जिले में पहले भी ऐसा होता रहा है, इस बार भी जिला प्रशासन और छपरा के आम लोगों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा। बैठक में यह सुझाव भी दिया गया है कि बारिश होने की स्थिति में फुटबॉल मैच भी कराया जाए। शाम को चार बजे भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। अपनी विशिष्ट उपलब्धियों से सारण जिले का नाम रोशन करने वाले छात्रों और निवासियों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। एडीएम छपरा ने उपस्थित अधिकारियों को छपरा के ऐसे प्रतिभावान लोगों की सूची तैयार करने को कहा जिन्होंने जिले का नाम रोशन किया है स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छपरा जिला प्रशासन जिले के गौरवशाली अतीत का जश्न मनाएगा। इस दौरान होने वाली संभावित बारिश को देखते हुए संबंधित विभागों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि व्यवस्थाएं वर्षा को ध्यान में रखकर की जाये।

# अनियंत्रित स्कॉर्पियो के चपेट में आने से पैदल चल रहे कावरियां की हुई मौत

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सोमवारी के दिन बाबा महेंद्रनाथ को जल चढ़ाने के लिए मांझी गंगा नदी तट से जलभरी कर अपने दोस्तों संग बैंड-बाजे के साथ पैदल सिवान जिला के मेहंदार स्थित महेंद्रा नाथ धाम जा रहा था. इस बीच रास्ते में एकमा थाना अंतर्गत मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित स्कार्पियो ने उसे अपनी चपेट में लिया जिसके कारण उसकी मौत मौके पर हो गई. वहीं दुर्घटना के बाद चालक स्कॉर्पियो लेकर भाग निकलने में सफल रहा. घटना बीती देर रात्रि की बतलाई गई है. मृतक की पहचान जिले के एकमा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौतन गांव निवासी मनोज कुमार प्रसाद के 16 वर्षीय पुत्र प्रिंस प्रसाद के रूप में की गई. घटना के संबंध में बताया जाता कि नौतन गांव के दर्जनों युवक सोमवारी के दिन सिवान जिले के मेहंदार स्थित बाबा महेंद्रनाथ को जलाभिषेक करने के लिए सारण जिले के मांझी नदी घाट पर पहुंचे थे. जहां से जलभरी करने के बाद बैंड-बाजे के साथ वह लोग रात्रि में ही पैदल यात्रा पर निकले थे. उस दौरान प्रिंस के द्वारा जलभरी के समय का अपना फोटो भी अपने स्टेटस पर लगाया गया था, लेकिन रास्ते में अनियंत्रित स्कार्पियो ने उसे रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. वहीं इस घटना की सूचना के बाद परिवार वालों में कोहराम मच गया. उसके पिता मानसिक रूप से कमजोर है. जिसके कारण घर की देखभाल की जिम्मेदारी भी उसके कंधे पर रहती थी. अब उसकी मौत के बाद परिवार के सामने विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है.वही एकमा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा, जहां शव पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद परिवार वालों को सौंप दिया गया है

# बिहार के इकलौते वाल्मीकि टाईगर रिजर्व वाल्मीकिनगर में विश्व टाइगर डे मनाया गया

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। सोमवार को विश्व टाइगर डे वाल्मीकिनगर स्थित वन सभागार में स्कूली बच्चों संग मनाया गया ।बतादें की इसकी की टाईगर डे की शुरूआत 2010 में की गई थी। बिहार के इकलौते वाल्मीकि टाइगर रिजर्व ने बाघों के संरक्षण और संवर्धन को लेकर देश के 6 राज्यों को पीछे छोड़ कीर्तिमान स्थापित किया है। टाइगर सेंसस के बाद गत वर्ष वीटीआर को देशभर के शीर्ष 5वें स्थान का गौरव प्राप्त हुआ और पीएम मोदी ने भी सम्मानित किया। हालांकि, उस वक्त यहां बाघों की संख्या 30 से 35 के करीब थी, लेकिन आज यहां बाघों की तादाद में निरंतर बढ़ोतरी के बाद अब यह आंकड़ा 60 के करीब जा पहुंचा है। देश में बाघों के संरक्षण के लिए वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर शुरू किया गया। उस समय देश में मात्र 8 अभयारण्य थे। लेकिन वर्तमान में इनकी संख्या 53 हो चुकी है। इन्ही अभयारण्य में यूपी और नेपाल सीमा पर स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व भी शामिल है। यहां रॉयल बंगाल टाइगर पाए जाते हैं। पड़ोसी देश नेपाल के चितवन नेशनल पार्क से सटे नारायणी गंडक नदी तट पर करीब 900 वर्ग किलोमीटर में फैले वीटीआर का इलाका इंडो नेपाल सीमा के वाल्मीकिनगर से बेतिया तक है। इसे दो डिवीजन और 8 वन क्षेत्र में बांटा गया है। बाघों के संरक्षण को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्कूली छात्रों के साथ साथ जनसहभागिता की कवायद तेज है। खासतौर पर गन्ना किसानों से सहयोग को लेकर इको विकास समिति का गठन किया गया है और तो और यहां आने वाले सैलानियों से भी बाघों को बचाने की अपील की जा रही है। तभी तो स्लोगन दिया गया है मुझे फंदे से बचाओ ... जियो और जीने दो...क्योंकि बाघ हैं तो आप हैं बतातें चलें कि वाल्मीकिनगर स्थित वन सभागार में स्कूली बच्चों संग वन विभाग ने एक कार्यक्रम आयोजित कर टाईगर डे मनाया। इस कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण से सम्बंधित जानकारियां दी गई। सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य डी मिश्रा,पर्यावरणविद व समाजसेवी मनोज कुमार,स्थानीय नदी घाटी योजना उच्च विद्यालय की सहायक शिक्षिका श्रीमती गुप्ता समेत वन विभाग के डीएफओ आतिश कुमार ने बच्चों व उपस्थित वनकर्मियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि स्वच्छ पर्यावरण के लिए बाघ का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि विलुप्त हो रहे बाघो को बचाने के लिए सबसे पहले रूस के सन पीटर्सबर्ग में 10 से 12 देशों ने एक कार्यक्रम से आगाज किया था ।लेकिन अब इस कार्यक्रम में बहुत से देश शामिल होकर इस मुहिम को आगे बढ़ा रहे हैं। बतादें की कार्यक्रम की शुरूआत में बच्चों को बाघ के ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई जिसमें बाघों के विलुप्त और उसके संरक्षण के बारे में चल रहे मुहिम की जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान वीटीआर के वन प्रमंडल 2 में वन कर्मियों के अच्छे कार्यों को देखते हुए प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीएफओ आतिश कुमार,प्रशिक्षु डीएफओ, रेंजर राजकुमार पासवान,फॉरेस्टर प्रवीण कुमार समेत बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं व कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

प्रात :किरण संवाददाता

एकमा। स्थानीय थाना क्षेत्र के नवतन गांव के दर्जनों युवकों ने सावन की दूसरी सोमवारी को जलाभिषेक करने के लिए रविवार के दिन नौतन गांव से एक ट्रैक्टर ट्रॉली पर डीजे बांधकर नाचते गाते हुए युवाओं ने अपने-अपने घर से रात्रि के 8:00 बजे एक टोली बनाकर मांझी से जल भारी कर मेंहदार जाने के लिए निकल पड़े ।मांझी से लौटकर मेंहदार जाने के क्रम में एकमा मांझी बरौली पथ के नवतन गांव के समीप नहर व लालागांछी के बीच एकमा की ओर से मांझी की ओर जा रही तेज गति से एक बोलेरो गाड़ी ने ठोकर मार कर फरार हो गई। जहां एक युवक बुरी तरह घायल हो गया ।घायल का इलाज हेतु अन्य साथियों ने एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते हैं थाना अध्यक्ष उदय कुमार के नेतृत्व में पुअनि शंकर दास ने दलबल के साथ स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच कर घटना की जायजा लेने पहुंचे तब तक मृत के माता पिता सहित अन्य लोग स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे जहां युवक को मृत पड़ा देखकर परिजनों में कोहराम मच गई। मृतक की पहचान माने पंचायत के नवतन गांव निवासी मनोज प्रसाद का 17 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है ।मृतक के पिता व माता गीत देवी एवं छोटा भाई का रो रो कर हाल बुरा हो गया था ।पंचायत के मुखिया अनीता देवी के प्रतिनिधि अरविंद सिंह ने पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मिलकर इस दुःख कि घड़ी में ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया ।मृतक अपने माता-पिता के बड़ा पुत्र था। जिसकी जाने का गम परिजनों को सत्ता रहा था ।

# यश की टॉक्सिक का हिस्सा बनने की खबरों पर तारा सुतारिया ने तोड़ी चुप्पी



साउथ सुपरस्टार यश इन दिनों अपनी आगामी फिल्म टॉक्सिक- ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं, जो फिल्म की कहानी और उनके कलाकार से जुड़ी हुई हैं। फिल्म की कास्ट अब तक पूरी तरह से तय नहीं हुई है, ऐसे में फिल्म में शामिल हो रहे कलाकारों के बारे में जानकारियां फैंस का उत्साह बढ़ा रही हैं। जब से इस फिल्म की घोषणा हुई है, तब से कई अभिनेत्रियों का नाम इस फिल्म से जुड़ चुका है। हाल ही में तारा सुतारिया की फिल्म में शामिल होने की खबर तेजी से फैल रही थीं, अब इस पर अभिनेत्री ने चुप्पी तोड़ी है। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि तारा सुतारिया फिल्म टॉक्सिक में यश की दूसरी प्रेमिका के किरदार में नजर आएंगी। वहीं अब इस किरदार को निभाने की अफवाह के बीच तारा ने क्रिप्टिक नोट साझा किया है। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए तारा ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक गुप्त नोट लिखा। नोट में उन्होंने लिखा कि पिछले कुछ दिनों में एक प्रोजेक्ट और उनके बारे में प्रकाशित सभी लेख सच नहीं हैं।

आज शुक्रवार, 26 जुलाई को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तारा ने लिखा, सभी को नमस्कार, पिछले कुछ दिनों में एक प्रोजेक्ट और मेरे बारे में जो लेख जारी किए गए हैं, वे झूठे हैं और मैंने उन्हें साझा नहीं किया है। अभिनेत्री ने कहा, जब भी साझा करने के लिए कुछ होगा, मैं इसे आप सभी के साथ साझा करूंगी। मेरा प्यार हमेशा। कोई भी किसी से पीछे नहीं है। इस दौरान अभिनेत्री ने फिल्म के नाम का खुलासा नहीं किया। दरअसल, वायरल खबरों में कहा गया था कि टॉक्सिक में तारा, यश की दो प्रेमिकाओं में से एक के रूप में नजर आएंगी, दूसरी प्रेमिका कियारा आडवाणी होंगी। हालांकि, अब तारा ने इन अफवाहों का खंडन किया है। वहीं कथित तौर पर बहुभाषी और बड़े बजट की इस फिल्म में नयनतारा भी यश की बहन की भूमिका में होंगी और हुमा कुरैशी नकारात्मक किरदार में होंगी। ड्रग माफिया की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में यश एक गैंगस्टर की भूमिका में होंगे।



## हीरो हीरोइन के लिए तेलुगु भाषा सीख रहीं दिव्या

बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला ने अपनी आगामी फिल्म हीरो हीरोइन के लिए अपना शेड्यूल फाइनल कर लिया है। पहले इस फिल्म की शूटिंग 10 जून से शुरू होनी थी, मगर बाद में इसमें बदलाव कर दिया गया। अब इस फिल्म की शूटिंग 5 अक्टूबर से शुरू होगी। फिल्म के निर्माता 12 अगस्त को फिल्म के मुख्य अभिनेता के नाम का खुलासा करेंगे। ये एक तेलुगु फिल्म है। इसके लिए दिव्या तेलुगु भाषा सीख रही हैं।

तेलुगु सीख रहीं दिव्या खोसला
फिल्म में ऐशा देओल, सोनी राजदान, परेश रावल, इशिता चौहान, तुषार कपूर, कोमल नाहटा और प्रियंका चाहर चौधरी भी हैं। प्रियंका चाहर चौधरी इस फिल्म से फिल्मों में अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। दिव्या ने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, हीरो हीरोइन एक भव्य और महत्वाकांक्षी तेलुगु फिल्म है, जो अपनी जटिल दुनिया और सम्मोहक किरदारों से सफल है। इस भूमिका के साथ न्याय करने के लिए मैं लगन से तेलुगु सीख रही हूं और खुद को किरदार में पूरी तरह से डुबो रही हूं। उन्होंने आगे कहा, जैसे-जैसे मैं स्क्रिप्ट की गहराई से उतरती गई। मुझे एहसास हुआ कि यह एक अभिनेता से बहुत कुछ मांगती है, खासकर भाषा में महारत हासिल करने की। सावी के लिए मेरी कमिटमेंट और हीरो हीरोइन के लिए आवश्यक और जरूरी तैयारी को देखते हुए। हमने 5 अक्टूबर को शूटिंग शुरू करने का फैसला किया है। इसके साथ ही अभिनेत्री ने फिल्म की निर्माता प्रेरणा अरोड़ा और निर्देशक सुरेश कृष्ण के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### हीरो हीरोइन के साथ दर्शकों का दिल जीतने का तैयार

दिव्या खोसला ने कहा, मैं दक्षिण के निर्माताओं कृष्णा विजय एल और पवन सदानिनी के साथ सहयोग करने के लिए भी उत्साहित हूं, जो पीओवी स्टोरीज के मालिक हैं। सावी की सफलता के बाद मैं प्यार और समर्थन से अभिभूत हूं। मैं हीरो हीरोइन के साथ एक बार फिर दिल जीतने के लिए तैयार हूं।

## ठिठुरती ठंड में तमन्ना ने शूट किया था स्त्री 2 का गाना

इस साल की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 की रिलीज का हर एक प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहा है। हाल ही में स्त्री 2 का गाना आज की रात रिलीज हुआ था, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस गाने में तमन्ना भाटिया ने जोरदार डांस किया और लोगों की खूब वाहवाही बटोरी। स्त्री 2 के इस आइटम नंबर में तमन्ना ने अपने हॉट मूव्स से आग लगा दी थी। लेकिन क्या आपको पता है उनके इस बोल्ड और हॉट डांस मूव्स के पीछे उन्होंने कितनी मेहनत की थी, यहां तक की वह अपना जन्मदिन भी भूल गई थीं। इन्हीं लम्हों को याद करते हुए तमन्ना ने स्त्री 2 के गाने आज की रात के सेट से एक बीटीएस वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडस पर साझा किया है। छह साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार 15 अगस्त को फिल्म स्त्री 2 सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज होने के बाद कुछ दिन पहले इसका आइटम सॉन्ग आज की रात रिलीज हुआ था, जिसमें तमन्ना भाटिया ने अपने हॉट मूव्स से सभी का दिल जीत लिया। स्त्री 2 के गाने आज की रात में तमन्ना भाटिया का शानदार डांस हर किसी को पसंद आया। इस गाने में उनकी बोल्डनेस ने सभी के होश उड़ा दिये, लेकिन इस बोल्डनेस के पीछे डांस के चक्कर में अभिनेत्री की कुल्फी बन गई थी। खुद अभिनेत्री ने सेट से बीटीएस वीडियो साझा कर इसकी झलक दिखाई है। तमन्ना भाटिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आज की रात के सेट से एक वीडियो साझा किया है। इस क्लिप में अभिनेत्री ठिठुरती सर्दी में आइटम नंबर की शूटिंग करती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो में तमन्ना कहती नजर आ रही है कि इस स्त्री को आईस्क्रीम खाना पसंद है, आईस्क्रीम बनना नहीं। जैसे ही शॉट कट हुआ, एक्ट्रेस शॉल में लिपट गईं। आगे तमन्ना ने पूरे वीडियो में बताया कि कैसे उन्होंने इस वीडियो को शूट किया। तमन्ना भाटिया ने वीडियो साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, वो रात से आज की रात तक..., मौसम बहुत ठंडा था, लेकिन लोगों का प्यार बहुत गर्म था।



## कल्कि में अपने एक्शन से होश उड़ाने के बाद हॉरर-कॉमेडी लेकर आए प्रभास



पैन इंडिया सुपरस्टार प्रभास अपनी हालिया ब्लॉकबस्टर कल्कि की सफलता से भरे हुए हैं। उनकी आगामी फिल्मों में से एक ने पहले से ही चर्चा पैदा कर दी है, वो मारुति के डायरेक्शन में बनी साउथ फिल्म द राजा साब है। इस रोमांटिक हॉरर एंटरटेनर ने हाल ही में जारी अपने फर्स्ट लुक से फैंस को इंप्रेस किया है। मेकर्स ने 28 जुलाई को घोषणा की कि फिल्म की एक झलक 29 जुलाई को जारी की जाएगी। फैन इंडिया ग्लिम्प्स टाइटल से, प्रभास की फिल्म द राजा साब का टीजर उनके फैंस के लिए एक गिफ्ट होने वाला है। इसके अलावा, मेकर्स ने प्रभास को स्टाइलिश लुक में दिखाते हुए एक नया लुक पोस्टर भी जारी किया। पोस्टर में वह मैरून जैकेट और काला चश्मा भी पहने हुए हैं और फूलों से सजी एक पुरानी कार की ओर आगे की ओर झुके हुए हैं। पोस्टर पर टेक्स्ट में घोषणा की गई है कि झलक 29 जुलाई को शाम 5-03 बजे जारी की जाएगी। फिल्म को टीजी विश्व प्रसाद ने बनाया है, जिसमें थमन एस का संगीत है। इसमें शामिल प्रोडक्शन कंपनियां पीपल मीडिया फैक्ट्री और जीएसके मीडिया हैं। मारुति की आगामी फिल्म एक हॉरर-कॉमेडी है जिसमें बहुत सारे वीएफएक्स है। इस मस्ती भरी फिल्म में प्रभास घनी दाढ़ी और लंबे बालों में नजर आएंगे।



## रणवीर की नई फिल्म को लेकर उत्साहित हैं दीपिका पादुकोण



**दीपिका पादुकोण अपने पति रणवीर सिंह का हौसला बढ़ाने में बिल्कुल भी पीछे नहीं रहती। एक बार फिर उन्होंने ऐसा ही किया है। दीपिका पादुकोण ने अपने पति के आदित्य धर के साथ मिलकर बनाई जा रही अगली फिल्म की घोषणा करने के बाद तुरंत प्रतिक्रिया दी है। रणवीर की आगामी फिल्म में अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल भी हैं।**

अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर दीपिका ने रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल स्टारर आदित्य धर की अगली एक्शन थ्रिलर फिल्म का पोस्टर साझा किया। उन्होंने पोस्टर के साथ एक ब्लैक हार्ट इमोजी लगाया है। इससे पता चलता है कि इस फिल्म के लिए वह काफी उत्साहित हैं।

रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर की आधिकारिक घोषणा
रणवीर सिंह की इस आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म की आधिकारिक घोषणा पूरी टीम ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर साझा कर दी। अभिनेता संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल ने एक ब्लैक एंड व्हाइट कोलाज साझा किया है।

### रणवीर ने पोस्ट साझा कर दी जानकारी

रणवीर सिंह ने पोस्ट साझा करते हुए लिखा, यह मेरे प्रशंसकों के लिए है, जो मेरे साथ बहुत धैर्य रखते हैं और इस तरह के मोड़ के लिए शोर मचा रहे हैं। मैं आप सभी से प्यार करता हूं और मैं आपसे वादा करता हूं कि इस बार, एक ऐसा सिनेमाई अनुभव मिलेगा जो पहले कभी नहीं हुआ। आपके आशीर्वाद के साथ, हम इस शानदार, बड़े मोशन पिक्चर एडवेंचर को उत्साही ऊर्जा और शुद्ध इरादे के साथ शुरू करते हैं। इस बार, यह व्यक्तिगत है।' मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म को बड़े बजट के साथ बड़े पैमाने पर शूट किया जाएगा। फिल्म की शूटिंग छह महीने तक चलेगी, जिसमें धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस और कहानी में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे। जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित, लोकेश धर और आदित्य धर के साथ उनके बैनर बी62 स्टूडियोज के तहत इस फिल्म का निर्देशन आदित्य ने किया है। इस फिल्म की शूटिंग अब आधिकारिक रूप से शुरू हो चुकी है।




## एक बार फिर दिल जीतने आ रहे हैं के के मेनन, शेखर होम में निभाएंगे जासूस का किरदार

के के मेनन हिंदी सिनेमा के जाने-माने कलाकार हैं। उन्हें उनकी अभिनय क्षमता के लिए काफी सराहा भी जाता है। वह मुख्य रूप से हिंदी फिल्मों में नजर आते हैं, लेकिन उन्होंने गुजराती, तमिल, मराठी, तेलुगु आदि फिल्मों में भी काम किया है। वह जब भी पर्दे पर नजर आते हैं, अपने किरदार के साथ दर्शकों के मन पर छाप छोड़ने में कामयाब रहते हैं। अब एक बार फिर से वह दर्शकों का दिल जीतने वापस आ रहे हैं। वह जल्द ही अपने जासूसी ड्रामा सीरीज में नजर आने वाले हैं। कई फिल्मों में अपने अदाकारी का जलवा बिखरेने वाले अभिनेता के के मेनन अब ओटीटी पर फिर से दर्शकों का मनोरंजन करने को तैयार हैं। वह जल्द ही अपने आगामी जासूसी ड्रामा सीरीज शेखर होम में नजर आएंगे। वह अपनी इस नई भूमिका से एक बार फिर दर्शकों को दिल जीतने वाले हैं। निर्माताओं ने गुरुवार को इस सीरीज का पहला लुक जारी किया था, जिसमें अभिनेता की इस सीरीज से पहली झलक दिखाई गई है।

अभिनेता की ये आगामी सीरीज ओटीटी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर प्रसारित होगी। निर्माताओं द्वारा जियो सिनेमा के इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किए गए संयुक्त पोस्ट में केके मेनन जासूस के अवतार में नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर को तस्वीरों में छिपी पहले के रूप में साझा किया गया है। इसे साझा करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा है, इसे एक साथ जोड़ें और आपको एहसास होगा कि वह अकेला है जो सभी रहस्यों को सुलझा सकता है। शेखर होम जल्द ही आ रहा है जियो सिनेमा प्रीमियम पर। बात करें केके मेनन के वर्क फ्रंट की तो हाल में ही वह नेटफ्लिक्स की सीरीज द रेलवे मेन में नजर आए थे। भोपाल गैस त्रासदी के दौरान रेलवे कर्मचारियों द्वारा हजारों लोगों की जान बचाने के ईर्द-गिर्द इसकी कहानी घूमती है।

## खतरनाक खलनायक की भूमिका निभाना चाहती हैं सुमोना

अभिनेत्री सुमोना चक्रवर्ती ने कहा कि वे अपनी नई रचनात्मक यात्रा में एक खलनायक से लेकर एक खुफिया अधिकारी तक के किरदार निभाना चाहती हैं। कई टीवी शो और कपिल शर्मा के साथ कॉमेडी शो कर चुकीं अभिनेत्री ने कहा कि वे फिक्शन में काम करने के लिए तरस रही हैं। उन्होंने कहा कि मैं हार्डकोर एक्शन, थ्रिलर या मनोवैज्ञानिक थ्रिलर करना चाहती हूं, क्योंकि मुझे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपराध और खून-खराबा देखना पसंद है। मैं ऐसा करना पसंद करूंगी, मैं एक हार्डकोर खलनायक या खुफिया अधिकारी की भूमिका निभाना पसंद करूंगी। कलाकार कभी भी पूरी तरह से संतुष्ट नहीं होते। हम हमेशा ज्यादा और अलग-अलग काम करना चाहते हैं। मैंने तय किया है कि मैं फिक्शन और अलग-अलग तरह के काम के लिए अपनी लालसा को पूरा करना चाहती हूं। ओटीटी पर बहुत अच्छा काम हो रहा है, मुझे उम्मीद है कि लोग मेरे साथ इसे एक्सप्लोर करने के लिए तैयार हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिलीप आजाद के छठी पुण्यतिथि पर याद किया गया

बरियारपुर(मुंगेर)। बरियारपुर प्रखंड के आजाद मार्केट के परिसर मे पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिलिप आजाद याद किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष विनय कुमार यादव ने किया उपस्थित विधान परिषद सदस्य लाल मोहन गुप्ता, मुकेश कुमार सिंह,राम दिलिप पासवान, विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह प्रखंड अध्यक्ष बरियारपुर राजीव कुमार टीटू, के साथ अनेक गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।उन्होंने ने कहा दिलिप आजाद भाजपा के जमालपुर सह बरियारपुर के प्रखंड के संयुक्त अध्यक्ष रहते हुऐ बरियारपुर प्रखंड को प्रथम अध्यक्ष पद पर बिराज मान रहे।इनके कार्यकाल मे भाजपा संगठन द्वारा आजाद स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा आजाद हिन्द फुटबाल टुर्नामेन्ट संचालन किया गया था।

### किसानों को बीजली आपूर्ति सुनिश्चित करे बिहार सरकार: बीरेन्द्र गोप

गया।राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा बिहार एडवोकेट वीरेन्द्र कुमार उर्फ वीरेन्द्र गोप ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं ऊर्जा मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव को पत्र लिखकर मगध प्रमण्डल के किसानों को डीजल अनुदान के बजाय कम से कम18 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है। वीरेन्द्र गोप ने कहा कि डीजल अनुदान केवल अधिकारियों एवं बिचौलियों का जेब भरने का जरिया है, विगत कुछ वर्षो से देखा जा रहा है कि डीजल अनुदान से जरूरत मंद किसानों को कोई लाभ नहीं प्राप्त होता, इस योजना से सिर्फ बिचौलियों एवं अधिकारियों की जेबें भरती है।वीरेन्द्र गोप ने कहा कि एक तरफ पूरा मगध प्रमण्डल में आठ दिन सावन बीत जाने के बाद भी वर्षा नहीं होने से सुखाड़ कि चपेट में है तो दूसरे तरफ बीजली विभाग द्वारा किसानों की आपूर्ति होने वाले बीजली में कटौती कर उनके जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा काम किया जा रहा है। वीरेन्द्र गोप ने कहा कि अगर बिहार सरकार किसानों को सही मायने में मदद करना चाहती है तो कम से कम उन्हें 18 घंटा निर्वाध रुप बीजली मुहैया कराये जिससे किसान अपनी धान की रोपनी सुचारू रूप से कर सके।

### प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में हम नए आयामों को छूने की उम्मीद करते हैं:डॉ मनीष पंकज मिश्रा

गया।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल जी दिल्ली से पटना आने पर भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।स्वागत के अवसर पर बिहार भाजपा किसान मोर्चा के बागबानी प्रकोष्ठ के सह संयोजक डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा आपका प्रदेश अध्यक्ष बनना हमारे लिए गर्व का विषय है। आपके नेतृत्व में हम नए आयामों को छूने की उम्मीद करते हैं। आपकी मेहनत और समर्पण से हमें प्रेरणा मिलती है। पटना की धरोहर, संस्कृति और परंपरा में आपका हार्दिक अभिनंदन है। आपके साथ मिलकर हम नए लक्ष्य प्राप्त करेंगे। एक बार फिर से आपका स्वागत करते हैं और आपके सफल कार्यकाल की कामना करते हैं।2025 में आपके नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से विजयी होंगे।

### अहिबरन मेधा सम्मान समारोह ग्यारह अगस्त को

गया। नगर बरनवाल सेवा समिति की एक अहम बैठक मोहनलाल जीरादेई बरनवाल सेवा सदन में अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पवन की अध्यक्षता में हुई है।इस बैठक में सर्व सम्मति से आगामी 11 अगस्त 2024 को अहिबरन मेधा सम्मान समारोह के आयोजन पर सहमति बनी है ।जिसमे बरनवाल समाज के वैसे छात्र जिन्होंने 2023-24 में मैट्रिक एवं इंटर में बिहार बोर्ड से 70 प्रतिशत से अधिक एवं सीबीएसी बोर्ड में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया हो, उन छात्रों को सम्मानित करने की योजना बनी है इसके साथ ही अन्य किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफल छात्रों को भी सम्मानित करने का विचार आया है ।इस बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक महेंद्र प्रसाद, अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पवन, सचिव राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष विक्की बरनवाल, उपाध्यक्ष जितेंद कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

### शेरघाटी नगर परिसद में बस स्टैंड का हुआ बंदोबस्ती

शेरघाटी।नगर पर्षद के सभागार में सोमवार को शहर के बस स्टैंड की बंदोबस्ती की गई. उपमुख्य पार्षद तारकेश्वर उर्फ भोला चौधरी, कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार एवं पार्षदों के उपस्थिति में डाक की प्रक्रिया शुरू की गई. डाक की प्रक्रिया में गगन कुमार, जमीर अहमद एवं एहतेशाम जौहर ने हिस्सा लिया. इस दौरान सबसे अधिक 40 लाख 65 हजार की बोली लगाकर एहतेशाम जौहर ने एक बार फिर बस स्टैंड का ठेका अपने नाम किया. कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि 8 महीने के लिए बस स्टैंड की बंदोबस्ती की गई है. चुनाव को लेकर आचार संहिता लग जाने निविदा 4 महीने बाद की गई है।

# एक हजार फीट की ऊंचाई पर अवस्थित है देवाधिदेव ऊंचेश्वर नाथ महादेव देवघरा

## देवाधिदेव महादेव देवघरा में पूजा अर्चना के लिए दूर-दूर से अपने परिवार के साथ आते हैं श्रद्धालु

रणधीर सिंह



तारापुर ( मुंगेर)। प्राकृतिक संसाधनों से हरा भरा और अतीत की यादों को अपने सीने में समेटे देवाधिदेव ऊंचेश्वर नाथ महादेव देवघरा की धरा का अपना ऐतिहासिक वजूद रहा है। गौरतलब है कि सावन महीने में हर रोज दूर-दूर से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के अलावे विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के मौके पर दक्षिण बिहार की ओर से आने वाले बोल बम कांवरिया का यहां पहुंचकर पूरे भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक करते है । ऐसे प्रसिद्ध देवाधिदेव उचेश्वरनाथ महादेव के ऊपर जलाभिषेक करने के लिए हर रोज सैकड़ों छोटी बड़ी वाहनों से अपने पूरे परिवार के साथ पूजा करने से लेकर अपनी मन्नतें पूरी होने पर श्रद्धालु विशेष पूजा करने को लेकर पहुंचते हैं। उचेश्वरनाथ महादेव के बारे में महाभारत एवं श्रीमद् भागवत गीता में चर्चा है कि इसी सिद्ध पीठ पर अर्जुन ने तपस्या कर देवाधिदेव महादेव को प्रसन्न कर उनसे गांडीव प्राप्त किया था। महादेव ने उन्हें उच्च श्रेणी का गांडीव दिया । उसी दिन से इस महादेव का नाम उचेश्वर नाथ महादेव एवं देवनगर का नाम देवघरा पड़ा । जानकारी के अनुसार कालांतर में लोगों ने इसे उचेश्वर नाथ महादेव के नाम से पुकारना प्रारंभ कर दिया । यहां पहाड़ के नीचे शिवगंगा है । आज भी राज्य के कोने कोने से सालों भर लोगों का यहां पहुंच कर शिवगंगा में स्नान कर एवं उसकी मिट्टी अपने ललाट पर लगा कर पूजा अर्चना कर धन्य होते है । इधर नोनाजी पंचायत के मुखिया सुरेश यादव ने बताया कि यहां गौतम, कणाद, बहुलाश्र , अयामी , एवं विदेह राज ने जनक, के साथ ही कई महापुरुषों ने भी तपस्या कर देवाधिदेव महादेव ऊंचेस्वरनाथ से वरदान प्राप्त किया था। इस पौराणिक ऐतिहासिक स्थलों के उपेक्षित रहने से इसका समुचित विकास आज तक नहीं हो पाया है। मंदिर के मुख्य पुजारी सुधीर दास ने बताया कि सावन महीने में हर रोज जलाभिषेक के साथ-साथ यहां रुद्राभिषेक करने से लेकर शाम ढलने के बाद महाआरती के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है । जहां श्रद्धालुओं की मन्नतें भी पूरी होती है। क्षेत्र ही नहीं श्रद्धालुओं के लिए कालांतर से ही आम प्रदेश का ऐतिहासिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से पूर्वांचल का सबसे बड़ा आस्था का केंद्र देवाधिदेव उचेश्वर नाथ महादेव देवघरा माना जाता रहा है। प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के मौके पर भी यहां विशाल मेले का भी आयोजन होता है ।जहां मेले में बड़े-बड़े प्रवचन कर्ता की कथा भी होती है ।मान्यता यह भी रहा है कि यहां सालो भर लोग शिव के ऊपर जलाभिषेक करने का सिलसिला जारी रहता है ।उसके बाद ही अपने किसी तरह के छोटे-बड़े कामों को लोग आगे बढ़ाते हैं ।पर्वत के नीचे बेहद खूबसूरत मनोरम दृश्य सालों भर श्रद्धालुओं को लुभाता रहता है ।

# मुंगेर में डेंगू मरीजों के लिए 40 बेड तैयार, विभाग चौकस

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)।बिहार स्वास्थ्य विभाग के आदेश के बाद मुंगेर के सिविल सर्जन डॉक्टर विनोद कुमार सिन्हा ने गाइडलाइन के अनुसार मुंगेर में डेंगू मरीजों की जांच एवं इलाज की सारी तैयारी पूरी कर ली है सिविल सर्जन विनोद कुमार सिंह के अनुसार सदर अस्पताल में डेंगू संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए फरवरी के वार्ड में 40 बेड का विशेष वार्ड तैयार किया गया है सभी बेड पर मच्छरदानी का प्रबंध कर दिया गया है। पूर्णत: एयर कंडीशन स्पेशल वार्ड में मरीजों के लिए वार्ड में सभी प्रकार की जांच का प्रबंध किया गया है इसके अलावा अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय सभी अस्पतालों में संभावित डेंगू मरीजों की जांच के लिए पर्याप्त मात्रा में ए एस बन जांच किट उपलब्ध है सभी प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि एनएस-1 जांच में जिस मरीज का रिपोर्ट पॉजिटिव मिले उसे वैसे मरीज का सैंपल डेंगू कंफर्मेशन के लिए जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल भिजवाने का प्रबंध करें एलिजा जांच में पॉजिटिव रिपोर्ट मिलने पर अस्पताल लाया जाएगा ।

एलिजा जांच निशु शुल्क है फिलहाल सदर अस्पताल में डेंगू जांच के लिए 840 अनुज जांच की उपलब्ध है मुख्यालय से और एलिसा किट की डिमांड की गई है परिचय का को मच्छरदानी उपलब्ध कराने का निर्देश सिविल सर्जन ने दिया है आलोक में अस्पताल की उपाधीक्षक में वार्ड की परीचिका को मच्छरदानी उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया है।

# मुंगेर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जलन योजना का हो गया है खस्ता हाल

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड के कई पंचायत में जलन योजना अधिकारियों और पंचायती राज विभाग के लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण खराब पड़ा हुआ है बिहार सरकार और भारत सरकार की ओर से जनरल योजना में नागरिकों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों अरबों रूपया खर्च की किए गए लेकिन उसका परिणाम सिर्फ खस्ता निकला। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंगेर जिले के कई पंचायत लंबे समय से नल जल योजना का हाल अत्यंत खराब है विशेष रूप से पंचायती राज विभाग द्वारा बनाए गए जल मिनारों का तो यही स्थिति है यह कई जगह जल मीनार बंद पड़ा हुआ है और इस योजना का पानी लोगों को मिलना बंद हो चुका है और लोगों को परेशानी हो रही है अब लगभग 1 वर्ष से पीआरडी कि यह योजना है अब पीएचपीजी विभाग के पास है इसके बावजूद इसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ लगभग इतने ही समय सुधार प्रखंड से एक कई अंतर्गत योजनाओं के कई जनरल मीनार बंद पड़े हैं इसे लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है ऐसे जल मीनार विभिन्न कर्म से बंद पड़े हैं हुए हैं अभी बरसात एवं बाढ़ के मौसम में ऐसे में जल मीनार के बंद होने से लोगों के सामने पानी का संकट को खड़ा हो ही गया है लोगों को शुद्ध पेयजल भी नहीं मिल पा रहा है किंतु संबंधित विभाग के संज्ञान में मामले की जानकारी होने के बावजूद भी लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है ऐसा ही एक मामला सदर प्रखंड के नवागढ़ उत्तरी पंचायत के वार्ड नंबर आठ का है यहां तथा हवेली खड़कपुर प्रखंड के वार्ड नंबर 11 और 10 की हालत भी जनरल नल जल योजना का जल मीनार पिछले लगभग 1 वर्षो से बंद है और कई वादों के लोगों के सामने पानी पीने की समस्या खड़ी हो गई है ऐसे में इस योजना का पानी बंद होने से लोगों को पर लोगों की परेशानी बढ़ गई है वार्ड नंबर के निवासी धर्मेंद्र कुमार नीलू ठाकुर निरंजन ठाकुर छोटी ठाकुर कई लोगों ने कहा कि जल मीनार पिछले कई महीनो से क्षतिग्रस्त है इसकी जानकारी मुखिया एवं पीएचडी विभाग को के सभी अधिकारियों को है लेकिन इससे ठीक करने के लिए किसी ने कभी कभी कोई रुचि नहीं मिली है समय पर यदि इसकी मरम्मत कर दी जाती तो आज यह नौबत नहीं आती विभागीय अधिकारियों की शिथिलता के कारण आज यह जो बताई है कि लोग शुद्ध पेयजल के लिए यहां तरस रहे हैं अधिकारी कभी ठंड की कमी तो अभी रंजन कभी टेंडर जारी होने का बहाना बनाकर लगभग 1 वर्ष से समय काट रहे हैं।

# आयुक्त ने प्रमंडलीय स्तरीय सभी विभागों की समीक्षा बैठक किया

प्रात: किरण ब्यूरो




मुंगेर (बिहार)। प्रमंडल स्तरीय सभी विभागीय पदाधिकारियों की बैठक सोमवार को प्रमंडलीय कार्यालय सभागार में प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों के कार्यो की बिंदूवार समीक्षा की गई। वहीं बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर अधीक्षण अभियंता विद्युत आपूर्ति अंचल बेगूसराय एवं खगड़िया तथा उप निदेशक समाज कल्याण, मुंगेर प्रमंडल मुंगेर से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवव्रत मिश्रा सहित अन्य सभी अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बाढ़ के दृष्टिगत अधीक्षण अभियंता खगड़िया एवं भागलपुर अंचल को बाढ़ नियंत्रण हेतु कटाव ग्रस्त क्षेत्रों में कटाव निरोधी कार्य संबंधी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कटाव ग्रस्त क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करें। वहीं क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन को बाढ़ के दौरान पशुओं के लिए चारा का दर निर्धारण करने, पशु टीकाकरण, पेयजल सहित उनके आश्रय स्थल के कार्यो को पूर्ण करते हुए अद्यतन प्रतिवेदन के साथ जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही। वहीं अप निदेशक कल्याण को छात्रावास के निरीक्षण सहित वहां की सारी व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक को प्रखंड के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण करने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित करने की बात कही। अधीक्षण अभियंता सिंचाई अंचल खड़गपुर को गंगा पंप नहर सूर्यगढ़ा विधानसभा के कार्यो को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही इस योजना को पूरा करने में अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्बाध रूप से बिजली उपलब्ध कराने हेतु सहयोग की बात कही। कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने उप निदेशक कल्याण को प्रमंडल के सभी दिव्यांगों को चिन्हित करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस कार्य के लिए अपार निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं को इस कार्य में सहयोग का निर्देश दिया। मुख्य मंत्री निजी नलकूप योजना की समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने अधीक्षण अभियंता लघु सिंचाई अंचल मुंगेर को सभी इक्षुक लाभुकों के आवेदनों के सभी अद्यतन डाटा को पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया। इसके अलावे आयुक्त द्वारा अन्य विभागों के कार्यो की भी समीक्षा की गई, जिसमें उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स-समय सभी योजनाओं के कार्यो की पूर्ण करने तथा उसके अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी प्रकार के योजनाओं का लाभ लाभुकों को उपलब्ध कराना सभी पदाधिकारियों की जिम्मेवारी है, इस लिए इसमें कोई कोताही न करें और स-समय कार्य पूर्ण करें।

# नवजात एवं शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. बीडी शर्मा की अध्यक्षता में निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

प्रात: किरण संवाददाता



गया। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी देश के 77वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर गया जिले के प्रतिष्ठित चिकित्सीय संस्थान 'बच्चों का अस्पताल' के तत्वावधान में आगामी 11 अगस्त को भव्य तिरंगा यात्रा के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। जिले के प्रसिद्ध नवजात एवं शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. बीडी शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित यह तिरंगा यात्रा गांधी इंटर स्कूल, कोंच से शुरू होकर टिकारी राज इंटर, टिकारी तक जाएगी। इस यात्रा के सफल आयोजन को लेकर गया शहर के डेल्हा क्षेत्र स्थित बाबा विश्वनाथ मैरेज हॉल में एक तैयारी बैठक सह रात्रि भोज का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के कई सामाजिक संगठनों के प्रबुद्ध लोग शामिल हुए हैं।इस बैठक में भव्य तिरंगा यात्रा के दूसरे संस्करण को लेकर उपस्थित लोगों ने अपने सुझाव देते हुए कहा कि इस बार की तिरंगा यात्रा अपने पहले संस्करण से ज्यादा भव्य होगा। तिरंगा झंडा हमारे देश भारत और भारतवासियों की आन बान शान का प्रतीक है। इस यात्रा का एकमात्र उद्देश आम लोगों में देशभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ करना है। इस कार्यक्रम के बारे में डॉ. बीडी शर्मा ने बताया कि पिछले साल देश के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में उनकी देखरेख में भव्य तिरंगा यात्रा कोंच प्रखंड मुख्यालय से लेकर टिकारी अनुमंडल मुख्यालय तक निकाली गयी थी। इस वर्ष भी यात्रा का रूट पूर्व की भांति रहेगा। यात्रा में करीब 500 लोग हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता का जयघोष करते हुए चलेंगे।

इसके अलावा यात्रा में करीब 100 मोटरसाइकिल, तीन से चार दर्जन चारपहिया वाहन, रथों पर देशभक्ति और देशभक्तों से जुड़ी झाकियां समेत कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटकों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। यात्रा के दौरान बच्चों का अस्पताल प्रबंधन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों की तरफ से जगह जगह पर जलपान की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के सफल आयोजन को लेकर एक विस्तृत रणनीति बनाई गई है। सभी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने महती सुझाव दिये, जिस पर अमल करके तिरंगा यात्रा को और व्यवस्थित एवं भव्य बनाया जाएगा। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विशुद्ध रूप से लोगों में देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है।इस बैठक में उपस्थित वायुसेना के रिटायर्ड विंग कमांडर बिनोद प्रसाद, लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. डीएन सिंह, डॉ. राजीव रंजन, समाजसेवी सह आशीर्वाद हॉस्पिटल के व्यवस्थापक राधेकांत शर्मा एवं समाजसेवी संतोष कुमार, टीईटी शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, शिक्षक नेता नीरज कुमार, महावीर सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन के संस्थापक आशुतोष कुमार (बड़े), बिट्रीज फार्मा के संस्थापक निखिल कुमार एवं नासिर आलम समेत अन्य अतिथियों ने कहा कि डॉ. बीडी शर्मा का प्रयास प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। यह तिरंगा यात्रा सर्वजन के लिए है। यह समस्त भारतीयों की यात्रा है।

# वर्ष भर मंदिर के सामने पानी के जमाव रहने से श्रद्धालुओं को करना पड़ता है भारी परेशानी का सामना

प्रात: किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। दूसरे सोमवार को प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले सभी शिवाला में सुबह से ही भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक,करने वाले श्रधालुओं की भरी भीड़ उमड़ पड़ी ' सुबह से ही भक्तगण बाबा भोलेनाथ का पूजा अर्चना करने मंदिर पहुंच रहे ' सनातन धर्म में सावन का महीना का विशेष महत्व है ' यह महीना भोलेनाथ को समर्पित होता है ' शास्त्र के अनुसार सावन मास में ही भोलेनाथ ने विषपान किया था ' इस महीने में भगवान भोलेनाथ रूद्र रूप में सृष्टि का संचालन किया करते हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार है माता पार्वती ने शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या की थी , और सावन के महीने में ही भगवान शिव ने उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया था ' सावन माह के प्रत्येक सोमवार को शिवभक्त व्रत उपवास रखकर भोलेनाथ की पूजा आराधना करते हैं, जिससे सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है और जीवन में सुख समृद्धि बनी रहती है ' इस वर्ष सावन की शुरूआत 22 जुलाई सोमवार से हुई और इसका समापन 19 अगस्त सोमवार को होगा ' इस बार सावन में पांच सोमवार पड़ रहे हैं ' प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग प्रखंड कार्यालय संग्रामपुर परिसर स्थित शिव मंदिर , बाजार , उचेश्वर नाथ महादेव मंदिरों में शिव भक्तों का मेला लगा हुआ है ' नगर पंचायत संग्रामपुर के अन्तर्गत पड़ने वाले वार्ड नंबर 6 और 7 को जोड़ने वाली सड़कों पर घरों का गंदा पानी बीचोझबीच सालों भर बहते रहता है , इसी रास्ते से होकर ही श्रद्धालु मौनी महादेव मंदिर पूजा अर्चना करने को मजबूर हैं ' कन्या मध्य विद्यालय के बच्चे भी इस गंदगी को पार कर स्कूल पढ़ने जाते हैं ' सबसे आश्चर्य की बात यह है कि इस ओर न तो किसी अधिकारी का ध्यान जाता है।

# सीएसपी संचालक से लूट करने पहुँचा दो अपराधियों को ग्रामीणों ने पकड़ा

प्रात: किरण संवाददाता



शेरघाटी।आमस थाना क्षेत्र के अकौना गांव में मध्य बिहार ग्रामीण बैंक के सीएसपी से लूट की घटना के अंजाम देने पहुंचे दो अपराधियो को ग्रामीणों ने खेड़कर धर दबोचा इधर जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि आमस थाना क्षेत्र सीएसपी बैंक से लूट की घटना का अंजाम दे रहा था उसके पूर्व अपराधियों के द्वारा लगाए गेट को तोड़े जा रहे थे। इसी विच एक महिला ग्राहक वहां पैसा निकासी करने पहुंची तभी इस हरकत को देखकर उसने हल्ला हंगामा करना शुरू कर दिया। हल्ला सुन आसपास के लोग वहां जब पहुंचे तो अपराधी अपने बाइक छोड़कर भागने लगे तभी ग्रामीणों ने दोनों अपराधियों को अलग-अलग गांव से पड़कर पुलिस को सौंप दिया है। इधर जानकारी के मुताबिक अपराधी के पास से एक पिस्टल भी बरामद किया गया है। जबकि एक बाइक भी बरामद किया गया है, हालांकि उक्त घटना के बाद दोनों अपराधियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस तरह के हो रहे घटना से पुलिस के खिलाफ ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि थानाध्यक्ष के लापरवाही व व्यवहार से क्षेत्र के लोग काफी आक्रोशित है,उन्होंने कहा कि जब घटना की जानकारी दी गई अभद्र भाषा मे बोलते हुए कहा कि क्या करे, साथ उनकी अभद्र भाषा से लोग काफी आक्रोशित है।

# हम पार्टी का चला गांव की ओर अभियान शुरू, कार्यकर्ता सुन रहे हैं समस्या

प्रात: किरण संवाददाता



गया।इमामगंज विधानसभा में होने वाले उपचुनाव की सुगबुगाहट तेज हो गई है सभी राजनीतिक दल अपने अपने कार्यकताओं के साथ जनसंपर्क शुरू कर दिए हैं सभी जीत हार के दावों के साथ कार्यकताओं को धरातल पर रहने की नसीहत दे रहे हैं हम पार्टी चला गांव की ओर अभियान चलाकर गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनने ,समझने का काम किया जा रहा है साथ ही छोटी-छोटी समस्याओं को ऑन स्पॉट निपटारा करके उसको हल किया जा रहा है।इसी क्रम में इमामगंज प्रखंड के नौडीहा और छकरबंधा पंचायत में हम पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है और अभियान चलाकर लोग की समस्याओं को सुना जा रहा है साथ में तत्काल रूप से संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देकर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया जा रहा है ।

इस अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ई .नंदलाल मांझी और प्रदेश सचिव अनिल यादव ने बताया कि पार्टी के आला कमान जीतन राम मांझी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.संतोष मांझी के निर्देशानुसार हम लोग गांव-गांव जाकर जो समस्याएं रह गई है उसको संकलन करने का काम कर रहे हैं जिसमें अधिकतर समस्याएं भूमि से संबंधित पेयजल से संबंधित और राशन बिजली से संबंधित आ रही है लोगों की शिकायतें को सूचीबद्ध कर संबंधित पदाधिकारी को दिया जा रहा है ताकि फलाफल उसका निराकरण किया जा सके।इस क्रम में पार्टी के नेता और जिला पार्षद पार्वती देवी और हम पार्टी प्रखंड अध्यक्ष रामप्रीत भारती ने बताया कि विगत दिनों से हमारी पार्टी और संगठन के लोग गांव गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनने का काम कर रहे हैं पंचायत में बूथ स्तर का संगठन का निर्माण कर रहे हैं साथ ही जहां कमजोर कड़ी है उसको भी दुरुस्त किया जा रहा है हमारे नेता जीतन राम मांझी समस्याओं को हल कर रहे हैं।

# मानपुर वर्णवाल महिला द्वारा सावन मिलन कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



गया।सावन जैसे जैसे चढ रहा है वैसे वैसे महिला लोग एकजुट होकर सावन मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ हो चुका है इसी सिलसिले में मानपुर वर्णवाल महिला के प्रतिभा आर्या द्वारा रामशीला पहाड़ पर ललका बाबा स्थान पर सावन मिलन सह ध्यान का आयोजन किया गया है।सभी महिला सबसे पहले पत्री जी के द्वारा संचालित ध्यान साधना आभा वर्णवाल पटना से आकर इस सावन मिलन कार्यक्रम में सभी महिला पुरुष को कराई और इसके फायदे में भी बताया गया और आगमी सितंबर मे बोधगया में अंतराष्ट्रीय योग शिविर का आयोजन होने जा रहा है और मेग्नेटिक एनालाइजर द्वारा आगे सप्ताह में होने जा रहा है उसकी जानकारी दी गई है इसके बाद एक दुसरे से महिला गीत संगीत और खाना आदी खाकर खिलाकर बहुत मनोरंजन किया फिर भगवान शिव के दर्शन भी की।इस कार्यक्रम में आभा वर्णवाल,चंलचंला, डॉ बेचु लाल,प्रतिभा आर्या,सारिका वर्णवाल, गायत्री वर्णवाल,सीमा कुमारी,सीवानी देवी,किरन आर्या,रेणु वर्णवाल,राखी देवी,पुजा वर्णवाल, मधुबाला आदी काफी संख्या में महिलाएं उपिस्थति थी।

# सीएम साइंस कॉलेज में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए संगोष्ठी का आयोजन

दरभंगा।सीएम साइंस कालेज दरभंगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सोमवार को फाइलेरिया उन्मूलन में छात्रों की सहभागिता विषय पर जागरूकता के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में पीसीआई इंडिया की एलएफ कार्डिनेटर सरिता कुमारी उपस्थित हुई।

उन्होंने फाईलेरिया रोग के कारण, बचाव और सावधानी पर विस्तृत चर्चा की। अपने संबोधन में उन्होनें बताया कि मादा मच्छर के काटने से यह बीमारी होती है और इस रोग से ग्रसित होने के बाद यह जीवन भर पीछा नहीं छोड़ती है। इसीलिए इससे बचाव ही इसका निदान है। उन्होंने बताया कि सरकार प्रत्येक वर्ष साल में दो बार इसके लिए टीकाकरण अभियान चलाती है। हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 10 अगस्त से भारत सरकार द्वारा टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में अनिवार्य रूप से छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें शपथग्रहण कराया गया। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डा सत्येन्द्र कुमार झा के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो दिलीप कुमार चौधरी ने की। अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने फाइलेरिया मुक्त भारत के निर्माण में छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम में मो. आशु, विवेक कुमार सिंह, सुनीधि गुप्ता, निशा कुमारी, दीपू कुमार, सोनू कुमार, रौशनी कुमारी, आरती कुमारी, रोशनी आदि ने अपनी सक्रिय सहभागिता दी।

# पुलिस ने भंडारीसम गांव के चोरी की घटना का किया उद्भेदन

प्रात: किरण



बेनीपुर(दरभंगा)। अनुमंडल आरक्षी कार्यालय बेनीपुर में पीसी के दौरान एसडीपीओ आशुतोष कुमार ने भंडारीसम गांव के चोरी घटना के उद्भेदन में पुलिस को सफलता मिलने की बात कही।

उन्होंने कहा कि भंडारीसम गांव निवासी कमलेश झा के आवेदन पर मनीगाछी थाना में 136/24 कांड 19 जुलाई 2024 को धारा 309(4) बीएनएस एक्ट 2023 के तहत दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि मामले में अनुसंधान गुप्तचर एवं तकनीकी माध्यम से किया गया। इसमें सबसे पहले मनिगाछी थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी पुकार कुमार सहनी जो हमेशा वादी के घर आना-जाना करता था, जिसे गिरफ्तार किया गया। इसके बाद सकरी रेलवे लाइन दहौरा टेंपो स्टैंड के पास धने झाड़ी से चोरी की मोबाइल बरामद की गई। वहीं इसी के निशान देही पर इसी गांव के रमन जी कुमार महतो, रितेश कुमार तथा मकरंदा निवासी राहुल कुमार झा को गिरफ्तार की गई, सभी ने पुलिस के समक्ष घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। एसडीपीओ ने बताया कि इसी मामले में उक्त अभियुक्त के अलावा डान एवं रुस्तम जो सकरी थाना क्षेत्र के कांड में गिरफ्तार कर मधुबनी जेल भेजे जा चुके हैं, जो घटना के दिन घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया था। उसकी गिरफ्तारी मामले में भी कार्रवाई चल रही है। उन्होंने बताया कि गुप्तचर एवं तकनीकी सेल की सक्रिय मदद से उक्त कांड में कम समय में पुलिस को सफलता मिली है। इस कार्य को अंजाम देने में तकनीकी सेल के मुकेश, मनीगाछी एसएचओ मृत्युंजय कुमार, पुलिस अधिकारी अनु कुमारी के अलावा चौकीदार ललन कुमार यादव, अजय कुमार पासवान सहित सशस्त्र बल हरिनंदन यादव अनु आदि शामिल थी। इन लोगों को पुरस्कृत करने के लिए अनुशंसा किया जाएगा।

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज से टेस्ट सीरीज 3-0 से जीती

## तीसरा मैच में 10 विकेट से हराया, एटकिंसन 22 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैच की टेस्ट सीरीज का आखिरी और तीसरा मैच एजबेस्टन में खेला गया। इंग्लैंड ने तीसरा मैच 10 विकेट से जीत लिया। इसी के साथ इंग्लिश टीम ने सीरीज को 3–0 से जीत लिया। मेजबान इंग्लैंड ने पहले ही लगातार 2 टेस्ट जीतकर सीरीज को अपने नाम कर लिया था। वहीं अब तीसरा टेस्ट जीतकर इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को क्लीन स्वीप कर दिया। इंग्लैंड ने पहला मैच 114 रन और दूसरा 241 रन से जीता। टीम के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने सीरीज में 22 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। जबकि मैच में 7 विकेट लेने वाले मार्क वुड को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला। वेस्टइंडीज के कप्तान क्रैग ब्रेथवेट ने तीसरे टेस्ट में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया था। विंडीज ने पहली इनिंग में 282 रन बनाए। टीम की ओर से कप्तान ब्रेथवेट ने सबसे ज्यादा 61 रन ने बनाए। जेसन होल्डर ने 59, जोशुआ डि सिल्वा ने 49 रन की पारी खेली। इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट गस एटकिंसन ने लिए। उनके अलावा क्रिस वोक्स ने 3, मार्क वुड ने 2 और शोएब बशीर ने 1 विकेट लिया।

### मार्क वुड को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला

- **इंग्लैंड के लिए पहली पारी में जैमी स्मिथ ने 95 रन बनाए** – वेस्टइंडीज के 282 रन बनाने के जवाब में इंग्लैंड ने 376 रन बना। इंग्लैंड की तरफ से जैमी स्मिथ ने सबसे ज्यादा 95 रन ने बनाए। जो रूट ने 87 रन की शानदार पारी खेली। क्रीस वोक्स ने भी 62 रन की पारी खेली। वहीं कप्तान बेन स्टोक्स ने 54 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से अल्जारी जोसेफ ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। जेडन सील्स ने 3, शमार जोसेफ
- **विंडीज दूसरी पारी में 175 रन पर ऑल आउट** – दूसरी पारी में वेस्टइंडीज 200 तक के स्कोर तक नहीं पहुंच सका। टीम 175 रन के स्कोर पर ही ऑल आउट हो गई। इंग्लैंड के लिए मार्क वुड ने 5 विकेट झटके। इंग्लैंड के पहली पारी के 92 रन की बढ़त की वजह से वेस्टइंडीज सिर्फ 87 रन का टारगेट ही इंग्लैंड को दे सका। वेस्टइंडीज के लिए दूसरी पारी में मिकील लूइस ने 57 रन तो कवेम हॉज ने 55 रन लिए बनाए।



# ओलंपिक का सपना पूरा करने 6000 किमी की कठिन यात्रा करके पहुंचा अफगान का जूडो खिलाड़ी



**शेटराउ (फ्रांस) (एजेंसी)।** ओलंपिक खेलने पहुंचे लगभग सभी खिलाड़ियों को तैयारियों के लिए पूरी सुविधाएं दी जाती है लेकिन जब खिलाड़ी युद्ध से जर्जर अफगानिस्तान जैसे देश से हो तो उसे खेलों के इस महासमर में भाग लेने का अपना सपना पूरा करने के लिए छह हजार किलोमीटर और पांच देशों की यात्रा भी करनी पड़ सकती है। अफगानिस्तान के जूडो खिलाड़ी सिबगातुल्लाह अरब 2021 में तालिबान के कब्जे वाले अफगानिस्तान से भाग निकले। इसके बाद पांच देशों में शरण ली और आखिर में 6000 किलोमीटर का सफर तय करके जर्मनी पहुंचे। वह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की शरणार्थी टीम का हिस्सा हैं और पेरिस ओलंपिक में पुरूषों की जूडो स्पर्धा के 81 किलोवर्ग में उतरेंगे।

- **टीवी पर जूडो देख खेल से जुड़े** – अफगानिस्तान में टीवी पर जूडो की विश्व चैम्पियनशिप देखकर उन्हें इस खेल से मुहब्बत हो गई लेकिन उनके शौक को परवान चढ़ाने का कोई जरिया नहीं था। तालिबान के कब्जे के बाद वह यूरोप भाग गए जिस समय उनकी उम्र सिर्फ 19 साल थी। उन्होंने कहा, 'जब मैने अफगानिस्तान छोड़ा तो पता नहनीं था कि बचूंगा या नहीं। इतनी दिक्कतें झेली है।
- **माता–पिता करते हैं प्रेरित** – नौ महीने में उन्होंने ईरान, तुर्किये, यूनान, बोस्निया और स्लोवेनिया की यात्रा की और आखिर में जर्मनी में बस गए। उन्होंने कहा, 'रास्ते में मेरी तबीयत बहुत बिगड़ गई थी और मैं तनाव में भी था। मोंशेंग्लाबाख में एक जूडो क्लब से जुड़े इस खिलाड़ी ने मैड्रिड में 2023 यूरोपीय ओपन में सातवां स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा, 'मेरे माता–पिता अभी भी अफगानिस्तान में हैं और मुझसे रोज बात होती है। वे मुझे अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं।

# मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने पदक दौर के लिए किया क्वालीफाई



**पेरिस (एजेंसी)।** मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक दौर में पहुंच गए हैं जबकि अर्जुन और रिदम 10वें स्थान पर रहे। भाकर और सरबजोत ने 580 का स्कोर बनाकर पदक दौर में जगह बनाई, जहां उनका सामना मंगलवार को कोरिया से होगा।

### क्वालीफाईंग राउंड

**पहला सेट** – मनु और सरबजोत ने 193 अंक

**दूसरा सेट** – 195 अंक

**तीसरा सेट** – 192 अंक

दोनों कुल 580 अंक के साथ तीसरे नंबर पर रहे। अब भारतीय मिश्रित टीम मंगलवार को कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेगी।

इससे पहले मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में रविवार को भारत को पहला पदक दिलाते हुए महिला 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में कांस्य पदक जीता। मनु भाकर 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक के साथ ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनी।

उन्होंने 221.7 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। हालांकि एक समय वह सिल्वर की दावेदार लग रही थी लेकिन अंतिम समय में कोरियाई शूटर किम येजी ने उन पर बढ़त हासिल कर ली। किम येजी ने 241.3 के स्कोर के साथ सिल्वर जीता। वहीं पहले स्थान पर एक अन्य कोरियाई शूटर ओ ये जिन रही, जिन्होंने 243.2 के साथ रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए गोल्ड अपने नाम किया।

# लक्ष्य सेन की कॉर्डन पर जीत परिणाम से हटाई गई, सात्विक-चिराग का मैच रद्द

**पेरिस (एजेंसी)।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन की ओलंपिक खेलों में पुरुष एकल ग्रुप एल के शुरुआती मैच में केविन कॉर्डन पर जीत को नहीं गिना जाएगा क्योंकि ग्वाटेमाला का उनका प्रतिद्वंद्वी बाईं कोहनी की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने एक अपडेट में कहा, 'ग्वाटेमाला के पुरुष एकल खिलाड़ी केविन कॉर्डन बाईं कोहनी की चोट के कारण पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता से हट गए हैं।

इसमें कहा गया है, 'इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी और बेल्जियम के जूलियन कैराग्गी के खिलाफ उनके ग्रुप एल के शेष मैच नहीं खेले जाएंगे। इस ग्रुप के मैचों का कार्यक्रम फिर से निर्धारित किया गया है। बैडमिंटन की विश्व संस्था ने कहा,''ग्रुप चरण के लिए बीडब्ल्यूएफ के प्रतियोगिता संबंधी नियमों के अनुसार ग्रुप एल में मैच कॉर्डन को शामिल करते हुए खेले गए थे। इसलिए ग्रुप एल में कॉर्डन से जुड़े सभी खेले गए या अभी खेले जाने वाले सभी मैचों के परिणाम अब हटाए गए माने जाते हैं।



**कॉर्डन के हटने का मतलब समझें** – तोक्यो ओलंपिक के सेमीफाइनलिस्ट कॉर्डन के हटने का मतलब है कि ग्रुप एल मैं अब केवल तीन खिलाड़ी होंगे जिसमें सेन के अलावा क्रिस्टी और कैरागी शामिल हैं। इस तरह से इस ग्रुप में सेन अकेले खिलाड़ी होंगे जो तीन मैच खेलेंगे। यह भारतीय खिलाड़ी सोमवार को कैरागी और बुधवार को अपने अंतिम ग्रुप मैच में क्रिस्टी से भिड़ेगा।

**सात्विक-चिराग ने जर्मन जोड़ी से मैच खेलना था मैच** – इस बीच जर्मन खिलाड़ी मार्क लैम्सफस के चोट के कारण नाम वापस लेने के बाद सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का पुरुष युगल ग्रुप सी का मुकाबला रद्द कर दिया गया है। भारतीय जोड़ी को सोमवार को लैम्सफस और मार्विन सेडेल की जर्मन जोड़ी से मैच खेलना था। बीडब्ल्यूएफ ने कहा, 'जर्मन पुरुष युगल खिलाड़ी मार्क लैम्सफस घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता से हट गए हैं।

विश्व संस्था ने कहा, 'लैम्सफस और उनके साथी मार्विन सेडेल के ग्रुप सी में भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी (स्थानीय समयानुसार सुबह 8.30 बजे, 29 जुलाई 2024) और फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनन लाबर (30 जुलाई 2024) के खिलाफ होने वाले मैच अब नहीं खेले जाएंगे।

सात्विक और चिराग ने शनिवार को लुकास कोरवी और रोनन लाबार की फ्रांसीसी जोड़ी पर 21-17, 21-14 से जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। यह भारतीय जोड़ी ग्रुप के अपने अंतिम मैच में मंगलवार को इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्दियांतो से भिड़ेगी। जर्मन जोड़ी के हटने के कारण इंडोनेशिया की जोड़ी की शनिवार को लैम्सफस और सीडेल पर जीत को परिणाम से हटा दिया गया है।

# रमिता जिंदल पदक से चूकीं, 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में सातवें स्थान पर रहीं

**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाज रमिता जिंदल सोमवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में 10 मीटर एयर राइफल महिला स्पर्धा के फाइनल में पदक से चूक गईं और सातवें स्थान पर रही। रविवार को क्वालीफिकेशन राउंड के दौरान पांचवें स्थान पर रहने के बाद रमिता ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। रमिता 631.5 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।



10 मीटर एयर राइफल की प्रतियोगिता दो भागों में विभाजित की गई थी। पहले चरण में खिलाड़ी पांच-पांच शॉट की दो सीरीज फायर करते हैं जिसमें प्रत्येक सीरीज की समय सीमा 250 सेकंड होती है। इसके बाद दूसरे चरण में 14 सिंगल शॉट होते हैं, जिन्हें कमांड पर फायर किया जाता है, जिसमें खिलाड़ियों को प्रत्येक शॉट को पूरा करने के लिए 50 सेकंड मिलते हैं।

10 शॉट के बाद जिसमें दो सीरीज और पहले दो सिंगल शॉट शामिल हैं, खिलाड़ियों को बाहर करने की प्रक्रिया शुरू होती है। हर दो शॉट के बाद खिलाड़ियों को बाहर किया जाता है, जब तक कि स्वर्ण और रजत पदक के लिए पात्र अंतिम दो खिलाड़ी नहीं रह जाते। रमिता कुल 14 शॉट ही पूरे कर सकीं, जिसमें पांच-पांच शॉट की दो सीरीज शामिल हैं। उनका कुल स्कोर 145.3 रहा।

कोरियाई निशानेबाज बान ह्योजिन ने चीन के हुआंग युटिंग को शूट-आउट में हराकर स्वर्ण पदक जीतने के लिए चीन द्वारा बनाए गए ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी की, जिन्होंने भी रजत पदक जीतने के लिए समान स्कोर बनाया। स्विट्जरलैंड की ऑड्रे गोगनियाट ने 230.3 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

# टेनिस में पदक का सपना रह गया अधूरा, आखिरी बार 1996 में जीता था कांस्य

**पेरिस (एजेंसी)।** सुमित नागल के एकल तथा रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी की पुरुष युगल जोड़ी के पहले दौर में हारने के साथ ही भारत की पेरिस ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता में चुनौती समाप्त हो गई।



भारत ने टेनिस में केवल एक ओलंपिक पदक जीता है। लिएंडर पेस ने 1996 के अटलांटा खेलों में एकल में कांस्य पदक जीता था। बोपन्ना और बालाजी को एडवर्ड रोजर वासेलिन और गेल मोनफिल्स की फ्रांसीसी जोड़ी से 5-7, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। मोनफिल्स ने अंतिम समय में घरेलू टीम में घायल फैबियन रेबौल की जगह ली थी। बोपन्ना का यह संभवतः आखिरी ओलंपिक था। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी डेविस कप से पहले ही संन्यास ले चुका है। इससे पहले रविवार को नागल कोर्ट पर उतरने वाले पहले खिलाड़ी थे, लेकिन उनका मजबूत बेसलाइन गेम फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ पर्याप्त नहीं लग रहा था, जिन्होंने तीन सेट में शानदार जीत हासिल की।

# अर्जुन बाबुता पदक से चूके, पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में चौथे स्थान पर रहे

**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता दबाव में झुक गए और सोमवार को अपने पहले ओलंपिक में पदक जीतने के करीब पहुंचने के बाद पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहे। बाबुता ने कुल 208.4 अंक बनाए। क्रोएशिया के मीरान मैरिकिक के 10.7 के जवाब में 9.5 ने पोडियम पर फिनिश करने की उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।



25 वर्षीय बाबुता ने फाइनल की शुरुआत 10.7 और उसके बाद 10.2 के साथ की। 10.5 के तीसरे शॉट ने उन्हें चौथा स्थान दिलाया जबकि चौथे प्रयास में 10.4 ने उन्हें तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया। उन्होंने पहली सीरीज 10.6 के मजबूत स्कोर के साथ समाप्त की। उन्होंने दूसरी सीरीज की शुरुआत 10.7 से की, उसके बाद 10.5 और पहली एलिमिनेशन सीरीज के दूसरे शॉट में लगभग परफेक्ट 10.8 का स्कोर बनाया। इस प्रयास ने उन्हें दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया, जबकि उनके और विश्व रिकॉर्ड धारक चीनी शेंग लिहाओ के बीच का अंतर 0.1 अंक तक कम हो गया।

# मनिका बत्रा और श्रीजा महिला टेबल टेनिस के दूसरे दौर में, शरत बाहर

**पेरिस (एजेंसी)।** भारत की टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला ने रविवार को पेरिस ओलंपिक में महिला टेबल टेनिस स्पर्धा में शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को मात देकर अगले दौर में जगह बना ली है। वहीं पुरुष वर्ग में शरत कमल का राउंड ऑफ 64 में हार के बाद अभियान समाप्त हो गया है। भारतीय टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने महिला एकल वर्ग के मुकाबले में ब्रिटेन की अन्ना हर्सी को 4-1 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। आज यहां मनिका ने मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 11-8, 12-10, 11-9, 9-11, 11-5 से मुकाबला जीत लिया। इसकी के साथ वही महिला एकल वर्ग में राउंड ऑफ 32 में पहुंच गई है। वह राउंड ऑफ 32 में पहुंचने वाली दूसरी भारतीय महिला बन गई हैं।



राउंड ऑफ 32 में मनिका बत्रा का मुकाबला भारतीय मूल की फ्रांसीसी खिलाड़ी पृथिका पावड़े से होगा। इससे पहले भारत की उभरती टेबल टेनिस स्टार श्रीजा अकुला ने पेरिस ओलंपिक में राउंड ऑफ 64 के मुकाबले में स्वीडन की खिलाड़ी क्रिस्टीना कल्बर्ग पर जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। श्रीजा ने आक्रामक शुरुआत करते हुए बढ़त बनाई। इसके बाद पहला गेम 11-4 से, दूसरे गेम में 9-11 से, तीसरा गेम 11-7 से जीता और आखिरी गेम को 11-7 से जीतकर दर्ज वह अगले दौर में पहुंच गई। वहीं, भारत के स्टार पेडलर शरत कमल को पुरुष एकल मुकाबले में स्लोवेनिया के कोजुल डेनी से हार का सामना करना पड़ा।

# नई टीमों और राष्ट्रव्यापी शुरूआत के साथ श्राची स्पोर्ट्स ने अपनी नई टीम के साथ विस्तार किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेल और विकास के क्षेत्र में एक प्रमुख नाम श्राची स्पोर्ट्स ने राजस्थान यूनाइटेड के एकीकरण की घोषणा की है, जिसे श्राची राजस्थान टाइगर्स के रूप में पुनः ब्रांडेड किया गया है। यह रणनीतिक कदम फुटबॉल में अपनी मौजूदगी का विस्तार करता है और प्रतिभा और खेल की बेहतरी के के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। अधिग्रहण एआईएफएफ, फीफा और अन्य नियामक निकायों से सभी वैधानिक मंजूरी के अधीन है। कार्यक्रम का आयोजन प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में किया गया था।

एक अभूतपूर्व पहल में, श्राची स्पोर्ट्स ने एथलीड लॉन्च किया, जो जमीनी स्तर पर खेलों को ऊपर उठाने के लिए समर्पित एक राष्?ट्रीय कार्यक्रम है। एथलीड का उद्देश्य खेल कोचिंग में क्रांति लाना, खेल विज्ञान को बढ़ावा देना और खेल प्रबंधन में अवसर पैदा करना है, श्राची स्पोर्ट्स ने एथलीड का गठन यह सुनिश्चित करने के लिए किया है कि एथलीट भारत में खेलों को अगले स्तर तक ले जाएं, हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि भारत सभी खेलों और खेलों के सभी क्षेत्रों में एक प्रतियोगी बन सके।




मुख्य अतिथि पूर्व दिग्गज क्रिकेटर संदीप पाटिल ने कहा, समय के साथ क्रिकेट में बदलाव आया है। कोचिंग और खेलों के प्रति दृष्टिकोण में भी बदलाव आया है। श्राची स्पोर्ट्स ने एथलीड का गठन यह सुनिश्चित करने के लिए किया है कि एथलीट भारत में खेलों को अगले स्तर तक ले जाएं, हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि भारत सभी खेलों और खेलों के सभी क्षेत्रों में एक प्रतियोगी बन सके।जबकि भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा, श्राची स्पोर्ट्स भारत के खेल इतिहास में एक नया अध्याय लिख रहा है।

श्राची स्पोर्ट्स ने उच्च प्रदर्शन, खेल विज्ञान और चिकित्सा केंद्र और खेल पुनर्वास केंद्र विकसित करने के लिए ह्वहुस स्पोर्ट्स हेल्थ स्पेशलिस्ट के साथ सहयोग किया है।

श्राची समूह के प्रबंध निदेशक राहुल टोडी ने नवाचार और एक्सिलेंस के माध्यम से भारत के खेल परिदृश्य को बदलने के दृष्टिकोण पर जोर दिया, एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध है जो प्रतिभा की खोज, पोषण और सशक्तिकरण करता है। यह भारत के युवाओं की नर्वस ऊर्जा को राष्ट्र के उत्पादक मूल्य में बदलने का एकमात्र तरीका है।

श्राची स्पोर्ट्स के अध्यक्ष तमल घोषाल ने कहा, हम इस विचार से प्रेरित थे कि बदलते भारत को खेलों के प्रति अपने दृष्टिकोण को बदलने की जरूरत है - स्कूलों में, जिस तरह से खेल सिखाए जाते हैं, और खेल उद्योग में भी। एथलीड भारत में खेल में क्रांति लाने और खेलों को बढ़ावा देने के लिए तैयार है।

लॉन्च कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि मारियो लेमोस और ऋस्नष्ट के मुख्य कोच, बायओएस के संस्थापक राहुल पटवर्धन शामिल हुए। श्राची स्पोर्ट्स ने पश्चिम बंगाल के पैलान में एथलीड इंटरनेशनल स्कूल भी लॉन्च किया, साथ ही अलवर, राजस्थान में एक और स्कूल खोलने की योजना बनाई है, और कई अन्य योजनाएँ भी बनाई जा रही हैं, जो खेल पाठ्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ संरेखित करती हैं। सभी स्कूल और अन्य एथलीड केंद्र भारत सरकार द्वारा शुरू की गई खेलो इंडिया पहल के साथ जुड़ने और उसका प्रचार करने की योजना बना रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार



## हरियाणा में गुटबाजी से परेशान कांग्रेस, वरिष्ठ नेता बोले- ऐसे तो कभी नहीं जीत पाएंगे

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन के बाद विधानसभा चुनाव को लेकर शुरू हुई गुटबाजी ने पार्टी नेतृत्व की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद पार्टी प्रदेश में गुटबाजी रोकने में नाकाम है। यही वजह है कि हरियाणा में चुनाव से पहले लोकसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा और वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा अलग-अलग गुटों में बंट कर यात्रा निकाल रहे हैं। इनकी शह पर कई और कांग्रेस नेता भी अपना- अपना गुट चुनकर बैठे हुए है।

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले प्रदेश में गुटबाजी से पार्टी नेतृत्व असमंजस में है। पार्टी नेतृत्व के सामने सबको साथ लेकर चलने की चुनौती है। पार्टी विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर मैदान में नहीं उतरती, तो उसके लिए जीत की दहलीज तक पहुंचना आसान नहीं होगा। क्योंकि, मुख्यमंत्री बदलकर भाजपा पहले ही अपनी चुनावी रणनीति के संकेत दे चुकी है, जबकि कांग्रेस से अभी तक अपने घर के झगड़े भी हल नहीं हुए हैं।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता की मानें तो राज्य में पार्टी जीत सकती है, पर अभी जिस तरह की गुटबाजी देखने को मिल रही है, उससे परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं आएंगे। पार्टी में गुटबाजी का फायदा भाजपा को मिल सकता है। ऐसे में पार्टी को एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरना होगा और गुटबाजी से सख्ती से निपटना होगा। कांग्रेस नेता ने कहा, पार्टी किसी को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित किए बगैर केन्द्रीय नेतृत्व में चुनाव लड़े। हालांकि, भूपेंद्र सिंह हुड्डा गुट उन्हें मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने की मांग कर रहा है। वहीं, हुड्डा विरोधी गुट की दलील है कि सीएम उम्मीदवार घोषित करने से गैर जाट वोट खिसक सकता है। लोकसभा में कांग्रेस जाट और दलित वोट की बुनियाद पर दस में पांच सीट पर जीत दर्ज की। पार्टी ने रोहतक, हिसार और सोनीपत में जाट मतदाताओं की बदौलत अच्छा प्रदर्शन किया। दलित मतदाताओं के समर्थन से अंबाला और सिरसा सीट जीती।

## माता को नेता प्रतिपक्ष बना निशाने पर आए अखिलेश यादव, मायावती-केशव ने पीडीए पर घेरा

**लखनउ, एजेंसी।** माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने को लेकर यूपी में सियासत तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव बसपा प्रमुख मायावती और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के निशाने पर आ गए हैं। दोनों ने अखिलेश को पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के मुद्दे पर घेरा। मायावती का कहना है कि सपा मुखिया ने लोकसभा आमचुनाव में खासकर संविधान बचाने की आड़ में यहां पीडीए को गुमराह करके उनका वोट तो जरूर ले लिया, लेकिन यूपी विधानसभा में प्रतिपक्ष का नेता बनाने में जो इनकी उपेक्षा की गई, यह भी सोचने की बात है। वहीं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी अपने अंदाज में अखिलेश यादव पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के मोहरा सपा बहादुर श्री अखिलेश यादव जी की नेता प्रतिपक्ष चुनते ही असलियत सामने आने से सपा में पीडीए चालीसा पढ़ने वाले पिछड़ों दलितों के समर्थन से चुनकर आए नेताओं में मायूसी है।

# हिमाचल प्रदेश पर 31 जुलाई का दिन भारी, मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में मानूसन ने रफ्तार पकड़ ली है। राज्य के अधिकतर जिलों में झमाझम बारिश हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान मंडी और सिरमौर जिलों में सबसे ज्यादा बरसात हुई है। शिमला में भी अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार अगले छह दिन पूरे प्रदेश में मौसम खराब रहेगा। तीन अगस्त तक राज्य में भारी वर्षा होने की आशंका है। मौसम विभाग ने नौ जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है।

सोमवार व 30 जुलाई को 'येलो अलर्ट' जबकि 31 जुलाई को 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। पहली से तीन अगस्त तक दोबारा 'येलो अलर्ट' जारी किया है। कुल्लू, लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर शेष नौ जिलों में व्यापक वर्षा होने के आसार हैं। सिरमौर, कांगड़ा, बिलासपुर और ऊना जिलों में 31 जुलाई को भारी से बहुत भारी वर्षा का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है।

शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने भारी



वर्षा की आशंका के मद्देनजर प्रदेशवासियों और बाहर से आने वाले लोगों को एहतियात बरतने को कहा है। लोगों को नदी-नालों के समीप न जाने की सलाह दी गई है। नदियों व उप नदियों के किनारे बसे लोगों को भी सतर्कता बरतने को कहा गया है। पर्यटकों व स्थानीय लोगों को भूस्खलन सम्भावित इलाकों की तरफ भ्रमण न करने और अनावश्यक यात्रा से बचने की हिदायत दी गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घण्टों के दौरान मंडी जिला के जोगिन्दरनगर में सर्वाधिक 90 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसके अलावा सिरमौर के धौलाकुंआ में 70, बिलासपुर के नैना देवी में 60, कांगड़ा के पालमपुर में 60, शिमला के नारकंडा, मंडी के कटुआला, कुल्लू के सैंज और कांगड़ा के बैजनाथ में 50-50 मिलीमीटर, शिमला के सराहन, कांगड़ा के धर्मशाला और सिरमौर के नाहन में 40-40 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड हुई है।

हिमाचल प्रदेश में मानसून ने 27 जून को दस्तक दी थी। मौसम विभाग के अनुसार अभी तक मानसून की सामान्य से 33 फीसदी कम वर्षा हुई है। हिमाचल प्रदेश से मानसून अक्टूबर के पहले हफ्ते विदा होता है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार मानसून सीजन में अब तक 411 करोड़ का नुकसान आंका गया है।

इसमें लोकनिर्माण विभाग को 172 करोड़ का नुकसान शामिल है। मानसून सीजन के दौरान 18 घर पूर्ण रूप से ध्वस्त हुए, जबकि 84 घरों को आंशिक तौर पर नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा पांच दुकानें व 83 पशुशालाएं भी ध्वस्त हुई हैं। राज्य में वर्षा जनित हादसों में 119 लोगों की जान गई है। इनमें 59 मौतें पानी के तेज बहाव में बहने, सर्पदंश से आठ, करंट से आठ और ऊंचाई से फिसलने से हुई हैं। इसके अलावा 60 लोगों की विभिन्न सड़क हादसों में जान गई है।

## पत्नी की आ रही थी याद तो बस चुराकर पहुंचा मिलने, ससुराल की जगह पहुंच गया जेल

**नंदयाल, एजेंसी।** प्यार में सात समुंदर पार करने जैसी कहावतें तो आपने सुनी ही होंगी। लेकिन प्यार में चोर बनने की बात आपने शायद ना सुनी हो। आंध्र प्रदेश से एक ऐसा ही अजीबों-गरीब मामला सामने आया है। यहां के नंदयाल जिले के शख्स को अपनी पत्नी से मिलने जाना महंगा पड़ गया। पत्नी की याद सताई तो शख्स ने ससुराल जाने की सोची। लेकिन उसके पास कोई गाड़ी नहीं थी।

फिर क्या, उसने एक बस चुराई और पत्नी से मिलने के लिए निकल पड़ा। लेकिन ससुराल की जगह वह जेल पहुंच गया। मामला नंदयाल जिले के वेंकटपुरम गांव का है। यह वाकया यहां के एक ट्रक ड्राइवर दुर्गय्या के साथ हुआ है। टाइम्स ऑफ इंडिया ने मुचुमरी के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक कृष्णुडू के हवाले से बताया कि वेंकटपुरम गांव का ट्रक चालक दुर्गय्या हाल ही में कई दिनों बाद ड्यूटी के बाद घर लौटा था। जब वह घर पहुंचा तो उसे पता चला कि उसकी पत्नी अपने पैतृक गांव मुचुमरी चली गई है। उसके पास अपनी पत्नी के गांव जाने के लिए कोई गाड़ी नहीं थी, इसलिए उसने एपीएसआरटीसी की बस चोरी करने की सोची।

## जम्मू-कश्मीर में नहीं हो पा रही सफेद सोने की नीलामी



**जम्मू-कश्मीर , एजेंसी।** बीते साल फरवरी में जम्मू-कश्मीर में लिथियम का बड़ा भंडार मिला था। रियासी जिले में 5.9 मिलियन टन का लिथियम भंडार मिला था। लिथियम को सफेद सोना भी कहा जाता है। इसका इस्तेमाल बैटरी बनाने में किया जाता है और इलेक्ट्रिक वाहनों में बढ़ती मांग के बीच यह सोने से कम नहीं है। हालांकि इसको लेकर जो सपने संजोए गए थे वे अभी साकार होते नजर नहीं आ ररहे हैं। दो बार इसकी नीलामी की कोशिश के बावजूद अब तक कोई ढंग का निवेशक नहीं मिल पाया है। ऐसे में अब अधिकारियों ने फैसला किया है कि फिर से नीलामी की कोशिश करने से पहले इसको और ज्यादा एक्सप्लोर करना होगा।

पहली बार मार्च 2013 में नीलामी की जा रही थी। हालांकि पहले राउंड में केवल तीन बिडर ही क्वालिफाइ कर पाए जो कि न्यूनतम संख्या से भी कमम थे। अगले ही दिन सरकार ने दोबारा नीलामी की कोशिश की। हालांकि लिथियम भंडार के लिए निवेशकों की कमी ही छाई रही। ऐसे में इस प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

**सरकार ने क्या कहाः** इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक देश में पहली बार क्रिटिकल माइनिंग की नीलामी करवाई जा रही थी। आम माइनिंग में निवेश करने वालों की तरह अभी इसमें ज्यादा लोग रुचि नहीं दिखा रहे हैं। ऐसे में जममू-कश्मीर का प्रशासन और मंत्रालय मिलकर इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या इसे और ज्यादा एक्सप्लोर करने की जरूरत है।

केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने राज्यसभा में 22 जुलाई को बताया था कि जम्मू-कश्मीर में लिथियम भंडार के एक्सप्लोरेशन का काम शुरू हो गया है। जैसे ही इसकी नीलामी हो जाएगी पूरी ताकत के साथ लिथियम का खनन शुरू हो जाएगा। बता दें कि 14 मार्च को सरकार ने दूसरी बार नीलामी की घोषणा की थी लेकिन दस्तावेजों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया था। दरअसल नियम के मुताबिक अगर पहले ही राउंड में तीन से ज्यादा बिडर नहीं मिलते तो दूसरी बार इसकी नीलामी की घोषणा की जाती है। जानकारी के मुताबिक पहली बार नीलामी के वक्त ही निवेशकों ने कहा था कि दस्तावेजों में जानकारी बहुत सीमित है। ऐसे में उन्हें ज्यादा जानकारी दी जाए। मंत्रालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लिथियम की नीलामी सरकार का इस तरह का पहला अनुभव था।

## अमित शाह ने की NCORD की 7वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'MANAS' की शुरुआत




**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने हाल ही में नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर यानि NCORD की 7वीं शीर्षस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस मौके पर शाह ने राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन पोर्टल MANAS की शुरुआत की। MANAS के तहत एक टोल-फ्री नंबर 1933, एक वेब पोर्टल, एक मोबाइल ऐप और उमंग ऐप होगा ताकि देश के नागरिक, नशीली दवाओं की तस्करी पर जानकारी साझा करने या नशीली दवाओं के दुरुपयोग, नशामुक्ति और पुनर्वास जैसे मुद्दों से संबंधित सलाह लेने के लिए गुमनाम रूप से चौबीसों घंटे एनसीबी से जुड़ सकें। नशा मुक्त भारत के निर्माण में जुटे अमित शाह ने स्पष्ट किया कि सरकार, एजेंसियाँ और देश की 130 करोड़ जनता मिलकर ही नशे के खिलाफ लड़ाई में जीत हासिल कर सकती है। इस बात पर भी जोर दिया गया कि जब तक देश का 35 वर्ष से कम उम्र का हर नागरिक इस लड़ाई को लड़ने और 35 वर्ष से अधिक आयु वाला हर नागरिक मार्गदर्शन का संकल्प नहीं करता तब तक नशे के खिलाफ लड़ाई को जीतना मुश्किल है। आजादी के बाद दशकों तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस की सरकार ने ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में कोई कदम नहीं उठाया। बल्कि देखा जाए तो कांग्रेस की सरकार में ड्रग्स का अवैध व्यापार लगातार फलता-फूलता रहा और परिणाम यह हुआ कि ड्रग्स का पूरा व्यापार नार्को टेरर के साथ जुड़ गया। आज ड्रग्स की कमाई से आने वाला पैसा देश की सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरा बन गया है। लेकिन, साल 2019 में लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही मोदी जी ने ड्रग्स के व्यापार को जड़ से खत्म करने के लिए इसकी कमान भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह को सौंप दी। इसके साथ ही, एक नए सुबह का आगाज हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में पिछले पाँच साल में गृह मंत्रालय ने Whole of Government Approach के साथ स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स, इंस्टीट्यूशनल और इंफॉर्मेशनल रिफॉर्म्स के तीन स्तंभों के आधार पर इस लड़ाई को लड़ने का अभूतपूर्व प्रयास किया है। यदि आँकड़ों का अध्ययन किया जाए तो स्पष्ट पता चलता है कि जहाँ साल 2004 से साल 2014 तक 5,933 करोड़ रूपए मूल्य की 1,52,000 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गई थी, वहीं साल 2014 से साल 2024 के दस साल में 22,000 करोड़ रूपए से भी अधिक मूल्य की 5,43,000 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गई है। मोदी जी ने 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में सर्वप्रथम बनाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन देश की जनता यह जानती है कि उसकी प्राप्ति युवा पीढ़ी को ड्रग्स के अभिशाप से दूर रखकर ही संभव है।

## शरद पवार ने महाराष्ट्र में पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर जैसे हालात की आशंका जताई

**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र में पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर जैसे हालात की आशंका जताई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि सद्भावना को बढ़ावा देने वाले कई दिग्गजों की विरासत के चलते ऐसा नहीं हो सका। इस दौरान उन्होंने मणिपुर में हिंसा रोकने में अअसफल होने के आरोप लगाए और केंद्र सरकार की जमकर आलोचना भी की। पूर्वोत्तर राज्य में कुकी और मैतेई के बीच जातीय हिंसा की खबरें आती रही हैं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, नवी मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान पवार ने कहा, ऐसा मणिपुर में हुआ। ये पड़ोसी राज्यों में भी हुआ। हाल के समय में चिंताएं हैं कि ऐसा महाराष्ट्र में भी हो सकता है। सौभाग्य से महाराष्ट्र में कई दिग्गजों की विरासत है, जो सद्भावना और समानता को बढ़ावा देते थे। उन्होंने मणिपुर मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, किसी बात में मणिपुर का जिक्र आया था। देश की संसद में इसपर बात हुई। मणिपुर में रहने वाले अलग-अलग जातियों, धर्मों और भाषाओं के लोग दिल्ली में आकर हमसे मिले। उनकी दिखाई हुई तस्वीर हमें क्या बताती है उन्होंने कहा, पीढ़ियों से साथ रह रहे, सद्भावना बनाए रखे मणिपुर आज एक-दूसरे से बातचीत के लिए भी तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को निपटाना सरकार की जिम्मेदारी है। खास बात है कि पवार का बयान ऐसे समय पर आया है, जब राज्य में कोटा को लेकर मराठाओं और ओबीसी में असंतोष बढ़ता जा रहा है। हालांकि, एनसीपी (एसपी) चीफ ने इसे लेकर कुछ भी नहीं कहा।

## माइक बंद करना यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं- संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** नीति आयोग की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का 'अपमान' लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। यह बात शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने रविवार को कही। राउत ने पत्रकारों से कहा कि राज्यों के कई मुद्दे हैं, जिनसे निपटने की जरूरत है। किसी मुख्यमंत्री का माइक्रोफोन बंद करना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है। ममता बनर्जी शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक बीच में छोड़कर बाहर निकल गई थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें भाषण के दौरान बीच में ही रोक दिया गया। हालांकि, सरकार ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ममता को बोलने के लिए दिया गया समय समाप्त हो गया था। बैठक में हिस्सा लेने वाली एकमात्र विपक्षी नेता ममता ने आरोप लगाया कि उनके भाषण के पांच मिनट बाद उनका माइक्रोफोन बंद कर दिया गया, जबकि आंध्र प्रदेश, गोवा, असम और छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों को ज्यादा समय तक बोलने की अनुमति दी गई। नयी दिल्ली में नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक से बाहर निकलने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने कहा कि यह अपमानजनक है। मैं आगे से किसी भी बैठक में हिस्सा नहीं लूंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में ममता बनर्जी को बोलने के लिए पूरा समय दिया गया। संजय राउत ने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि केंद्र द्वारा दिया जाने वाला धन भारत के लोगों का है। इसे विभिन्न करों के रूप में इकट्ठा किया जाता है। महाराष्ट्र को क्या मिला... हमारे मुख्यमंत्री खाली हाथ लौट आए।

## फेल हो रहा इजरायल का आयरन डोम, हिजबुल्लाह ने पकड़ी यह कमजोरी

**येरुशलम, एजेंसी।** इजरायल पर बीते साल अक्टूबर में हमास ने भीषण आतंकी हमला किया था। इस हमले में करीब 1200 इजरायली मारे गए थे और 250 लोगों को अगवा कर लिया गया था। उस अटैक के बाद से ही इजरायल और हमास के बीच जंग जारी है और करीब 40 हजार लोग अब तक मारे जा चुके हैं। यही नहीं इस बीच रविवार सुबह इजरायल पर एक बार फिर से भारी गुजरी। लेबनान में सक्रिय उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने उसके इलाके वाले गोलान हाइट्स पर हमला बोला और एक मिसाइल दागी। यह मिसाइल फुटबॉल ग्राउंड में जारी, जहां 10 से 20 साल की उम्र के 12 बच्चों की मौत हो गई। ऐसे में यह सवाल भी उठने लगे हैं कि जिस आयरन डोम की पूरी दुनिया में मिसाइल दी जाती है, वह डिफेंस सिस्टम हमले रोकने में कैसे नाकाम हो रहा है। 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद यही सवाल उठा था और अब हिजबुल्लाह के अटैक ने फिर चिंताएं बढ़ाई हैं। दरअसल इसी साल की शुरुआत में अमेरिकी सेना के तीन अधिकारियों ने आयरन डोम पर सवाल उठाए थे। इन अधिकारियों ने सीएनएन से बातचीत में कहा था कि आयरन डोम अब कमजोर हो रहा है और उसकी बैटरियां पुरानी पड़ रही हैं। इसकी वजह से राडार सिस्टम कम चल रहा है और कई बार चूक भी हो सकती है। यही नहीं अमेरिकी अधिकारियों का कहना था कि हिजबुल्लाह ने बड़े पैमाने पर ऐसे हथियार जुटा लिए हैं, जो मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भी मात दे सकते हैं। उसने बीते कई सालों में ईरान से ऐसे हथियारों का जखीरा जुटा लिया है। यही वजह थी कि अमेरिका की ओर से इजरायल को यह चेतावनी भी दी जा रही थी कि वह लेबनान के साथ युद्ध में न उतरे।

## चीन का नया दाव- 6 देशों पर ताइवान सम्मेलन में हिस्सा न लेने का बना रहा दबाव

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के राजनयिक कम से कम छह देशों के नेताओं पर ताइवान में प्रस्तावित चीन केंद्रित सम्मेलन में हिस्सा न लेने का दबाव बना रहे हैं। बैठक में भाग लेने की योजना बना रहे नेताओं ने यह जानकारी दी। बोलिविया, कोलंबिया, स्लोवाकिया, उत्तर मैसेडोनिया, बोस्निया एवं हर्जेगोविना और एक अन्य एशियाई देश (जिसने नाम उजागर करने से इनकार कर दिया) के नेताओं ने कहा कि उनके पास (ताइवान में होने वाली) बैठकों के संबंध में संदेश और फोन कॉल आ रहे हैं, जिसमें उनसे पूछा जा रहा है कि क्या वे ताइवान की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं।

इन नेताओं ने चीन की इस हरकत को स्वशासित द्वीप को अलग-थलग करने का प्रयास बताया। ताइवान में चीन केंद्रित सम्मेलन सोमवार से शुरू होगा। इस सम्मेलन का



आयोजन चीन पर अंतर-संसदीय गठबंधन कर रहा है, जो 35 देशों के सैकड़ों सांसदों का एक समूह है। यह समूह इस बात को लेकर चिंतित है कि लोकतांत्रिक देश बीजिंग के प्रति कैसा रुख रखते हैं। 'एसोसिएटेड प्रेस ने सम्मेलन के आयोजकों और तीन नेताओं से बात की तथा चीनी राजनयिकों द्वारा उन्हें भेजे गए संदेश व ईमेल की समीक्षा की, जिसमें यह पूछा गया है कि क्या वे सम्मेलन में भाग लेने की योजना बना रहे हैं।

चीन अक्सर उन नेताओं और देशों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की धमकी देता है, जो ताइवान के प्रति समर्थन दिखाते हैं। वह ताइवान को अपना हिस्सा बताता है। चीन और ताइवान के विदेश मंत्रालयों ने अभी इस पर टिप्पणी नहीं की है। चीन पर अंतर-संसदीय गठबंधन को लंबे समय से चीन सरकार के दबाव का सामना करना पड़ा है। उसका उद्देश्य बीजिंग के संभावित खतरों के जवाब में कूटनीति को समन्वित करना है। बीजिंग ने इसके कुछ सदस्यों पर प्रतिबंध लगाया है। 2021 में चीन के सरकार प्रायोजित हैकरों ने इस समूह को निशाना बनाया था।

# टोक्यो में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री से मिले एस जयशंकर

### सुरक्षा और शिक्षा संबंधों को मजबूत करने पर हुई चर्चा

**टोक्यो , एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को टोक्यो में अपनी ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने सुरक्षा, व्यापार और शिक्षा सहित द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में व्यावहारिक सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की।

दरअसल, विदेश मंत्री जयशंकर और वोंग चार देशों के समूह क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए जापान की राजधानी टोक्यो में हैं। जयशंकर ने ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री वोंग के साथ बैठक को शानदार शुरुआत बताया।

**व्यावहारिक सहयोग को और मजबूत करने पर हुई चर्चा:** उन्होंने एक्स पर कहा, हमनें सुरक्षा, व्यापार और शिक्षा सहित हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में बात की। साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारे व्यावहारिक सहयोग को और मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। जल्द ही क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में इसे जारी रखने की उम्मीद है।

बता दें कि ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका क्वाड के सदस्य हैं। नवंबर 2017 में चारों देशों ने इंडो-पैसिफिक में महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों को किसी भी प्रभाव से मुक्त रखने के लिए एक नई रणनीति बनाने के लिए क्वाड की स्थापना हुई।

**अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मिले जयशंकरः** वहीं, तीन



हफ्ते पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में असहजता लाने के लिए रविवार को जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन मुलाकात की। जयशंकर क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए दो दिवसीय यात्रा पर लाओस से रविवार को जापान पहुंचे थे।

## मौत ने नहीं छोड़ा पीछा ! ऐक्सिडेंट के बाद 8 महीने कोमा में रहा, ठीक हुआ तो फिर हूबहू हादसा

**फ्लोरिडा, एजेंसी।** किस्मत में जो कुछ लिखा है उसे टाला नहीं जा सकता है। कहा जाता है कि ईश्वर ने मौत का समय और तरीका भी पहले से ही निश्चित कर दिया है। कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं जो किसी चमत्कार से कम नहीं लगती हैं। अमेरिका के फ्लोरिडा में रहने वाले 30 साल के ड्रियू कोहेन का ऐक्सिडेंट हो गया था। वह मोटरसाइकल से जा रहे थे तभी एक पिकअप से टक्कर हो गई और इसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। वह इतना घायल हो गए थे कि डॉक्टरों ने भी उम्मीद छोड़ दी। हालांकि कोहेन की मां का कहना था कि वह एक दिन ठीक जरूर होंगे।

**एक दिन हो गया चमत्कारः** कोहेन की मां का कहना है कि उन्हें पूरा यकीन था कि उनका बेटा एक दिन ठीक जरूर होगा। डॉक्टरों ने कह दिया था कि कोहेन ब्रेन डेड हो चुका है और अब उसके जिंदा रहने की संभावना बहुत ही कम हैं। इसके बाद कोहेन को उसकी मां घर ले आई थीं। एक दिन अचानक जैसे चमत्कार हो गया। कोहेन ने आंखें खोल दीं और कहा, मां मैं ठीक हूं। इसके बाद कोहेने की हालत धीरे-धीरे ठीक होने लगी और वह फिर से चलने-फिरने लगे।

**मौत ने किया पीछा!:** कोहेन की जान भले ही बच गई थी लेकिन किसे पता था कि मौत अब भी उनका पीछा कर रही है और ऐक्सिडेंट में ही जान जानी निश्चित है। शुक्रवार को कोहेन सड़क पर टहलने निकले थे कि फिर से एक पिकअप ट्रक की चपेट में आ गए। ड्राइवर ने ही 911 पर फोन किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कोहेन की मौत हो गई। बेटे की मौत से दुखी मां ने कहा, मैं भगवान को इतना ही शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने बेटे के साथ कुछ और समय बिताने का वक्त हमें दे दिया था। वरना पिछले ऐक्सिडेंट में ही उसकी मौत हो जाती। उन्होंने कहा, अब मेरा बेटा स्वर्ग चला गया है और उसे कोई कष्ट नहीं है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129,